किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

समाज जागरण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 12 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 22 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

पाकिस्तान में जारी है भारत के वांटेड आतंकियों की हत्या का सिलसिला, मसूद अजहर का करीबी भी ढेर, दशहत में हाफिज सईद!

नई दिल्ली. पाकिस्तान की सरजमीं पर भारत के मोस्ट वांटेड आतंकियों की हत्याओं का सिलसिला बदस्तूर जारी है. इस कड़ी में अब जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के करीबी दाऊद मलिक का नाम भी जुड़ गया है. दाऊद मलिक की हत्या पाकिस्तान के उत्तरी वजीरीस्तान में कर दी गई है. अज्ञात लोगों ने उसे गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है. बताया जाता है कि दाऊद पुलवामा हमले में शामिल था. इन घटनाओं से मुंबई के 26//11 हमलों का मास्टर माइंड हाफिज सईद भी सदमे में है. बीते दिनों पीओके में सुरक्षा घेरे में एक कार में बैठ-ाकर उसके बेटे को कहीं ले जाते हुए देखा गया था. इन हत्याओं पर ISI के कान भी खड़े हो गए हैं.

एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि जब भारतीय सेना ने पुलावामा हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान के बालाकोट पर एयर स्ट्राइक की थी, तब भारतीय जांच एजेंसियों के पास दाऊद मलिक के वहीं छिपे होने की सूचना थी. हालांकि इन हमलों में वो बच गया था. दाऊद को जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का करीबी माना जाता है. इसके अलावा वो लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी जैसे संगठनों के साथ भी जुड़ा हुआ था. वो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संरक्षण में था. मसूद अजहर सहित हाफिज सईद, जाकिर उर रहमान लखवी और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकियों को भारत सरकार ने आतंकी घोषित किया हुआ है.

पठानकोट हमले का आतंकी भी मारा गया केवल पाकिस्तान ही नहीं दुनिया भर में भारत के मोस्ट वांटेड आतंकियों के मारे जाने का सिलसिला जारी है. कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद दोनों देशों के बीच उपजे विवाद से हर कोई वाकिफ है. पिछले दिनों इस फेहरिस्त में पाकिस्तान के दो आतंकी शाहिद लतीफ और मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज का नाम जुड़ गया था. लतीफ को पठानकोट हमले का मास्टर माइंड बताया जाता है. वहीं, होर्मुज के बारे में कहा जाता है कि वो आ-ईएसआई का एजेंट था.

कंधार कांड के आतंकियों की हो चुकी है हत्या

साल 1999 में भारत के विमान को हाइजैक कर उसे अफगानिस्तान के कंधार ले जाने वाले आतंकी हिजबुल मुजाहिदीन के बशीर मीर उर्फ इम्तियाज आलम और जैश-ए-मोहम्मद के जहूर मिस्त्री की भी कुछ महीने पहले पाकिस्तान में संदिग्ध प-रस्थितियों में हत्या कर दी गई थी. खासबात यह है कि इनमें से किसी भी मामले में पाकिस्तान की जांच एजेंसियां आरोपियों का पता नहीं लगा सकी है.

बागेश्वर सरकार नाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने अमृतसर स्थित दरबार साहिब में नवाया शीश

पठानकोट में 3 दिन सुनाएंगे देवी भागवत का पाठ

सुनील शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा

अमृतसर अक्टूबरः बागेश्वर सरकार के नाम से मशहूर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को पंजाब पहुंचे। पंजाब आकर उन्होने सबसे पहले अमृतसर स्थित दरबार साहिब यानि गोल्डन टेंपल में माथा टेका। इस दौरान धीरेन्द्र शास्त्री ने सिर पर पीले रंग की सिखी पगड़ी भी पहन रखी थी। वहीं उनके साथ दरबार साहिब में भारी संख्या में लोग जुटे हुए नजर आए। पंजाबी सिंगर सिंगर इंद्रजीत निक्कू भी धीरेन्द्र शास्त्री के साथ दरबार साहिब आए हुए थे। इंद्रजीत निक्कू अपने मुसीबत के दिनों में धीरेन्द्र शास्त्री के दरबार में गए थे। जिसके बाद उनके काम बनने लगे और वह तबसे बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री के भक्त हो गए।

धीरेन्द्र शास्त्री का दूसरी बार पंजाब का दौरा

दरबार साहिब पहुंचे पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री मीडिया से भी मुखातिब हुए। इस दौरान धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने गुरु साहब का जयकारा लगाया और कहा कि वह गुरु राम दास जी की पावन नगरी अमृतसर आए हैं और उन्होने यहां आकर गुरु साहब के दरबार में आशीर्वाद लिया है। साथ ही उन्होने कामना की है कि पूरे भारत का मंगल हो, सभी में एकता हो और सनातन धर्म और गुरु ग्रंथ साहिब जी कृपा के साथ सभी के ऊपर हनुमान जी की दया बनी रहे। धीरेन्द्र शास्त्री ने पंजाब में अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि, वह पठानकोट में तीन दिन देवी भागवत का पावन चरित्र सुनायेंगे और इसके बाद वह वापस अपने निज धाम लौट जाएंगे।

रामलीलाओं से संस्कार, संस्कृति, धर्म को सजोया रखा जा सकता है: गोपाल कृष्ण अग्रवाल

पूर्व राज्य मंत्री मदन चौहान एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने किया रामलीला का शुभारंभ

नोएडा। शनिवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा के सातवे दिन की रामलीला का शुभारंभ पूजा पाठ के बाद पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश मदन चौहान एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राजेंद्र जैन, संदीप अग्रवाल, पूनम सिंह, संजय गोयल, विकास बंसल एवं समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल द्वारा दोनों मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों को पटका पहनकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रामलीला देखने आए लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री मदन चौहान ने रामलीला का शुभारंभ करते हुए कहा कि सनातन हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

उसी से हमें संस्कार मिलते हैं। अगर रामलीला जैसे आयोजन नहीं किए जाएं तो हमारी नीति, मूल्य सब का पतन संभव है, मदन चौहान ने कहा कि मयार्दा और संस्कृति के लिए रामलीला जैसे मंचन की आवश्यकता जरूरी है। संस्कृति की धरोहर के साथ-साथ इस प्रकार के मंचनों से अधर्म के खिलाफ एकत्र होने का मौका मिलता है।

उन्होंने कहा कि सबको अधर्म के खिलाफ धर्म का साथ देकर मुकाबला करना चाहिए, उन्होंने कहा जिसने धर्म को छोड़ा है उसे बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल और उनकी टीम को वे बधाई देते हैं। साथी उन्होंने कहा कि इन्हीं संस्कारों के चलते हमारा देश विश्व गुरु कीओर है।

सातवे दिन की रामलीला का वर्णन करते हुए कृष्ण स्वामी ने कहा की सुर्पणखा का दंडक वन में प्रवेश, नारद जी से सुर्पणखा का संवाद, नारद जी का सुर्पणखा को लक्ष्मण जी के पास भेजना, लक्ष्मण जी द्वारा सुर्पणखा के नाक ,कान ,काटना, खर दूषण का वध होना, रावण का मारिच को लेकर सीता का हरण करना। इसके पश्चात जटायु का वध करना, सीता की खोज में प्रभु राम का शबरी के आश्रम में आना, किष्किंधा पर्वत पर हनुमान जी से मिलान होना आदि लीला का मंचन किया गया।

कृष्ण अग्रवाल ने कहा की जगह-जगह रामलीला होने से हजारों साल का हमारा इतिहास, धर्म को जागृति करने का मौका मिलता है।

उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण के भारत 100 साल होने जा रहे हैं । इन 100 सालों में भारत में संस्कार, संस्कृति, धर्म को सजोय रखना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि सेक्टर 46 के रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां ,संस्कार ,संस्कृति धर्म को सहयोग मिलता है ।वहीं इससे हमारे देश की जागृति प्रेरणा देने का कार्य करती है। इस अवसर पर विि-शष्ट अतिथि के रूप में सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष दीपक विग, कर्नल यु बी शर्मा , नोएडा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, कमल कुमार, अंकित मित्तल , आरसी जैन मौजूद रहे।

गाजा अस्पताल विस्फोट के पीछे अमेरिका का हाथ! रूसी सांसद का दावा, 500 से अधिक की हुई थी मौत

मॉस्को. रूस की संसद के एक सदस्य ने कहा कि गाजा सिटी अस्पताल में हुए घातक विस्फोट के पीछे संयुक्त राज्य अमेरिका का हाथ हो सकता है. ड्यूमा (रूसी संसद) सदस्य एंड्री गुरुल्योव ने क्रेमलिन द्वारा संचालित टेलीविजन चैनल रूस-1 पर एक उपस्थिति के दौरान बिना कोई सबूत पेश किए यह आरोप लगाया. अल-अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल में हुए विस्फोट के लिए इजरायल और हमास ने एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ा है.

एंड्री गुरुल्योव ने कहा, "यह बिल्कुल स्पष्ट है कि एक गाइडेड बॉम्ब वहां गिरा. इससे भी अधिक, यहां एक बा-रीक रहस्य है!" उन्होंने अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों का जिक्र करते हुए आगे कहा, "आज एक अमेरिकी विमान वाहक समूह ने इजरायल के तट पर संपर्क किया." इन युद्धपोतों को इजरायल पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात किया गया था.

एंड्री गुरुल्योव ने कहा, "गोली चलाने का आदेश इजरायली क्षेत्र पर एक स्थिर कमांड सेंटर से या विमान वाहक जहाज पर आधारित नियंत्रण केंद्र से आ सकता है, तो शायद यह इजरायल नहीं बल्कि खुद अमेरिकियों ने गाजा के अस्पताल पर हमला किया. लेकिन सच्चाई तो समय ही बताएगा. मुझे लगता है कि किसी भी मामले में हमारे खुफिया विभाग के पास सारी जानकारी है."

एंड्री गुरुल्योव पहले भी विवादित टिप्पणी कर चुके हैं. सितंबर में, रूसी सांसद ने एक टेलीविजन शो पर चर्चा के दौरान कहा था कि व्लादिमीर पुतिन को यूनाइटेड किंगडम पर हमला करना चाहिए क्योंकि उन्होंने उन दावों के बारे में बात की थी कि रूसी राष्ट्रपति ने तोड़फोड़ की साजिश के पीछे ब्रिटिश खुफिया जानकारी होने के बारे में कहा था. व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में, व्लादिमीर पुतिन ने तब कहा था कि यूके ने यूक्रेनी तोड़फोड़ करने वालों को निर्देश दिया था कि सुविधा को कैसे नुकसान पहुंचाया जाए.

गाजा के अस्पताल में हुए भीषण विस्फोट में सैकड़ों लोगों की मौत हुई. इस अस्पताल में पहले से घायल मरीजों की भरमार थी और अन्य फिलिस्तीनी नागरिक भी यहां शरण लिए हुए थे. हमास ने इसे इजरायल का हवाई हमला बताया, जबकि इजरायल की सेना ने आरोप लगाया कि फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागे गए रॉकेट के निशाना चूकने से यह विस्फोट हुआ. हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कम से कम 500 लोग मारे गए हैं.

ज्ञानवापी विवादः 'वजूखाना' का भी होगा सर्वेक्षण?

वाराणसी की एक अदालत ने शनिवार को ज्ञानवापी मस्जिद प-रसर में चल रहे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण में 'वजूखाना' को शामिल करने का अनुरोध करने वाली अर्जी शनिवार को खारिज कर दी.

जिला सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने बताया,'याचिका को खारिज करते हुए जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश ने आदेश में कहा कि भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत विधिवत संरक्षित क्षेत्र का सर्वेक्षण नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन हो सकता है.' यह याचिका वाराणसी के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की याचिकाकताओं में से एक राखी सिंह ने दायर की थी. अदालत ने 19 अक्टूबर को मामले की सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था. गुरुवार को हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल वजूखाना को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण किया जा

बिजनेसमैन को बंधक बनाकर 2.25 करोड़ रुपये की फिरौती वसूली, मास्टरमाइंड महिला समेत 7 अरेस्ट

पुलिस ने देहरादून जा रहे आरोपियों से उनकी एसयूवी जीप से 25 लाख रुपये बरामद किए और मोदीनगर स्थित घर से दो करोड़ रुपये बरामद किये

गाजियाबादः यूपी गाजियाबाद जिले की नंदग्राम पुलिस ने एक कारोबारी को बंधक बनाकर 2.25 करोड़ रुपये की उगाही करने के आरोप में एक महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है. बाद में उन्होंने छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी.

पुलिस उपायुक्त (नगर) निपुण अग्रवाल ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि 15 अक्टूबर को पुलिस को दिल्ली के जनकपुरी निवासी शशांक शर्मा से 2.75 करोड़ रुपये की रंगदारी वसूलने की सूचना मिली थी. उन्होंने बताया कि पुलिस ने देहरादून जा रहे आरोपियों से उनकी एसयूवी जीप से 25 लाख रुपये बरामद किए. आरोपियों की पहचान शिल्पा त्यागी, हर्षित, कार्तिक, प्रदीप, पीताम्बर, निशांत त्यागी (सभी दिल्ली निवासी) और मोदीनगर के निमिश के रूप में हुई. फिरौती के बारे में पूछताछ के बाद पुलिस ने निमिष के मोदीनगर स्थित घर से दो करोड़ रुपये बरामद किये.

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि फिरौती वसूलने की मास्टरमाइंड इशांत त्यागी की पत्नी शिल्पा त्यागी ने पुलिस को बताया कि कारोबारी शशांक शर्मा और उनकी वित्तीय स्थिति के बारे में उसके पति को जानकारी थी. अग्रवाल ने बताया कि 14 अक्टूबर को इशांत ने कारोबार के बहाने शर्मा को बुलाया और एक फ्लैट में बंधक बना लिया और जान से मारने की धमकी दी. बाद में उन्होंने छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी

अग्रवाल ने बताया, "वह शर्मा के दोस्तों से 2.75 करोड़ रुपये वसूलने में कामयाब रहा और उसे मुक्त कर दिया. शेष राशि 25 लाख रुपये प्रति माह की किस्तों के रूप में दी जानी थी." पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मुख्य अपराधी ईशांत को कुछ दिन पहले उत्तराखंड में गिरफ्तार किया गया था और वह फिलहाल देहरादून जेल में बंद है. डीसीपी ने कहा, ह्लजब हमने उन्हें गिरफ्तार किया तो आरोपी फिरौती की रकम बांटने के लिए देहरादून जा रहे थे.

नमो भारत के यात्रियों की रिकॉर्ड तोड़ संख्या, पहले ही दिन 10 हजार का आकड़ा पार

आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किलोमीटर लंबे खंड पर वाणिज्यिक परिचालन की बहुप्रतीक्षित शुरूआत यात्रियों के उत्साह के बीच हुई

साहिबाबाद : भारत के पहले 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम ' गलियारे के प्राथमिकता वाले खंड पर यात्री सेवाएं शनिवार को शुरू हो गईं और अभी अपडेट जानकारी के मुताबिक, पहले दिन यात्रियों की संख्या 10,000 का आंकड़ा पार हो गया है. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ

आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किलोमीटर लंबे खंड पर वाणिज्यिक परिचालन की बहुप्रतीक्षित शुरूआत यात्रियों के उत्साह के बीच हुई. आरआरटीएस कनेक्ट ऐप को 2,000 से अधिक बार डाउनलोड किया गया.

कुछ यात्री तड़के 4.30 बजे ही स्टेशन पर आ गए थे, सुबह 6 बजे रवाना हुई

एनसीआरटीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उद्घाटन के बाद आम लोगों के लिए पहली 'नमो भारत' ट्रेन सुबह 6 बजे रवाना हुई और इसे यात्रियों की ओर से "जबरदस्त प्रतिक्रिया" मिली. उन्होंने बताया कि कुछ यात्री तड़के 4.30 बजे ही स्टेशन पर आ गए थे.

राजनीति की रेल ,हालाँकि डबल इंजन फेल

दैनिक समाज जागरण

भारत की जनता को बधाई कि उसे बुलेट ट्रेन के बदले में जो तेज रफ्तार रेल मिली है ,उसमें बैठने से पहले हर रेल यात्री को कम से कम एक-दो बार तो ' नमो' नमो' कहना ही पडेगा। टिकिट खरीदते समय ,टिकिट रद्द करते समय। घर वालों को भी बताते समय नमो-नमो करना जरूरी भी है और मजबूरी भी। जीते जी अमरत्व पाने की ये बीमारी कांग्रेस के नेताओं से होती हुई अब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तक आ पहुंची है । रेल मंत्री और रेल मंत्रालय ने नई तेज गति की रेल का नामकरण करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी की वंदना करने का अद्भुद प्रयास किया है।

रोजाना करीब ढाई करोड़ यात्रियों को आवागमन की सुविधा देने वाली भारतीय रेल भले ही दुनिया की छोटी बड़ी रेल सेवा है लेकिन आज भी रफ्तार और जन सु-वआधाओं के मामले में दूसरे देशों से बहुत पीछे है। भारतीय रेल नेताओं की वंदना में जरूर दुनिया में नंबर एक पर है और नयी रेल का नाम ' नमो ' रखने के बाद तो भारतीय रेल चमचत्व में विश्व गुरु बन गयी है। भारतीय रेल ने एक ऐसे व्यक्ति के नाम पर रेल चलाई है जिसका योगदान भाजपा के ही लालजी भाई और अटल बिहारी से भी ज्यादा आंक लिया गया है। 'नमो ; का पूरा अर्थ है ' नरेंद्र मोदी '। भारतीय राजनीति का ये पहला ऐसा नाम है जो एक साधारण प-रवार से राजनीति में आकर हर मामले में असाधारण हो जाना चाहता है। असाधारण होने की महत्वाकांक्षा बुरी बात नहीं है लेकिन जब इस महत्वाकांक्षा के पीछे वैसी ही कामना हो जैसी कांग्रेस में थी तो सवाल खड़े किये जा सकते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने खुद को अजर-अमर बनाने के लिए रेल का नाम 'नमो ' रखने पर कोई आपत्ति नहीं की । कभी नहीं कहा कि- उनकी अपनी पार्टी में उनसे पहले भी एक से बढ़कर एक बड़े नेता हुए हैं जिनके नाम पर इस नई रेल का नाम रखा जा सकता है। नामी होने की बात आयी तो वे सभी को भूल गए । यहां तक की एकात्म मानवतावाद के जनक दीन दयाल उपाध्याय को और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी। अटल-आडवाणी को भुलाना तो उनकी विवशता थी ही।

नयी रेल के नामकरण को लेकर राजनीतिक आपत्तियां आएँगी ये सबको पता था इसीलिए गोदी मीडिया के जरिये देश को ये बताया जा रहा है की ' नमो ' का अर्थ नरेंद्र मोदी नहीं बल्कि कुछ और है। सफाई दी जा रही है कि ' नमो ' शब्द सनातन धर्म से लिया गया है । हिंदू धर्म में नमो का मतलब भगवान से होता है। जब भगवान को नमस्कार किया जाता है तब हम नमो शब्द का उपयोग करते हैं। इसका उपयोग वास्तव में सनातन धर्म के मंत्रों से संबंधित है। मेरे ख्याल से हमें अब ' नमो' नाम पर आपत्ति करने के बजाय नमो का धन्यवाद करना चाहिए कि उन्होंने देश को बुलेट ट्रेन के एवज में कम से कम नमो ट्रेन तो दी। वे यदि अपने दूसरे वादों की तरह यदि इस ट्रेन को न भी देते तो आप नमो का क्या बिगाड़ लेते ?

कुछ वर्ष पहले जब मै चीन की यात्रा पर गया था तब मैंने वहां भारत की नयी नमो रेल से भी क-

हीं बढ़िया बुलेट ट्रेन देखीं थीं । एक ट्रेन तो 'मेग्लेव ट्रेन' थी जो 450 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलती है लेकिन उसका नाम ' शी जिन पिंग ' रेल नहीं था। उसका नाम चीन के गांधी माओ के नाम पर भी नहीं था। लगता है कि चीनी सरकार और जनता नाम का महत्व समझती ही नहीं है। हम रफ्तार के मामले में चीन और जापान का अनुशरण करते हैं ,अब लगता है कि ये दोनों देश नामकरण के मामले में भारत की नकल करेंगे। भारत में रेलें व्यक्तियों,नदियों और नमो के नाम पर भी चलाई जाती हैं।

कहते हैं कि भारत में पहली ट्रेन 1837 में मद्रास में लाल पहाड़ियों से चिंताद्रीपेट पुल लिटिल माउंट तक चली थी. इसे आर्थर कॉटन द्वारा सड़क-निर्माण के लिए ग्रेनाइट परिवहन के लिए बनाया गया थो इसमें विलियम एवरी द्वारा निर्मित रोटरी स्टीम लोकोमोटिव प्रयोग किया गया था 25 किमी तक चलाई गयी इस रेल का नाम भी किसी अंग्रेज के नाम पर नहीं रखा गया था ,लेकिन 186 साल बाद हमने ये गलती सुधर ली और मात्र 17 किमी का सफर तय करने वाली रेल को नमो नाम दे दिया। इस रस्ते में 5 स्टेशन पड़ेंगे। ये नमो रेल बहुत कस-बल लगा ले तो भी 180 किमी प्रति घंटा से ज्यादा नहीं दौड़ सकती। हालाँकि में ये रेल भी 130 किमी प्रति घण्टे के हिसाब से ही दौड़ सकती है। लेकिन दौड़ेगी नही। दौड़ेगी तो 100 किमी प्रति घंटे के हिसाब से ही। लेकिन आप इसे झुनझुना नहीं कह सकते।

नयी रेल हर मामले में बेहतर है ,लेकिन इसमें आम जनता के लिए कोई कोच नहीं है । इस नई रेल में स्टेंडर्ड और प्रीमियम कोच हैं। इस रेल में चढ़ने के लिए कम से कम 40 रुपए चाहिए । भविष्य में ये रेल दिल्ली से मेरठ तक चलेगी और 55 मिनिट में ये सफर पूरा करेगी जो आज ढाई घंटे लगता है। भारत के रेल मंत्री कहने को अश्विनी वैष्णव है लेकिन सबसे जायदा हरी झंडियां प्रधानमंत्री जी ने दिखाई हैं। मोदी जी प्रधानमंत्री के साथ ही रेल मंत्री की भूमिका में दिखाई देते हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय रेल ने बहुत प्रगति की है। भारतीय रेल ने देश के वरिष्ठ नागरिकों से तमाम रियायतन छीन ली है। आम जनता से उनकी रेलें छीन ली हैं। बदले में उन्हें नमो रेल उपलब्ध कराई है। ताकि देश जब विश्व गुरु बने तब उसके पास भी चमचमाती हुई रेलें और रेल स्टेशन हों।

हमारे देश में भले ही रेलवे एक बहुत बड़ा विभाग है लेकिन इस विभाग का अब स्वतंत्र बजट नहीं बनाया जाता । पहले बनाया जाता था । देश की जनता आम बजट की तरह रेल बजट का भी इन्तजार करती थी । रेल बजट देश के विकास की एक झलक पेश करता था।अखबार और बाद में टीवी चैनलों के लिए भी रेल बजट और रेल मंत्री रूचि का विषय हुआ करते थे किन्तु मोदी सरकार ने ये सब बंद कर दिया। अब न देश को रेल बजट का पता चलता है और न रेल मंत्री के नाम का। रेल भी भक्तों की तरह नमो-नमो जपती नजर आने लगी है। कोशिश ये है कि रेलों के जरिये भी देश नमो-नमो करे । सेना के जरिये ये काम करने की योजना बन ही चुकी है । सेना सीमाओं पर रहे या मैदान में अब विकास के गीत जाएगी।

हमारी सरकार विकास से ज्यादा ध्यान नामों पर देती है। उसे पता है कि नाम के बिना कुछ बनता ही नहीं है । नाम है तो नामा भी होगा और नाम नहीं है तो कोई राम-राम भी नहीं करने वाला। नमो रेलें दिल्ली के अलावा हरियाणा और राजस्थान में भी चलाई जा सकतीं ह। कायदे से प्रधानमंत्री जी अभी राजस्थान का नाम नहीं ले सकते थे क्योंकि वहां विधानसभा चुनाव हैं और आदर्श आचार संहिता लगी है लेकिन प्रधानमंत्री जी पर ये तमाम संहिताएं कहाँ लागू होती हैं ? वे सबसे ऊपर हैं ,और जो सबसे ऊपर होता है उसके ऊपर कुछ भी लागू नहीं होता। गनीमत है कि उन्होंने नमो रेल चलने वाले राज्यों में मध्यप्रदेश और छग तथा तेलंगाना का नाम नहीं लिया। मिजोरम को तो रेल चाहिए ही नहीं। वैसे भी देश में डबल इंजन की रेलें फेल हो गई है रेलें नमो-नमो जपें या कुछ और हमें और आपको इसे मतलब नहीं होना चाहिए। हमें तो ध्यान रखना चा-हिए कि हम उस भारत में हैं जिसमें नमो-नमो करना धीरे-धीरे अनिवार्य होता जा रहा है। नमो रेल के लिए देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई और नमो जी का हार्दिक आभार।

@ राकेश अचल

बैठकी "मजहब है सिखाता,आपस में बैर करना"

दैनिक समाज जागरण

ए सरजी, हमलोग बचपन से हीं सुनते आयें हैं कि "मजहब नहीं सिखाता,आपस में बैर करना"। ये पंक्तियां शायर, मोहम्मद इकबाल द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत "सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा" से है।लेकिन मुझे जो अनुभव है उसके अनुसार,सारे मजहबों के संदर्भ में यह सही वक्तव्य नहीं है। सनातन को परे रखकर देखा जाय तो मजहब हीं मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बना बैठा है।--मास्टर साहब बैठते हीं सुगफा छेड़ दिये।

लिजिये,ये भी कहने की बात है !।पिछले 7 अक्टूबर को इजरायल में,मजहबी हिंसा

जिस गृहस्वामी के दरवाजे पर कुत्ता भुखा रह जाय वो पाप का भागीदार बन जाता है।हर जीवों पर दया और अतिथि देवो भव,जैसे धार्मिक परम्परायें हैं लेकिन, आज यही सिद्धांत,हिंदूओं को अखंड भारत से सिमटा कर भारत तक लाया और अब भारत में हीं नव राज्यों से.....।डा.पिंटू चुप हो गये।

इस बीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर.....

का अति दारुण दृश्य,पुरे विश्व ने देखा। ये एक उदाहरण है कि मजहबी उन्माद, किस तरह मानव को नरपिचाश बना देता है!! मैं तो ये सोंच कर विह्वल हो उठता हूँ कि हमारे पुरखों ने सैकड़ों बरसों तक मुगलों के वहशीपन को कैसे झेला होगा!!--पारसनेता दुखी दिखे।

मजहबी घृणा के चलते हीं न, हिटलर ने 60 लाख यहूदियों को गैस चैम्बर में घूस-ड़कर मार डाला था!! मजहब के नाम पर हीं,मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा सैकड़ों बरसों से लाखों लाख हिंदूओं का कत्लेआम किया जाता रहा है। आजादी के वक्त राष्ट्र विभाजन के समय भी तो लगभग 30 लाख हिंदूओं की हत्या की गई। विभाजन के बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह गये हिंदूओं का मिटता वजूद,चीख-चीख कर कहता है-"मजहब है सिखाता,आपस में बैर रखना"।--उमाकाका हाथ चमकाये।

मास्टर साहब, सिर्फ प्राचीनतम सनातन धर्म को छोड़कर विश्व का कोई दुसरा धर्म नहीं जो मानवतावादी हो और प्रकृति से तारतम्य रखता हो। एक मात्र हिंदू धर्म हीं है जिसमें "बसुदैव कुटुंबकम" और "सर्वे भवन्तु सुखिनः" के सिद्धांत की प्रधानता है। हिंदू में बड़े बुजुर्ग, छोटे बच्चों को सीख देते रहें हैं कि "बचाके पैर रखना,कहीं चिंटी न दब जाये"। हमारें यहां प्रचलित है कि

ना, इ त साफ बुझाता कि जब मजहबे हिंसा आ राक्षसी व्यवहार सिखावता तब त, बड़ा गड़बड़ बा। कबो एक दुसरा से साटे ना बइठी!!--मुखियाजी,विचार मुद्रा में।

मुखियाजी, आजादी और धर्म के आधार पर बंटवारे के बाद भी हमारे देश के नेतृत्वकताओं की यह सोंच रही थी कि भारत में सभी संप्रदाय के लोग भाईचारा बनाकर राष्ट्रीय भावना के साथ रहेंगे लेकिन वे लोग यथार्थ से कोसों दूर थे या फिर हिंदूओं के विरुद्ध,गहरा षड्यंत्र था!!नहीं कह सकता!--मास्टर साहब पैर फैलाये।

सरजी, मुख्य रुप से विश्व में हिंदू,इस्लाम, ईसाईयत,बौद्ध, यहूदी, धर्म हैं। सिख तो सनातन धर्म का हीं एक ब्रांच है। अब अगर समेकित अध्ययन किया जाय तो हिंदूओं के साथ रहने में बौद्ध, ईसाई, यहूदी,सिख,पारसी,जैनी,कन्फ्यूशियस, किसी को भी किसी से कोई समस्या नहीं होती लेकिन वहीं मुस्लिमों के साथ रहने में अन्य सभी को समस्या होने लगती है। यह विचारणीय तथ्य है।--डा. पिंटू ने सच्चाई रखी।

इस सत्य से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि जहां-जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं वहां वे न स्वयं सुखी हैं और न दुसरे को रहने देते हैं। जैसे--फिलिस्तीन, लीबिया,ईरान, ईराक, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, सीरिया,लेबनान, सूडान आदि देशों की स्थिति का अध्ययन कर लें। लेकिन मुस्लिम वहां जरुर सुखी हैं जहां अल्पसंख्यक हैं जैसे--भारत, आस्ट्रेलिया,जर्मनी,फ्रांस, अमेरिका,इंग्लैंड, स्वीडन, नेपाल आदि,आदि।--उमाकाका ने डाटा हीं रख दिया।

ए सरजी, हमनी के देश में त सब धर्म के समान महत्व दिहल बा, आ सुनले बानी कि भारत के मुसलमान, सब देश से सुखी बाड़े त, एहिजा काहें मजहबी बैर होखेला!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी, मजहबी विचारधारा, परस्पर विवाद के मूल में है। अब जब भारत में सभी धर्मों के लोग साथ साथ रहते आयें हैं तो एक दुसरे के साथ सामंजस्य और सदभाव बनाये रखने का उत्तरदायित्व सिर्फ कानून, पुलिस, कोर्ट का हीं नहीं होता।उपर से मामला जब धर्म और धार्मिक भावना से जुड़ा होता है तो परस्पर सहभागिता बनाये रखने का उत्तरदायित्व संबंधित "धर्म गुरुओं"और राजनीतिज्ञों का सर्वाधिक होता है। धर्म से जुड़े नेतृत्वकताओं को अपने धार्मिक प्रावधानों में उन व्यवस्थाओं को नजरअंदाज करने के लिये उत्प्रेरित करना चाहिए जो विषाक्त परिवेश बनाने

के लिये उत्तरदायी हैं। जब तक कट्टरता,मानवता पर हावी रहेगी,तबतक शांति सद्भाव का प्रश्न हीं नहीं पैदा होता। जहां तक अपने देश का सवाल है जब हम जानते हैं कि हम सभी धर्मावलम्बियों को इसी देश में साथ-साथ रहना है तो क्यों नहीं कट्टरवाद और घृणा का त्याग करके ,परस्पर सहयोगात्मक दृष्टिकोण से प्रगति

के उंच्चे सोपानों को प्राप्त करने की ओर ध्यान देवें।--मैं चुप हुआ।

सरजी, आपके विचार तो उत्तम हैं लेकिन ये व्यवहारिक नहीं। भारत तभी तक सेक्युलर देश है जबतक यहां हिंदू बहुसंख्यक है। यहां वोट की राजनीति चलती है,तुष्टीकरण की राजनीति होती है। कट्टरवाद,मजहबी घृणा हीं तो राजनीतिज्ञों और मुल्ला,मौलवियों के स्वार्थपूर्ति का आधार है !फिर क्यों समरसता बनाने का प्रयास करके अतने पैरों पर कुल्हाड़ी मारेंगे!!--मास्टर साहब ने बुरा सा मुंह बनाया।

ए सरजी, अब बुझा गइल कि "मजहब है सिखाता,आपस में बैर करना"।अच्छा अब चलल जाय। कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी धी.....!!!!

प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

अब यही समय है पुलिस व्यवस्था के परिवर्तन का

दैनिक समाज जागरण

पुलिस (POLICE) शब्द की उत्पत्ति स्पेनिश भाषा से हुई पुलिस के प्रत्येक अक्षर का अर्थ पी पोलाईट नैस ओ- आब्जेक्टिव नैस एल लीगल एडवाइजर आई इन्टेलिजेन्स सी करेज, ई इनरजेटिक हैं। अर्थात पुलिस नम्रताधारी, क्रियाशीलता का प्रतीक भी लगाते हैं पु. पुरुषार्थ, लि लिप्सा रहित, स सहयोग। वास्तव में पुलिस को अपने नाम के अनुरूप होना चाहिए। ये सच है कि लोग आज भी किसी मामले में खुद होकर पुलिस का सहयोग लेने से कतराते हैं और पास नहीं जाते। उन्होनें आगे कहा कि हमारी पुलिस व्यवस्था ब्रिटेन की देन है। आज भी हमारी पुलिस ब्रिटेन द्वारा गुलामी के वक्त की गई व्यवस्थाओं के बीच चल रही है। ब्रिटेन की पुलिस ने समय के साथ कई परिवर्तन कर लिए, पर हमारे देश में पलिस व्यवस्था जैसी की तैसी ही है। उन्होने कहाकि अब पुलिस अधिकारियों को डंडे पर नहीं डी एन. ए. पर विश्वास करना चाहिए। डण्डे के शार्ट कट का जमाना गया, अब डंडे नही वैज्ञानिक तरीके इस्तेमाल किये जाने चाहिए।

पुलिस के ऊपर राज्य की भौगोलिक सीमाओं के अंदर शांति व्यवस्था की स्थापना व सर्वसाधारण और उनके संपत्ति की सुरक्षा के लिए अधिनियम में निहित का विधिवत परिपालन करने का उत्तरदायित्व होता है। सबसे ऊपर और सबसे बड़ा उत्त-रदायित्व होता है अपराध पर नियंत्रण रखना। वहीं यातायात नियंत्रण, राजनैतिक सूचनाओं का एकीकरण और राजनैतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा का दायित्व भी होता है पुलिस पर। प्रसिद्ध विचारक श्री धर्म धर्माधिकारी के शब्दों में -"जहां ज्यादा पुलिस की जरूरत हो वह सफल नहीं वरन असफल मानी जायेगी. पुलिस की सफलता उसकी जरूरत न पड़ने मे है।"

आचार्य विनोबा भावे ने पुलिस का कार्य एक योगी का कार्य बताते हुए कहा था - "पुलिस का काम कठिन है, पुलिसवालों को अपना दिल नरम रखना हैं। और हाथ से सख्त काम करना है। महात्म गांधी ने भी पुलिस की कल्पना इस प्रकार की है। पुलिस सहायता करेगी, तब पुलिस जनता के परस्पर सहयोग से क्रमशः प्रेरणा से होते उपद्रवों का ढंग से मुकाबला करेगी।"

भारतीय परिवेश में सबसे पहले पुलिस जैसे विभाग की परिकल्पना ब्रिटिश सत्ता ने किया था। सन् 1765 में जब अंग्रेजों ने बंगाल की दीवानी सत हथिया ली। तब शांति व्यवस्था का उत्तरदायित्व अंग्रेजी शासन पर आया। सन् 1781 ई. में वारेन हेस्टिंग्स ने पुलिस प्रशासन की रुपरेखा बनाकर प्रयोग प्रारंभ किया। फिर लार्ड कार्नवालिस ने एक वेतन भोगी स्थाई पुलिस दल की स्थापना की जरुरत महसूस की। कार्नवालिस ने प्रत्येक जिले के मजिस्ट्रेटों को आदेश दिया कि हर जिले को पुलिस क्षेत्रों में बांटकर उसे दरोगा नामक अधिका-री के अधिकारी में सौंप दिया जाय। तत्पश्चात ग्रामीण चौकीदारों को भी दरोगा के अधिकार में दे दिया गया। 1861 में एक पुलिस अधिनियम द्वारा समस्त देश में पुलिस व्यवस्था लागू कर दी गई। और उसी अधिनियम के अंतर्गत आज भी देश में पुलिस प्रशासन चल रहा है। इस पुलिस व्यवस्था को जहां आंतरिक अपराधों के संबंध में उपयोग किया गया, वहीं उसने ब्रिटिश शासन को टिकाये रखने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दमन में भी पर्याय महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

वास्तव में आंतरिक शांति व्यवस्था के नाम पर आन्दोलनों को दबाने, जनता के जीवन को तोड़ने उसमें संत्रास पैदा करने उस पर अत्याचार करने और भारत को गुलाम बनाये रखने के लिए ही पुलिस का विकास हुआ था। यह हमारा दुर्भाग्य है कि ब्रिटिश शासन के समाप्त हो जाने के बाद भी भारत की पुलिस का ढ़ांचा वही बना हुआ है। तथा उसका व्यवहार भी पूर्ववत वैसे ही दमनकारी बना हुआ है। अब निश्चय ही यह समय है कि पुलिस व्यवस्था में सुधार हेतु आमूल परिवर्तन के लिए पहल किया जाए।

- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

ईर्ष्या - जलन

लोगों इतना कलुष कहाँ से आता,
दिन रात ईर्ष्या से क्यों जलना,
अपने कर्मों से सुख मिलता है,
अपने कर्मों से दुःख मिलता है ।

औरों को खुश देख के जलना,
औरों का वैभव देख के घुटना,
जीवन में खुशी कभी न देता है,
तनमन तनाव ग्रस्त कर देता है।

औरों से ईर्ष्या में जलना, घुटना
आत्महीनता का परिचायक है,
स्पर्धावश औरों की निंदा करना,
खुद हीन भावना का द्योतक है ।

ऐसे स्वभाव के मानव हर पल,
दुर्भावना, कुभाव ग्रसित होते हैं,
दुर्भावना स्वभाव जनित हो जाती
जीवन शान्ति कुंठित हो छिन जाती।

सुख चैन छिने, दुराग्रह बढ़ जाता है,
अपना खास भी पराया बन जाता है,
इसीलिए निंदा करने से तो अच्छा,
औरों को उत्साहित करना होता है।

इम्तिहान की जगह किसी का सत्य
समझना प्रेम और सद्भाव बढ़ाता है,
इसकी शुरूआत हमें ही तो है करना,
हाथ पै हाथ धरे इंतजार नहीं करना।

निंदा कर अफवाहें फैलाना कुछ पल
का झूठा मूठा संतोष भले ही देता है,
झूठ मूठ का वो सुख, संतोष नहीं पर
अपना आत्म संतोष भी हर लेता है।

निज प्रकृति नकारात्मक हो जाती है,
जल जल कर, अपना खून जलाती,
आदित्य रोग असाध्य यह ऐसा होता
कोई औषधि उपचार नहीं कर पाती।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ

आप हमें चाहे या ना चाहे।

आप को क्या गलतफहमी है
कि आपके पसंद न करने से
मैं आदमी,आदमी न रहकर
छोटा जीव जंतु या चौपाया
हो जाऊंगा ।

आपकी पसंदगी से
मैं आदमी से भगवान
हो जाऊंगा
या मेरी काया महामानव
में रूपांतरित हो जाएगी।

ईश्वर ने मनुष्य बना कर भेजा है
मानव बन कर संसार में
आए हो तो
अपनी बुद्धि और आत्मा को
शुद्ध और ताजी हवा और
विचारों के झोंकों से
थोड़ा शुद्ध कर लो।

किसी की पसंदगी या
नापसंदगी से माननीय
स्वरूप बदला नहीं करता,

हां नापसंदगी विरोध और
घृणा से मस्तिष्क में
मनोरोग की व्याधि जरूर
पैदा हो सकती है।
व्यक्तित्व स्खलित
भी हो सकता है,

यदि आप ऐसा सोचते हैं
कि आपकी नापसंदगी
से ईश्वर का दिया हुआ
मेरा स्वरूप क्षणभंगुर हो
वाष्पित हो जाएगा।

तो मेरे दोस्त थोड़ा मुस्कुराओ
और कर्म किए जाओ,
फल और परिणाम की
लालसा मिथ्या और
नश्वर ही है ।

कर्म ही समय का वंदन है
और सच्चे मन से किया गया
कार्य ईश्वर की आराधना है।
फिर खुले विचारों से
उठाओ जिंदगी के
हर पल का आनंद।

ईश्वर का हर पल
करो वंदन अभिनंदन।

संजीव ठाकुर ,रायपुर
छत्तीसगढ़

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा का बदलता परिवेश विषयक शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला की चतुर्थ प्रस्तुति का आयोजन किया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । दुर्गा शिक्षा निकेतन महाविद्यालय, देवरी रुखारा, लखनऊ के तत्त्वावधान में नक्षत्र फाउण्डेशन द्वारा नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा का बदलता परिवेश विषयक शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला की चतुर्थ प्रस्तुति का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यानमाला में वक्ता के रूप में डॉ खुशबू रावत (असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ) प्रो0 पवन अग्रवाल (प्रोफेसर, हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय,

लखनऊ), महेन्द्र भीष्म (सुप्रसिद्ध कथाकार एवम रजिस्ट्रार माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ) उपस्थित रहे।

महेंद्र भीष्म ने अपने व्याख्यान में कहा कि आज बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखना बहुत जरूरी है। प्रो0 पवन अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में नई शिक्षा नीति के बिंदुओं पर प्रकाश डाला और नीति के लाभ गिनाए। डॉ0 खुशबू रावत ने अपने व्याख्यान में कहा कि विद्यार्थियों को शोधपरक पढ़ाई करनी चाहिए। उक्त व्याख्यानमाला में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उक्त विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक कृष्णा मुरारी, प्राचार्या डॉ0 सविता द्विवेदी, महाविद्यालय के समन्वयक एस0सी0 पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ रेखा यादव, डॉ ऋचा आर्या, श्रीमती रेखा झा, मुनीष मल्होत्रा एवम सोनम सिंह द्वारा किया गया।

नवयुग में आयोजित हुई वाल्मीकि जयंती निमित्तक प्रतियोगिताएं

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेन्द्र नगर के महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. इकाई के निदेर्शानुसार तथा जी 20 के परिप्रेक्ष्य में एवं संस्कृत विभाग के तत्वावधान में संस्कृत विभाग की सह आचार्य डॉ वन्दना द्विवेदी के संयोजकत्व मेंआदि महाकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती निमित्तक श्लोक लेखन, पोस्टर, निबंध आदि विभिन्न प्रतियोगितायें पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष में आयोजित की गयी । संस्कृत विभाग की सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक इसमें बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया । महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय द्वारा छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया । संस्कृत श्लोक लेखन (स्लोगन) प्रतियोगिता मूल रामायण के श्लोकों पर आधारित थी । सारगर्भित एवं भावगाम्भीर्यपरक श्लोकों को चार्ट पर लिखकर उसमें रंगों से छात्राओं के द्वारा सजाया गया थो इसी क्रम में दूसरी प्रतियोगिता मूल रामायण के श्लोकोंके साथ चित्रों पर आधारित थी इस प्रतियोगिता में श्लोकों को लिखकर उससे संबंधित चित्र भी बड़े सुंदर ढंग से बनाया गया था । इन दोनों प्रतियोगिताओं के निर्णायक सदस्या के रूप में हिन्दी विभाग की प्रोफेसर अमिता रानी सिंह तथा विभागाध्यक्षा एवं सह आचार्य समाजशास्त्र डॉ विनीता सिंह द्वारा दोनों प्रतियोगिताओं का निर्णय प्रदान किया गया । इस अवसर पर संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर रीता तिवारी उपस्थित रहीं । श्लोक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंगिता बी.ए तृतीय सत्र को, स्नातक पंचम सत्र की प्रतिभा द्विवेदी को द्वितीय स्थान तथा तृतीय सत्र की प्रियंका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । परी विमल स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा को सांत्वना पुरस्कार मिला । इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता में स्नातक प्रथम वर्ष की हर्षिता को प्रथम स्थान, स्नातक तृतीय वर्ष की आंशी वर्मा को द्वितीय स्थान तथा स्नातक प्रथम सत्र की शीतल मिश्रा को तृतीय स्थान तथा तृतीय सत्र की ही सुहानी झा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ । निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक सदस्य शिवप्रसाद संस्कृत महाविद्यालय गांधी नगर छितवा लखनऊ के प्राचार्य एवं सदस्य, उत्तर प्रदेश संस्कृत माध्यमिक शिक्षा परिषद् के डॉ विनोद मिश्र रहे । निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तृतीय सत्र की इंगिता को, द्वितीय स्थान पर पंचम सत्र की प्रतिभा द्विवेदी, तथा तृतीय सत्र कीआशना चौरसिया को, तृतीय स्थान प्रथम सत्र की हर्षिता को प्राप्त हुआ सान्त्वना पुरस्कार प्रथम सत्र की कीर्ति कश्यप को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ सीमा पांडे, कुमारी दीक्षा, वैष्णवी कश्यप, काजल वर्मा, आशना चौरसिया, स्नेहा, मुस्कान, हर्षिता, आरती गुप्ता, श्रुति, शोधच्छात्र विशाल पाठक आदि उपस्थित रहे ।

काशी की देव दीपावली को रौशन करेंगे गोरखपुर के "हवन दीप"

देव दीपावली में होगी सीएम सिटी की रौशनी व खुशबू की भी भागीदारी

देशी गाय के गोबर से गोरखपुर में बन रहे हवन दीप

लखनऊ। देवाधिदेव महादेव के त्रिशूल पर पतित पावनी गंगा के किनारे बसी काशी। इसका शुमार दुनिया के प्राचीनतम नगरों में होता है। कहा गया है, काशी तीनों लोकों से न्यारी है। काशी ही नहीं यहां की हर चीज बाकी जगहों से न्यारी है। लोग, अड़ी, होली और दीपावली भी। यूं तो काशी वर्ष पर्यंत उल्लसित रहती है पर यहां के कुछ आयोजन बेहद विशिष्ट माने जाते हैं। इन्हीं में से एक है "देव दीपावली" जिसका आयोजन दीपावली के बाद होता है। काशी में "देव दीपावली" के खास अवसर पर इस बार कुछ रौशनी और ढेर सारी खुशबू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के "हवन दीपों" की भी होगी।

ये "हवन दीप" देशी गाय के गोबर से से बन रहे हैं। इसके लिए सिद्धि विनायक वूमेन स्ट्रेंथ सोसाइटी की संगीता पांडेय को प्रदेश के एमएसएमई विभाग की ओर से संचालित यूपी डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से ऑर्डर मिला है।

देशी गाय के गोबर की खूबी

हवन दीप देशी गाय के गोबर से ही क्यों? इस सवाल पर संगीता का कहना है कि विदेशी नस्ल की गायों की गोबर की तुलना में देशी का गोबर टाइट होने की वजह से इसे शेप (आकार) देना

आसान होता है। इस समय गोरखपुर से सटे गुलरिहा गांव की करीब 50 महिलाएं हवन दीपों को अपने हुनरमंद हाथों से आकर देने में जुटीं हैं।

प्रदूषण मुक्त होता है हवन दीप

हवन दीप पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होता है। जलने के बाद राख को छोड़ इससे कोई अपशिष्ट बचता ही नहीं। इसे बनाने के लिए पहले देशी गाय का गोबर एकत्र कर उसमें अगरबत्ती को सुगंधित करने वाला इसेंस डाला जाता है। फिर गोबर को खूब सानकर उसे कफ सिरप के आकार के ऊपर से कटी शीशी के चारो लपेटा जाता है। सूखने पर शीशी को गोबर से अलग कर देते हैं। फिर इसमें हवन में प्रयोग की जाने वाली सारी सामग्री (सुपारी, जौ, तिल, देशी घी, गुग्गुल आदि) डालकर लोहबान से लॉक कर दिया जाता है। ऊपर से आसानी से जलने के लिए कुछ कपूर रख दिया जाता है। ये सारी चीजें रौशनी और खुशबू देने के बाद राख में तब्दील हो हो जाती हैं।

अमेरिका भी भेज चुकी हैं हवन दीप

बकौल संगीता पांडेय, करीब तीन हफ्ते पहले एक ऑर्डर के तहत वह 5000 हवन दीप अमेरिका भी भेज चुकीं हैं। विदेशों से और भी ऑर्डर हैं। पर, संगीता का कहना है कि मेरे लिए पहले अपना उत्तर प्रदेश और देश सर्वोपरि है। क्यों के सवाल पर उनका जवाब था कि जिस तरह योगी जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद हमारे पर्व और त्योहार जीवंत हो उठे उसे और जीवंत करने में अगर मुझे कोई मौका मिलता है तो यह मेरा सौभाग्य। फिर मैं गोरखपुर से हूं। यहां के हर किसी के लिए गोरक्षपीठ शक्ति, ऊर्जा का केंद्र है। मेरे लिए भी। योगी जी सिर्फ मुख्यमंत्री ही नहीं इस पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। उनके किसी काम में किंचित भूमिका भी मेरे लिए मायने रखती है।

कौन हैं संगीता पांडेय

उल्लेखनीय है कि संगीता पांडेय ने बच्चों और परिवार के बेहतर भविष्य के लिए कुछ साल पहले मात्र 1500 रुपये से पैकेजिंग का काम शुरू किया था। आज उन्हें सफल महिला उद्यमियों में शामिल किया जाता है। हाल ही में उन्होंने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो में भी अपने प्रोडक्ट्स के साथ प्रतिभाग किया था। उनको स्थानीय और प्रदेश स्तर पर कई सम्मान भी मिल चुके हैं।

शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है सरकार: सीएम योगी

- रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- सीएम बोले- विषम और अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी पुलिस ने प्रदेश में कानून का राज किया स्थापित

- सीएम ने उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों के साथ प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भी किया उल्लेख

लखनऊ, 21 अक्टूबर: वर्ष 2022-23 में कर्तव्य की बेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों में प्रदेश पुलिस बल के तीन बहादुर पुलिस कर्मी शामिल हैं। हमारे जांबाज पुलिस कार्मिकों का यह सर्वोच्च बलिदान हमें निरंतर कर्तव्य पथ पर पूर्ण निष्ठा एवं दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। शहीद पुलिसजनों के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करता हूं कि हमारी सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी जरूरी कदम उठाने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। पुलिसजन ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मान कर प्रदेश में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कानून व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त रखा। पिछले 6 वर्षों के दौरान प्रयागराज का दिव्य और भव्य कुंभ, लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019, त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021, विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022, नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में प्रदेश पुलिस बल का उल्लेखनीय योगदान रहा है। यही नहीं प्रदेश पुलिस वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान भी जनता की सहायता के लिए सदैव तत्पर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड में कहीं। इससे पहले उन्होंने परेड को सलामी दी। इस दौरान उन्हें शोक पुस्तिका सौंपी गयी। इसके बाद डीजीपी ने शोक पुस्तिका में दर्ज अमर शहीदों के नाम पढ़े। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। सीएम योगी ने कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हे सम्मानित भी किया।

पिछले साढ़े छह वर्षों में डेढ़ लाख से अधिक पुलिस कर्मियों की हुई भर्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि 1 नवंबर 2022 से 30 सितंबर 2023 के बीच कर्तव्य पालन के दौरान शहीद पुलिस कर्मियों के साथ केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों, अन्य प्रदेश के अर्ध सैन्य बलों, भारतीय सेना में कार्यरत एवं मूलरूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले 140 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 38 करोड़ 96 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गयी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के जनपद या विभिन्न इकाइयों में नियुक्त पुलिस कार्मिकों की सुख-सुविधा के लिए शासन ने 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए चार करोड़, कार्यरत और रिटायर्ड पुलिस कार्मिकों और आश्रितों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के 301 दावों के निस्तारण के लिए 45 लाख 50 हजार, पांच लाख से अधिक की चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 63 मामलों 3 करोड़ 87 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं। इसी तरह 103 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप में 4 करोड़ 9 लाख, जीवन बीमा योजना के तहत बीमित 370 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों को 10 करोड़ 12 लाख, 112 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों द्वारा कराए गए कैशलेस उपचार में एक करोड़ 11 लाख, पुलिस कार्मिकों के 158 मेधावी बच्चों को शिक्षा निधि के माध्यम से 77,5000 की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया है। वहीं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित पुलिसकर्मी को सम्मानित करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 और स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 पर विशिष्ट सेवाओं के लिए पांच अधिकारी और कार्मिकों को राष्ट्रपति का पुलिस पदक, 125 अधिकारियों और कार्मिकों को पुलिस पदक प्रदान किया गया। इसके साथ ही गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1154 कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 942 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया गया। पांच राजपत्रित और राजपत्रित पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक प्रदान किए गए। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा 85 और अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह तथा 408 पुलिसकर्मी को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न से सम्मानित किया गया। इसके अलावा पुलिस कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश का प्रशंसा चिन्ह डीजी कमेंडेशन डिस्क, 40 प्लैटिनम, 104 गोल्ड और 777 सिल्वर राजपत्रित और राजपत्रित पुलिस-ाकर्मियों को प्रदान किए गए। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस बल के विभिन्न पदों पर 1,51,985 भर्ती की गई, जिनमें से 22044 से अधिक महिला कार्मिक शामिल हैं। इसके साथ ही पुलिस विभाग के विभिन्न विभिन्न पदों पर 134235 कार्मिकों को पदोन्नति भी प्रदान की गई। साथ ही 65,389 पदों पर भर्ती प्रक्रिया और 11,885 पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया चल रही है।

पुलिस कार्रवाई में 190 दुर्दांत अपराधी हुए ढेर

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर जन मानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करना एवं अपराधियों में कानून का भय पैदा करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में प्रदेश पुलिस बल के बजट में दोगने से अधिक की वृद्धि की गई है। वर्ष 2017-18 में कुल बजट 16,115 करोड़ 18 लाख रुपये का था, जो वर्ष 2022-23 में 37,109 करोड़ 99 लाख हो गया। सीएम ने कहा कि वहीं पुलिस बल को अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई। वित्तीय वर्ष 2017-18 में इस कार्य के लिए 2 करोड़ 81 लाख 82 हजार रुपए आवंटित किए गए। वर्ष 22-23 में 122 करोड़ 50 लाख रुपए पुलिस आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किए गए। पुलिस बल की क्रियाशीलता एवं प्रभाव में वृद्धि के लिए विभिन्न जनपदों में 39 नये थाने, एक महिला थाना, 6 नारकोटिकस थाना, 36 पुलिस चौकियां एवं एक जल पुलिस चौकी की स्वीकृति भी प्रदान की गई। सीएम योगी ने बताया कि हमारी सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस के नीति है। इसके तहत विभिन्न जनपदों में मार्च-17 से सितंबर-23 तक 190 दुर्दांत अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। इस कार्रवाई में 5191 अपराधी घायल हुए। वहीं पुलिस बल के 16 जवान शौर्य का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। कार्रवाई में 1478 पुलिस कर्मी घायल भी हुए। प्रदेश में अपराधियों के प्रति कड़ा शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत 69332 तथा एनएसए में 887 अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई। प्रदेश के चिन्हित माफिया के 44 मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 20 माफिया तथा उनके 38 सह अपराधी समेत कुल 58 को आजीवन कारावास के साथ अर्थ दंड की सजा कराई गई। इनमें दो को फांसी भी हुई। वहीं 68 कुख्यात माफिया और अपराधियों के साथ बैंक के सदस्यों द्वारा अवैध कृतियों में अर्जित संपत्ति 36,50 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त किया गया। इसके साथ ही माफिया की अवैध संपत्ति का जब्तीकरण करते हुए उन पर निम्न वर्ग के लिए आवास भी बनाए जा रहे हैं।

पूरे प्रदेश में 10,378 महिला बीट का किया गया आवंटन

सीएम ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण के लिए गठित एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इससे खासतौर पर बालिकाओं की सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है। महिला सुरक्षा के लिए गठित विशेष दल ने 30 सितंबर-23 तक 29,91,125 स्थानों पर संघन तलाशी करते हुए 7,300 अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 49 लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जबकि 47,53,746 लोगों को चेतावनी दी गई। इतना ही नहीं प्रदेश के प्रत्येक थाने में महिला बीट आरक्षी तथा महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। सभी जनपदों में 15,130 महिला पुलिस कार्मिकों को नियुक्त करते हुए 10,378 महिला बीट का आवंटन भी किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस को पूरे देश में सर्वाधिक अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता मिली है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश पूरे देश में लगातार 3 वर्षों से प्रथम स्थान पर है। महिलाओं और बच्चों के संबंध में वर्तमान में कुल रजिस्टर्ड मुकदमों के सापेक्ष डिस्पोजल रेट 98.28 के आधार पर उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। वर्तमान में 17 नगर निगमन तथा गौत बुद्ध नगर को सेफ सिटी के रूप में विकसित करने का काम यूपी पुलिस बल ने अपने हाथों में लिया है। इसके साथ ही 1,21,148 पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदेश के 19,73,144 सभ्रांत व्यक्तियों से नियमित संवाद सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश में एक अभियान के तहत धार्मिक स्थलों से 98,639 लाउडस्पीकर हटाए गए जबकि 1,00,439 लाउडस्पीकर की ध्वनि को मानक के अनुसार कम करवाया गया। वहीं 31 मार्च 2017 से 30 सितंबर 2023 तक पुलिस द्वारा फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से एक करोड़ 4 लाख से अधिक स्थानों पर चेकिंग की गयी। इस दौरान 5 करोड़ 50 लाख से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। साथ ही अवैध मादक पदार्थों पर नकेल कसने के लिए एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। 6 नारकोटिक थाने गाजीपुर, बाराबंकी, गोरखपुर, मेरठ, सहारनपुर और झांसी में स्थापित किए गए। वहीं जोन स्तर पर आठ ऑपरेशनल यूनिट मेरठ, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, आगरा, वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज की स्थापना की गई, जिनमें से 6 यूनिट मेरठ, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, आगरा और वाराणसी क्रियाशील हैं। वहीं 1 जनवरी 2022 से 24 सितंबर 2023 तक अवैध ड्रग व मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चला करके 1497 करोड़ 45 लाख 73000 से अधिक के मादक पदार्थों की बरामदगी भी की गई। इस दौरान 76,698 हजार अभियोग पंजीकृत कर प्रभावी पैरवी के माध्यम से 1970 में सजा भी दिलाई गई है।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी विजय कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत माननीय राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला की अध्यक्षता में शक्ति संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

कार्यक्रम में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का किया गया व्यापक प्रचार प्रसार।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान 4.0 वृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज मिशन शक्ति अभियान 4.0 के अन्तर्गत दिनाँक 21 अक्टूबर 2023 को गलगोटिया इंजीनियरिंग कॉलेज ग्रेटर नोएडा में माननीय राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन प्रतिभा शुक्ला की गौरवमयी उपस्थिति में जागरूकता एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ शक्ति सवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में आंगनवाड़ी वर्कर्स, स्वंय सहायता समूह की महिलाए, शिक्षक, स्टूडेंट, एनआरएलएम की महिलाएं, आशा बहुएं, एनम और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती

वर्णिका सिंह सहायक पुलिस आयुक्त (महिला सुरक्षा), जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी व निदेशक असीम कादरी गलगोटिया इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विभाग की योजनाओं और विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया गया साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर और महिलाओं को उपलब्ध विधिक सहायता आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि मा० राज्य मंत्री जी के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर महिला सशक्तीकरण और स्वावलम्बन की दिशा में आगे बढ़ने का आहवान किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति अभियान सफल हो सके, और अपनी पूर्णता को प्राप्त कर सके। राकेश चौहान जिला सूचना

शाम 5 बजे के बाद बीच सड़क सजता है फलों की अवैध मंडी

समाज जागरण

नोएडा सेक्टर 42: अतिक्रमण का नायाब तरीका वह भी प्राधिकरण और पुलिस के मदद से । नोएडा सेक्टर 42 शनि मंदिर के पास और इंडियन आयल पेट्रोल पंप के सामने बीच सड़क पर सजते है अवैध मंडी। आप अगर यह सोच रहे होंगे कि इसमें नायाब क्या है तो आपको जानना जरूरी है कि यह मंडी 5 बजे के बाद लगते है क्योंकि 5 बजे नोएडा प्राधिकरण की छुट्टी हो जाती है। फिर भला जो प्राधिकरण के सर्किल आफिसर ड्यूटी के टाइम मे ही कार्यवाही नही करते है तो भला 5 बजे के बाद मे कार्यवाही करने का तो मतलब नही बनता है। रेहड़ी पटरी माफिया भी आजकल ठेली पटरी वालों को यही सलाह दे रहे है 5 बजे के बाद मे दुकान लगाओ।

बताते चले कि यहाँ पर अवैध मंडी लगने के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ जाता है। पेट्रोल पंप के सामने के मुड़ने वाली गाड़ियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वही सेक्टर

शाम 5 बजे के बाद बीच सडक सजता है फलों की अवैध मंडी

46 के तरफ मुड़ने मे भी हमेसा एक्सीडेंट होने का संभावना बनी रहती है जो कि कभी भी एक बड़े एक्सीडेंट मे बदल सकती है। फल मंडी लगने के कारण फल के खरीदार भी उतने ही समझदारी दिखाते हुए बीच सड़क पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते है।

बताते चले कि यहाँ से पुलिस प्रशासन तथा अधिकारियों का हमेशा ही आना जाना लगा ही रहता है। नोएडा सेक्टर 39 थाना यहाँ से महज 2.5 किलोमीटर की दूरी पर है और सेक्टर 49 थाना महज 1 किलोमीटर पर। सेक्टर 45 की पुलिस चौकी मात्र 500 मीटर की दूरी पर और सेक्टर 43 की चौकी भी महज 500-600 मीटर की दूरी पर। इसके बावजूद यह अवैध मंडी फल फूल रहा है। अब तो मंडी लगने के कारण शराबियों ने भी शनि मंदिर के आस-पास अपना ठिकाना बना लिया है। यहाँ पर खड़े जूस वाले इनको पानी, नमकीन और जूस भी उपलब्ध करवा रहे है।

आजकल भंगेल जाना हो या फिर फेस-टू या फिर सेक्टर 37 की तरफ से सेक्टर 108 पुलिस कमीशनरेट सभी गाड़ी इसी फल मंडी के पास से मुड़ती है।

जम्मू कश्मीर के महामहिम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का भाजपा जिला अध्यक्ष ने गया जी धाम पहुंचने पर भव्य तरीके से किया हवाई अड्डा पर स्वागत.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार)- जम्मू कश्मीर के महामहिम उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का गयाजी धाम की धरती पर पहुंचने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू के नेतृत्व में गया के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर भव्य तरीके से फूल माला पहनाकर एवं पुष्प का गुलदस्ता देकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया. उक्त जानकारी भाजपा जिला गया मीडिया प्रभारी संतोष ठ-

ाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे. उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान स्वागत करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, जैनेंद्र कुमार, अभिषेक अग्रवाल सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

नृत्य प्रतियोगिता में कलाकारों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवहरा बाजार में शुक्रवार की रात श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित सुपर डांस कॉम्पटीशन में विभिन्न जगहों से आए हुए प्रतिभागीयों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का भाव विभोर कर दिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता अजय कुमार सोनी तो मंच संचालन समर सिंह एवं राज

मल्होत्रा ने किया।निर्णायक मंडल में गौतम उपाध्याय, शशि सरगम एवं विकास राज शामिल रहे।विजेताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दाउदनगर निवासी ऋषभ केशरी को मोमेंटो एवं रेफ्रिजरेटर देकर सम्मानित किया गया। तो वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले औरंगाबाद के वायरस डांस एकेडमी को मोमेंटो एवं कूलर देकर एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सुनेरा आर्ट स्कूल ओबरा को मोमेंटो एवं मिक्सर ग्राइंडर देकर सम्मानित किया गया। साथ हीं शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने जी-तोड़ मेहनत किया।

धंधेबाज एवं शराबी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 21 अक्टूबर 2023 :- अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान में अंबा थाना के पुलिस ने शुक्रवार की शाम अलग-अलग जगहों से दो धंधेबाज के साथ तीन शराबियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह नें शाम छः बजे छापेमारी कर हंडिया झरहा बिगहा निवासी धंधेबाज राजेंद्र दास को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सात लीटर देसी शराब बरामद हुई है। वह घर के समीप नहर पर शराब बेच रहा था। इस कार्यवाही में उक्त गांव निवासी शराबी रामकुमार राम की भी गिरफ्तारी हुई है। वहीं दूसरी कार्यवाही में अंबा थाना की पुलिस ने शुक्रवार की शाम सात बजे परसावां बिगहा गांव में छापेमारी कर धंधेबाज मंटु राम को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पांच लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई है। छापेमारी की भनक लगते ही धंधेबाज शराब लेकर गली में भागने लगा। पुलिस बल की मदद से उसे घेर कर पकड़ा गया। इस कार्यवाही में बभंडी गांव निवासी शराबी तोता उरांव एवं गोपाल कुमार सिंह की गिरफ्तारी हुई है। यह कार्यवाही पीएसआई सुमित सुमन ने की। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त दोनों जगहों पर शराब बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आलोक में की गई कार्यवाही में धंधेबाज एवं शराबी की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मंडल कारा औरंगाबाद में 31 किशोर चिन्हित - पैनल अधिवक्ता स्नेही।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ , बिहार- झारखंड प्रदेश। 21 अक्टूबर 2023

किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद की टीम प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड मिस नेहा दयाल के नेतृत्व में मंडल कारा औरंगाबाद का निरीक्षण किया और जेल में बंद 31 कैदियों को चिह्नित कर सही उम्र जांच करने का आदेश दिया जो देखने से किशोर प्रतित हो रहे थे, उपरोक्त आशय की जानकारी किशोर न्याय बोर्ड के पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार

सनेही ने दी है। अधिवक्ता सतीश कुमार सनेही ने बताया कि जेल अधिकारियों से कहा गया कि जांच प्रतिवेदन शिघ्र किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद को उपलब्ध कराई जाए साथ में यह भी कहा गया कि कैदियों के स्वास्थ्य सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अरूण कुमार सिंह और संजू कुमारी उपस्थित थे,

नवरात्रि के सातवें दिन भक्तों, श्रद्धालुओं ने माता कालरात्रि का किया पूजा अर्चना- श्रीमती सुधा आनंद.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

औरंगाबाद (बिहार)- नवरात्रि के सातवें दिन भक्तों श्रद्धालुओं ने मंदिरों में एवं कलश स्थापना के स्थान पर माता कालरात्रि का पूजा अर्चना किया. इस दौरान भक्तों श्रद्धालुओं में श्रीमती सुधा आनंद ने कहा कि नवरात्रि के सातवें दिन माता कालरात्रि का पूजा अर्चना करने से दुषकाल नाश होता है. शत्रुओं का भय नहीं रहता. अकाल मृत्यु नहीं होती. उन्होंने आगे कहा कि माता कालरात्रि भक्तों को अभय प्रदान करती

है. वहीं दुष्ट व्यक्तियो एवं पापियो का नाश करती है . ऐसे तो भक्तों, श्रद्धालुओं ने भव्य तरीके से मंदिरों को रंगीन वोल्वो एवं रंगीन कागजों से सजाया समरा है. वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा की दृष्टिकोण से दंडाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति करते हुए तैनात किया गया है. खाने पीने से लेकर खिलौने तथा प्रसाद की दुकाने भी सज चुकी है. कई स्थानों की मूर्तियां को देखने के लिए श्रद्धालुओ, भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है .

नवरात्रि की महासप्तमी पर ओजस्विनी द्वारा 'मातृशक्ति आराधना-सह-डांडिया नृत्य समारोह' का भव्य तरीके से किया गया कार्यक्रम- डॉ रश्मि

-तू शिशु की प्रथम पाठशाला, नारी तू ही है सरस्वती : डॉ रश्मि

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)-अन्तरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की सहयोगी शाखा ओजस्विनी द्वारा महापर्व नवरात्रि के सुअवसर पर ओजस्विनी जिलाध्यक्षा डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व तथा कुशल समन्वयन में बाईपास अवस्थित पंजाबी भवन में "मातृशक्ति आराधना-सह-डांडिया नृत्य समारोह" का भव्य तरीके से कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ देवी दुर्गा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पांजलि तथा माल्यार्पण के साथ हुआ। शस्त्र पूजन के उपरांत ओजस्विनी तथा अहिप के सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने सम्मिलित रूप से देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की उपासना करके संयुक्त रूप से आरती की। संपूर्ण समारोह स्थल 'अंबे तू है जगदम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली, तेरे ही गुण गाये भारती, मैया हम सब उतारें तेरी आरती' की पावन धुन से गूंज उठा। सम्मान सत्र में ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने ओजस्विनी के कार्यों तथा विभिन्न आयोजनों में सतत रूप से सहयोग देने हेतु मुख्य अतिथि श्री विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य मणिलाल बारिक, अहिप, दक्षिण बिहार के प्रांत महामंत्री राम बारीक, कार्याध्यक्ष मुक्तामणि, राष्ट्रीय महिला परिषद की संरक्षक रजनी त्यागी, ओजस्विनी की जिलामंत्री अमीषा भारती, महामंत्री

शिल्पा साहनी एवं कोषाध्यक्ष प्रतिज्ञा कुमारी, मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार, राष्ट्रीय बजरंग दल के मंत्री संदीप पांडेय एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के मानपुर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार को भगवा अंगवस्त्रम प्रदान करके सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मणिलाल बारिक, रामबारीक एवं मुक्तामणि ने भारतीय संस्कृति की गरिमा को बनाये रखने में ओजस्विनी द्वारा किये जा रहे प्रयत्नों के लिए ओजस्विनी अध्यक्षा सहित सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाइयाँ दीं।कार्यक्रम के तृतीय सत्र में रजनी त्यागी, अमीषा भारती, शिल्पा साहनी, प्रतिज्ञा, अंजली, प्रियांशा, प्रगति मिश्रा, सान्या, सोनालिका, मनु भारती, राजनंदनी, मुस्कान सलोनी, अनीषा, प्रियल साहनी, शीतल साहनी, रितु, सौम्या, सिम्मी, निशा सिंह, कोमल, प्रिया , आरती, नेहा, मीनू आदि ओजस्विनियों ने 'ओ शेरो वाली, बिगड़े बना दे सबके काम', नवरात्रि के नौ दिन आये, देना नौ वरदान" जैसे भक्ति गीतों पर डांडिया नृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी। डॉ. रश्मि ने ओजस्विनी तथा अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की ओर से समस्त जिलावासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नवरात्रि मनाना तभी सार्थक है, जब परिवार तथा समाज में माँ, बहन, बहू व बेटियाँ आत्मसम्मान के साथ स्वस्थ, समृद्ध तथा प्रसन्न जीवन जी रही हों। कहीं भी उनका अपमान न हो, उनके साथ भेदभाव व क्रूरतापूर्ण व्यवहार न हो। डॉ. रश्मि ने अपनी कविता 'हर नारी में है नवदुर्गा' की "जब करती है पालन-पोषण, सीता का धर लेती स्वरूप। लड़ती जब बाधा-विघ्नों से, दिखती दुर्गा-सम तू अनूप। संगीत, कला, साहित्य सभी विद्याओं को धारण करती। तू शिशु की प्रथम पाठशाला, नारी तू ही है सरस्वती..." पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा कि महिलाएँ अपनी रक्षा करने में स्वयं ही समर्थ हैं, बस उन्हें अपने अंदर नवदुर्गा को जगाने की जरूरत है.कार्यक्रम का संचालन अमीषा भारती तथा धन्यवाद ज्ञापन ओजस्विनी अध्यक्ष ने किया.

आधुनिक बिहार के निमार्ता डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह की कांग्रेस ने मनाया 136 वीं जयंती समारोह.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- गया जिला कॉंग्रेस कमिटी कार्यालय राजेंद्र आश्रम में महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार केशरी, राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह की 136 वीं जयंती मनाई गई.सर्वप्रथम कांग्रेसी नेताओं ने डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला .जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह जिन्हे श्रद्धापूर्वक बिहार के आमजन उन्हें बिहार केशरी तथा श्रीबाबू कहते थे, जिन्होंने अविभाजित बिहार के विकास मे अतुलनीय,अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें आधुनिक बिहार का निमार्ता कहा जाता है.वक्ताओं ने आगे कहा कि डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह किसानो, मजदूरों के मसीहा कहे जाते थे तथा बिहार के अनुसूचित जाति, जनजाति ब्राह्मण समुदाय के

विरोध के बाद भी उन्हें बैजनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह तक ले जा कर दर्शन कराने का काम किए थे. नेताओं ने एक स्वर मे डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह को जिन्हे भारतरत्न देने हेतु बिहार सरकार द्वारा केंद्र सरकार को अग्रसारित करने के बाद भी अभी तक भारतरत्न नही मिलने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए, महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री से आधुनिक बिहार के निमार्ता, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह जी को अविलंब भारतरत्न देने की मांग दोहराया गया.गया जिला कॉंग्रेस कमिटी द्वारा मगध प्रमंडल मुख्यालय गया जो श्रीबाबू का जन्मभूमि तथा कर्मभूमि रहने के कारण शहर के काशीनाथ मोड़ पर इनकी आदम कद प्रतिमा लगाने की मांग स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार से किया गया.जयंती कार्यक्रम को पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, पूर्व गया जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, वजीरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर शशि शेखर सिंह, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, महासचिव प्रदीप शर्मा, राजीव कुमार उर्फ लंबी सिंह, कॉंग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष मोहम्मद अजहरुद्दीन, मोहम्मद ताज उद्दी न, बबलू शर्मा, राजेश कुमार, शशि कांत सिन्हा, धनंजय सिंह, मोहम्मद रफीक,आदि ने भी संबोधित किया .

राष्ट्रीय युवा योजना के तहत शांति , मैत्री एवं सद्भावना के लिए निकाली गई साइकिल यात्रा।

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार) राष्ट्रीय एकता शांति एवं सद्भावना का संदेश को लेकर राष्ट्रीय युवा योजना के तहत 2 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चंपारण से पटना तक पहुंचाने के लिए साइकिल यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा का नेतृत्व अशोक भारत ने किया। यह यात्रा अन्य जिला होते हुए गया जिला पहुंची। गया से पटना प्रस्थान करने के क्रम में शनिवार को औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद जगतपति चौक के पास पहुंची। जहां दीप ज्योति कल्याण संस्थान के सोशल वर्कर जिज्ञासा कुमारी एवं जीविका दीदी सुमन कुमारी व कान्ति कुमारी ने साइकिल यात्रा कर रहे युवाओं एवं युवतियों को आरती मंगल तिलक चंदन के साथ पुष्प अर्पित कर स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जेपी सेनानी सह नव बिहार टाइम्स के उपसंपादक अजय श्रीवास्तव, जेपी सेनानी अरविंद पांडे , समाजसेवी प्रेमचंद तिवारी , अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विदेश्वरी शर्मा, जदयू के जिला महासचिव बृजमोहन वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि राजू वर्मा, खादी ग्रामोद्योग के प्रबंधक काशीनाथ सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने जगतपति के

आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाई जी के संदेश यात्रा को सफल बनाने हेतु मंगल कामना की। जेपी सेनानी अजय श्रीवास्तव एवं अरविंद पांडे ने कहा कि इस यात्रा में 11 राज्यों के 30 युवक एवं युवतियां साइकिल से बिहार के लिए 24 जिलों में जाएंगे और भाई जी के विचारों एवं कार्यो को लोगों तक पहुंचाएंगे । भाई जी के द्वितीय पुण्यतिथि पर यह यात्रा 25 अक्टूबर को पटना पहुंचेगी तथा इस अवसर पर 25 से 27 अक्टूबर को पटना में आयोजित राष्ट्रीय युवा शिविर में शामिल होंगे। वहीं समाज सेवी प्रेमचंद तिवारी ने बताया कि सादगी , सरलता , निश्छल प्रेम तथा मधुर गीतों से असंख्य लोगों के हृदय में वास करने वाले डॉ एस एन सुब्बाराव जिन्हें दुनिया भाई जी के नाम से जानती है। उनका जीवन गांधी विचार के प्रचार प्रसार से राष्ट्रप्रेम सद्भावना एवं शांति के लिए समर्पित था ।आज देश एक विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। हिंसा एवं आतंकवाद आज देश की एकता एवं सद्भावना के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रही है। इसको ध्यान में रखकर भाई जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रीय एकता शांति एवं सद्भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा योजना " नई दिल्ली के द्वारा बिहार में भाई जी संदेश यात्रा 2 अक्टूबर को भित्तिहरवा पश्चिमी चंपारण से निकल गई है । यह यात्रा गया जिला से सुबह चलकर कोच , गोह , पचरुखिया, दाउदनगर होते हुए पटना के लिए रवाना हुई है। इस मौके पर रंजीत कुमार, संजय सिंह, कामदेव सिंह, दिनेश सिंह (चंबल) सुभाष कुमार प्रसाद , धर्मेंद्र भाई ,मधुसूदन कुमार उमेश टूरियनमल , केशव सिंह , सुमित कुमार महतो , संगीता कुमारी पूजा रानी, तनु कुमारी आकांक्षा कुमारी , हर्षवर्धन, अनिल वर्मा सुशील कुमार, नीरज कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

गया के इमामगंज में सीआरपीएफ सी ने मनाया ई कंपनी परिसर में स्मृति परेड कार्यक्रम.

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को याद करते हुए नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- गया जिला के इमामगंज इ कंपनी परिसर में सीआरपीएफसी के जवानों ने स्मृति परेड का आयोजन किया. इस दौरान जवानों ने शहीद जवानों को याद करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया. वही जवानों ने चले हम फि दा, जाने तन साथियों,अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों देशभक्ति के ज्वार को उबाल लाने में सक्षम यह पंक्ति सीआरपीएफ के उन दस जांबाज शहीदों के मनः स्थिति को प्रकट करता है. जिन्होंने वर्ष 1959 में 21 अक्टूबर को लद्दाख में चीन के हथियार बंद टुकड़ी द्वारा लगाए गए अंबुश में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर वीरगति को प्राप्त हुए थे.उन्हीं अमर शहीद पुलिस बलों की याद में मनाया जाने वाला पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर गया इमामगंज पर तैनात 159 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस कर्मियों द्वारा गया के इमामगंज सीआरपीएफ सी एवं ई कंपनी परिसर में स्मृति परेड का आयोजन किया गया। 159 सीआरपीएफ बटालियन के ऑफिसर कमांडिंग हिमाद्रि शिखर बागची,सहायक कमांडेंट ने इस अवसर पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उनका स्मरण किया।उन्होंने इस मौके पर जवानों को संबोधित करते हुए बताया कि

देश की अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने हेतु प्रत्येक नागरिक को हर संभव प्रयास करना चाहिए एवम् सुरक्षा बल के रूप में कार्य करते हुए हम सभी की जिम्मेवारी और बढ़ जाती है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियो एवम् बल सदस्यों के मनोबल को ऊंचा रखने हेतु प्रोत्साहित किया।उन्होंने बताया कि इस वर्ष देश के विभिन्न अर्धसैनिक बल सहित राज्यों के अनेक पुलिसकर्मी कर्तव्य निर्वहन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए जिसमें 159 बटालियन सीआरपीएफ के स्थापना के बाद से अभी तक कुल 11 जवान शहीद हुए है जिनका नाम निम्न प्रकार से है. स्वर्गीय शहीद श्री राय सिंह,स्वर्गीय शहीद सिपाही/जीडी अशोक कुमार निराला,स्वर्गीय शहीद हवलदार / चालक लाल बाबू साह,स्वर्गीय शहीद सिपाही / जीडी सचिन्द्र कुमार शर्मा,स्वर्गीय शहीद सिपाही / जीडी संजय कुमार भद्रा,स्वर्गीय शहीद हवलदार/ जीडी भूपेन्द्र प्रसाद सिंह,स्वर्गीय शहीद सिपाही/जीडी संत राम,स्वर्गीय शहीद निरीक्षक (भू०पू० आर्मी) हनुमंत सिंह शामिल हैं। स्मृति परेड में शहीदों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर राजेश कुमार, इंस्पेक्टर नीरज कुमार ,इंस्पेक्टर जयमल,सहित बल सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया .

एडवांस सिंथेसिस और कैरेक्टराइजेशन की नई प्रयोगशाला ने सामग्रियों की श्रृंखला में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक गुणों की जांच के लिए विश्वविद्यालयों के लिए जांच स्टेशन विकसित किए हैं

गुजरात में एडवांस सिंथेसिस एंड कैरेक्टराइजेशन (एलएएससी) की एक नई प्रयोगशाला अर्धचालक, पतली फिल्म, एलईडी और सौर कोशिकाओं सहित सामग्रियों की एक विस्तृत श्रृंखला में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक गुणों की जांच के लिए भारत और विदेशों में विश्वविद्यालयों के लिए एलएएससी जांच स्टेशन विकसित कर रही है।

जांच स्टेशन की क्षमताओं के साथ, शोधकर्ता तापमान और तरंग दैर्ध्य को बदलते हुए इन सामग्रियों की ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक विशेषताओं का अध्ययन कर सकते हैं। यह व्यापक दृष्टिकोण शोधकताओं को उनकी सामग्रियों की गहरी समझ प्राप्त करने और उनके गुणों को अधिक प्रभावी ढंग से अनुकूलित करने की अनुमति प्रदान करता है।

पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी इनक्यूबेशन सेंटर में एलएएससी विविध डोमेन पर कार्य करता है, जिसमें बुनियादी और उन्नत दोनों स्वचालित जांच स्टेशनों का निर्माण शामिल है। ऐसे जांच स्टेशनों को स्वदेशी रूप से विकसित करने से भारतीय शोधकताओं को कम लागत पर अधिक डिजाइन लचीलापन प्रदान किया जा सकता है ताकि वे

आवश्यकतानुसार अपने प्रयोगात्मक सेटअप में संशोधन कर सकें - ऐसी सुविधाएं जो पहले आयातित प्रणालियों के साथ संभव नहीं थीं।

जांच स्टेशन तीन तत्वों में केंद्रित होते हैं जो इसे उपलब्ध और आयातित समान प्रणालियों से अलग दर्शाते हैं। इनमें पेल्टियर एलिमेंट्स शामिल हैं - एक ठोस-अवस्था वाला उपकरण जो विद्युत प्रवाह के अधीन होने पर गर्मी को स्थानांतरित करने में सक्षम है; शून्य वेल्डिंग इसे उच्च वैक्यूम स्तर और एक प्रणाली प्राप्त करने में मदद करती है जो ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक कार्यों पर बेहतर नियंत्रण प्रदान करती है। सिस्टम उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं, टंगस्टन युक्तियों से सुसज्जित हैं, जो उच्च तापमान माप के लिए असाधारण रूप से कम प्रतिरोध प्रदान करते हैं।

साइंस इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (एस-ईआरबी) द्वारा समर्थित इनक्यूबेशन सेंटर में समर्पित निर्माण सुविधा, एक कुशल डिजाइन और प्रोग्रामिंग टीम द्वारा वित्त पोषित विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की एक वैधानिक संस्था है, जिसने अब तक दस से अधिक भारतीय विश्वविद्यालयों में, दो यूरोप में, और मध्य पूर्व में कई सिस्टम सफलतापूर्वक वितरित किए हैं।

पीएनबी बैंक गोह से पैसा छीनने वाले गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह पुलिस ने पीएनबी बैंक के समीप से अपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले दो आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि गोह थाना क्षेत्र के मुंजहडा. निवासी मिथुन कुमार, रवि कुमार, रमेश कुमार व घाटो गांव निवासी रजनीश कुमार कुछ दिनों से लगातार पीएनबी बैंक की रेकी कर रहा था।जब कोई भी व्यक्ति बैंक से मोटी रकम निकालने जाता था।तो बैंक के बाहर घात लगाए बैठे अपराधियों ने ग्राहक को बाहर आने का

इंतजार करता था। बाहर आते ही ग्राहक का पैसे छिनकर भागने में सफल हो जाता था। लेकिन दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस की गस्ति तेज कर दी गई है। वहीं थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पुलिस की गश्ती गाड़ी देखकर बैंक के समीप चार युवक भागने लगे। भागते देख पुलिस ने पिछा किया जहां पुलिस जवानों के द्वारा दो अपराधियों को पकड़ लिया गया जबकि दो युवक भागने में सफल रहा। मामले में एएसआई संजय कृष्ण के बयान पर कांड संख्या 327/23 दर्ज किया गया है जिसमें मिथुन, रवि, रमेश व रजनीश को आरोपित किया गया है। वहीं गिरफ्तार मिथुन व रवि के दो मोबाइल भी जप्त किया गया है।जब पुलिस के द्वारा मोबाइल की जांच की गई तो दोनों युवक के हाथ में देशी कट्टा लिए हुए फोटो गैलरी में शामिल हैं। पुलिस जब हथियार के बारे में पूछताछ किया तो बताने से इंकार कर दिया। इस मामले में दोनों आरोपितों को शनिवार को जेल भेज दिया है। वहीं दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण , विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 21 अक्टूबर 2023 :- ढ़ीबरा थाना की पुलिस नें गश्ती के दौरान शुक्रवार की शाम छः बजे किशुनी बिगहा गांव के समीप से शराब के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान देव थाना क्षेत्र अंतर्गत इसरौर गांव निवासी सनोज कुमार, विकास कुमार एवं उपेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

तस्कर बाइक पर सवार होकर उक्त रास्ते से गुजर रहे थें। इसी क्रम में पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। जांच के क्रम में तस्कर के पास से प्लास्टिक के दो गैलन में रखी हुई तीस लीटर महुआ चुलाई शराब एवं नौ लीटर रॉयल ब्लू अंग्रेजी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि बाइक एवं शराब को जप्त कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दशहरा पर्व को लेकर गोह थाना पुलिस ने निकाली फलैग मार्च

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने शनिवार को दूर्गा पूजा को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष कमलेश पासवान के नेतृत्व में दशहरा पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च गोह थाना मुख्यालय के चारों दिशाओं में भ्रमण करते हुए जगतपति चौक सहित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित जगहों पर भ्रमण किया। तथा लोगों से अपील करते हुए कहा कि पूजा श्राद्ध भक्ति से करें।फ्लैग मार्च में शामिल थाना के एस आई संजय कृष्ण ,

एस आई लाल साहब तिवारी , पीएस आई संजय कुमार , पीएस आई मोहित कुमार, पीएस आई अभिषेक कुमार, एएस आई कृष्ण कुमार ,एएस आई लतिफूर रहमान सहित सभी पुलिस बल शामिल थे।इस दौरान थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया की फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य दशहरा पर्व को लेकर असमाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर पैनी नजर रखना है। अगर कहीं भी असमाजिक तत्वों के द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई तो वैसे लोगों को पुलिस के द्वारा चिन्हित कर बख्सा नहीं जाएगा। उस पर तत्काल कारवाई की जाएगी। इसके लिए चौक चौराहे और पूजा पंडालों में पुलिस की सुरक्षा लगाई गई है, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं भाईचारे के साथ पर्व को मनाने की लोगों से अपील की। शाम में पूजा पंडालों में निरीक्षण करते हुए पूजा कमेटियों के सदस्यों को सक्रिय रहने की निर्देश दिया। कोई भी अप्रिय घटना होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दे ताकि समय रहते उस पर कारवाई की जा सके।

"पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर 56वीं वाहिनी एसएसबी बथनाहा में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता।

अररिया। 56वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बथनाहा के प्रागण में आज शनिवार 21अक्टूबर को ह्वपुलिस स्मृति दिवसह्व के उपलक्ष्य में अधिकारीयों सहित सभी बलकर्मियों ने शहीदों को श्रधांजलि देते हुए उनकी स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया। मौके पर उपस्थित 56वीं वाहिनी के कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम द्वारा पिछले 01 वर्ष में शहीद हुए केंद्रीय पुलिस बलों के 189 जवानों का नाम पढ़कर सुनाया गया । श्री विक्रम द्वारा बताया गया कि पुलिस स्मृति दिवस भारत में हर साल 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन उन पुलिसकर्मियों को याद करने के लिए समर्पित है जो देश की सेवा करते हुए शहीद हुए, उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। पुलिस स्मृति

दिवस का इतिहास 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में सीआरपीएफ की एक टुकड़ी पर चीनी सेना द्वारा घात लगाकर किए गए हमले से शुरू होता है। इस हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए थे। इनमें से 7 जवान सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन के थे, जबकि 3 जवान अन्य राज्य पुलिस बलों के थे। घटना के पूरे तीन सप्ताह बाद, 13 नवंबर, 1959 को चीनियों ने दस कर्मियों के शव लौटाए। शहीद जवानों में से एक करम सिंह थे, जिन्हें इस हमले में नेतृत्व करते हुए शहीद हुए थे। करम सिंह को वीरता के लिए मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। इस घटना के बाद, जनवरी 1960 में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि अब से 21 अक्टूबर को ह्वपुलिस स्मृति दिवसह्व / पुलिस शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस साल, 21 अक्टूबर, 2023 को पुलिस स्मृति दिवस की 65 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है तथा उन्होंने वीर शहीदों के शहादत को अमूल्य बताते हुए बताया कि उन महान शहीदों के प्रेरणास्वरूप आप सभी अपनी कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी को आत्मसात करते हुए देश की सुरक्षा के प्रति सदा समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट चिकित्सा डॉ. एच के शिंदे, द्वितीय कमान अधिकारी कस्तूरी लाल, उप कमांडेंट रोमेश याईखोम, सहायक कमांडेंट मनींद्रनाथ सरकार, डॉक्टर मिस लीला एवं 56वीं वाहिनी के समस्त महिला व पुरुष कार्मिक उपस्थित थे।

जिले में धीरे-धीरे कम होने लगे हैं डेंगू के मामले, फिलहाल 01 एक्टिव केस

-डेंगू से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयारः जिलाधिकारी

किशनगंज, 21 अक्टूबर। जिले में डेंगू के मामलों में कमी जारी है। बढ़ती ठंड के साथ डेंगू के मामले में गिरावट देखी जा रही है। फिलहाल जिले में डेंगू के कुल 01 एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से बहुत जल्द इस पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका है। डेंगू से संबंधित मामले में जिले में अब तक कुल 23 मरीज मिले हैं। जिसमें 22 मरीज पूरी तरह से सकुशल हो गये हैं। वहीं एक मरीज होम आइसोलेसन में इलाजरत है। अक्टूबर माह के अंत तक संक्रमण के प्रसार की संभावना बनी हुई है। लिहाजा लोगों को रोग से बचाव संबंधी उपायों पर गंभीरतापूर्वक अमल करने की जरूरत है। अभी भी विभागीय स्तर से डेंगू को लेकर सक्रियता जारी है। संक्रमण संबंधी किसी सूचना के बाद विभाग तत्काल प्रभावित इलाकों में फॉगिंग को प्राथमिकता दे रहा है। ताकि संक्रमण के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सके।

जिला में डेंगू मरीजों का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में जारी है। अगस्त माह से अब तक 1590 कुल रैपिड एन्टिजन टेस्टे की गई है। जिले में डेंगू रोग के सत्यापन के लिये कुल 47 संदेहास्पद मरीजों का एलिजा टेस्ट किया गया है।

डेंगू से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार: जिलाधिकारी

जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि जिले में डेंगू के संभावित खतरों से निपटने और मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक रूप से दिशा- निर्देश दिया गया है। विभागीय स्तर पर हरसंभव सकारात्मक पहल की जा रही है। डेंगू से जुड़ी हुई चुनौतियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है। विभागीय स्तर से मरीजों की सेहत की निगरानी की जा रही है। इसके लिए सदर अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों में विशेष रूप से डेंगू वार्ड बनाया गया है। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डेंगू जांच किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायी गयी है। डेंगू मरीजों के लिए प्लेटलेट्स जांच की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

बढ़ती ठंड के साथ डेंगू के मामले स्वतः कम होंगे'

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि जिलाधिकारी तुषार सिंगला के दिशा निर्देश के आलोक में लगातार डेंगू की जांच एवं इलाज का लगातार अनुश्रवन किया जा रहा है । वहीँ अभी भी डेंगू के प्रसार का खतरा बना हुआ है। लिहाजा लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। जैसे-जैसे जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ेगा मरीजों की संख्या में गिरावट की संभावना उन्होंने व्यक्त की। उन्होंने बताया कि डेंगू नियंत्रण को लेकर विभाग सक्रिय है। जांच व इलाज से जुड़े सभी जरूरी इंतजाम जिले में उपलब्ध हैं। इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। डेंगू संबंधी जांच के लिये जरूरी किट सभी पीएचसी के पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वहीं प्रभावित इलाकों में रोग के प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से छिड़काव के लिये टेमिफोस दवा उपलब्ध करायी गयी है। प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर छिड़काव का कार्य जारी है। मरीज के घर के 500 मीटर के दायरे में दवा का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। पहले की तुलना में अब नये मरीज काफी कम मिल रहे हैं। इसके बावजूद विभागीय सक्रियता बरकरार है। संक्रमण की सूचना में प्रभावित इलाकों में फॉगिंग के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अंजाम दिया जा रहा है। संक्रमित मरीज की सेहत पर समुचित नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड के साथ डेंगू के मामले स्वतः कम होंगे।

जांच व इलाज का जिले में समुचित इंतजाम -

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए डेंगू से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिये विभाग पूरी तरह तैयार है। इसके लिये सदर अस्पताल में 10, सहित सभी पीएचसी में दो बेड क्षमता वाला विशेष डेंगू वार्ड संचालित किया जा रहा है। जिले के मेडिकल कॉलेज सह लायंस सेवा केंद्रे में डेंगू मरीजों के लिये प्लेटलेट्स जांच की सुविधा उपलब्ध है। डेंगू के संभावित खतरों से निपटने के लिये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जरूरी पहल की जा रही है। डेंगू के वैसे मरीज जिन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत हो उनके लिए मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

लक्षणों के आधार पर रोग की आसानी से पहचान संभव -

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मंजर आलमे ने बताया कि सामान्य लक्षणों के आधार पर डेंगू की पहचान आसान है। उन्होंने बताया कि तेज बुखार, बदन, सर व जोड़ों में दर्द , आंखों के पीछे दर्द, नाक, मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्तस्राव, त्वचा पर लाल धब्बे व चकत्ते का निशान होने पर बिना समय नष्ट किये नजदीकी अस्पताल में समुचित जांच के बाद इलाज कराना जरूरी है।

किशनगज जिला पदाधिकारी से उनके आवास स्तिथ कर्यालय मे मिले कांग्रेस शिष्टमंडल

राहुल कुमार, किशनगंज

किशनगज जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला से कांग्रेस का एक शिष्टमंडल जिला के कई अहम मुद्दे को लेकर चर्चा किये। जिसमे रमजान नदी का सौंदर्यकरण, माझिया पुल, बिजली, रेड क्रॉस, आवास योजना, पशुपालन, अस्पताल के लिए जमीन चयनित करने के विषय में एवं दिघलबैंक प्रखंड अंतर्गत गुरुमारा पुल के पास डायवर्सन, किशनगंज ठाकुरगंज रोड स्थित महानंदा पर पुल का निर्माण, नेशनल हाईवे के सर्विस रोड में वन

वे सिस्टम, ट्रैफिक सिग्नल, सडक आदि मुद्दे पे विशेष रूप से चर्चा किया।

इस दौरान किशनगंज सांसद के निजी सहायक एहसान हसन, किशनगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू, किशनगंज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद आजाद साहिल, किशनगंज युवा कांग्रेस जिला संयोजक वसीम अख्तर मौजूद थे।

आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा है हर पूजा पंडालो पर

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता

झाड़ग्राम सहित आसपास के इलाकों में दुर्गा पूजा की धूम देखने लायक है। क्या शहर क्या गांव हर ओर दुर्गा पूजा की रौनक है। शनिवार माहा सप्तमी पर सड़कों पर जन सैलाब उमड़ पड़ा है। थीम पर आधारित दुर्गा पूजा की धूम है। दर्शनार्थियों की भीड़ दुर्गा पूजा पंडालो की ओर कतारों में जाति नजर आई। जंबोनी प्रखंड अंतर्गत गिधनी का पूजा पंडाल लोगों को काफी आकर्षित कर रही है। पूवार्षा दुर्गा पूजा पंडाल थीम आधारित विक्टोरिया मेमोरियल बनाया गया है। पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुमित विशाल ने जानकारी देते हुए बताया यहां दुर्गा पूजा वर्ष 2001 से प्रारंभ की गई है। इस वर्ष पूजा का 23 वां वर्ष है। प्रत्येक वर्ष यहां का पूजा पंडाल सर्वोत्तम पूजा पंडाल के रूप में अपनी पहचान

विशाल ने बताया कमेटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, तथा यहां प्रत्येक शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। कमेटी में लगभग 170 की संख्या में सदस्य हैं। जो दुर्गा पूजा को सुचारू रूप से संचालित करने में काफी सहयोग करते हैं। वहीं खुशनुमा मौसम में लोगों ने भक्ति भाव के साथ दुर्गा पूजा की और माँ दुर्गा से सुख समृद्धि व आशीर्वाद मांगा। जैसे-जैसे समय का पहिया बढ़ रहा है वैसे ही दर्शनार्थियों का भीड़ भी बढ़ता नजर आ रहा है। तथा आस्था का जन सैलाब हर पूजा पंडालो में देखने को मिल रही है।

बरकरार रखा है। विभिन्न संस्थाओं द्वारा श्रेष्ठ पूजा पंडाल का घोषणा प्रत्येक वर्ष किया जाता है। जिला मुख्यालय झाड़ग्राम से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित गिधनी में आसपास के इलाकों के अतिरिक्त पड़ोसी राज्य झारखंड एवं उड़ीसा से काफी संख्या में दर्शनार्थियों का आगमन होता है। चतुर्थी से ही यहां काफी भीड़ लगना प्रारंभ हो जाता है। पूजा पंडाल के समीप विशाल मैदान में मेले भी लगाए गए हैं। श्री

सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पौआखाली सहित विभिन्न पंचायतों में मां दुर्गा की मूर्ति हुई स्थापित

समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौवाखाली थानाक्षेत्र के नगर पंचायत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासप्तमी के दिन शनिवार को विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण के साथ सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई। इसके अलावा थानाक्षेत्र के खानाबाड़ी,रसिया पौआखाली मेला ग्राउंड सहित तातपौआ,जियापोखर आदि पंचायत में भी मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई। इस अवसर पर इन स्थानों पर भव्य तथा आकर्षक पंडाल बनाने के साथ ही आने वाले दिनों में सैकड़ो की संख्या में आने वाले श्रद्धालु महिला पुरुष एवं बच्चों की सुविधा के लिए कई तरह की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें सीसीटीवी से लेकर अग्निशमन आदि की व्यवस्था शामिल है। भीड़ को नियंत्रित करने एवं श्रद्धालुओं को सेवा एवं सुविधा प्रदान करने के लिए प्रत्येक पूजा कमेटी में स्वयंसेवकों

की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन पेट्रोलिंग कर गतिविधि का निरंतर जायजा ले रहे हैं। पौआखाली थानाध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने आम लोगों से शांति तथा सद्भाव के साथ पूजा मनाने को लेकर अपील की और नशा करने, हुड़दंग मचाने तथा अफवाह फैलाने वाले को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लोगों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है।चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात की गई है।पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण समापन को लेकर आम लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है।किसी भी तरह की कोई अप्रिय गतिविधि संज्ञान में आते ही तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को खबर करें।

शिक्षाविद् सह समाजसेवी डां नूर आलम को जनता दल यूनाइटेड नगर परिषद का अध्यक्ष किया गया मनोनीत

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

शिक्षाविद् सह समाजसेवी डां नूर आलम को जनता दल यूनाइटेड किशनगंज नगर परिषद का अध्यक्ष मनोनीत कि गया है। 21 अक्टूबर को एक कार्यक्रम में उन्हें इस आशय का पत्र पूर्व मंत्री सह अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष नौशाद आलम एवं जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने पत्र सौंपा और माला पहनाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो बुलंद अख्तर हाशमी, जदयू कला संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद अंजार आलम, पूर्व मुखिया हाजी मनौवर आलम एवं महफूज आलम मौजूद थे। जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने कहा है कि डां नूर आलम के किशनगंज नगर परिषद का अध्यक्ष मनोनीत होने पर पार्टी संगठन और मजबूत व धारदार होगा।

चुरली स्टेट काल से दुर्गा पूजा उत्सव का लगातार हो रहा आयोजन

एकादशी के दिन यहाँ लगता है भव्य मेला! , आज के समय में भी परम्परागत तरीके से चुरली हाट में विधानपूर्वक मनाई जाती है पूजा

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । गलगलिया थानान्तर्गत अंग्रेजी हुकुमत के दौरान चुरली स्टेट के रियासतों द्वारा चुरली में शुरू की दुर्गा पूजा की पहचान कुछ अलग ही है, जिसे इस क्षेत्र के लोग के लिये यह एक बहुत बड़ी आस्था के केंद्र के रूप में जाना जाता है । मद्देनजर रविवार को महासप्तमी के दिन पूजा अर्चना के बाद मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गए हैं । नौ दिनों तक चलने वाली नवरात्रि के सातवें दिन को महा सप्तमी और शुभो सप्तमी कहा जाता है । इस दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा आराधना की गई ।

गलगलिया थानान्तर्गत बंगाल और नेपाल की सीमा पर अवस्थित चुरली हाट की पहचान यहाँ के स्टेट से है। वर्तमान परिपेक्ष में अंग्रेजी हुकूमत के समय किशनगंज की शान रहे इस रियासत का नाम लेने वाला भी अब कोई नहीं रहा, जिसे कभी चुरली स्टेट के नाम से जाना जाता था ।

जानकारी के अनुसार, खुदन लाल सिंह इस रियासत के जमींदार हुआ करते थे। उनकी जमींदारी बंगाल से लेकर नेपाल तक फैली हुई थी। उनके भव्य हवेली को देखने दूर-दूर से लोग आया करते थे। भले हौ आज यह हवेली खण्डहर में तब्दील हो चुकी है। अंग्रेजों के समय खुदन लाल सिंह की हवेली पर खूब रौनकें होती थीं। परन्तु इस स्टेट के लोगो द्वारा दशको पूर्व शुरू की गई दुगार्पूजा आज पुरे जिले में अलग पहचान रखती है ।

जहां हर जगह दुगार्पूजा मुख्यतया सप्तमी से दशमी तक चार दिनों की होती है। वहीं चुरली में यह पूजा सप्तमी से शुरू होकरे एकादशी तक यानी पांच दिनों तक होती है। एकादशी के दिन यहाँ भव्य मेला लगता है, जिसे चुरली मेला के रूप में जाना जाता है । चुरली में होने वाली पांच दिनों की दुगार्पूजा भी अपने इतिहास की याद दिलाती है। इस बाबते 81 वर्षीय निहारेंदु सिंह जो खुदन लाल सिंह की पांचवीं पीढ़ी हैं, बताते है की पुराने समय में जब इलाके में पक्के मकान की संख्या काफी कम थी। उस वक्त लोग अपने घरो में दशहरा मनाने के बाद चुरली स्टेट का आलिशान भवन देखने के लिए चुरली आते थे। उसी दौरान चुरली स्टेट के प्रमुख द्वारा यह निर्णय लिया गया था की जब लोग स्टेट का भवन देखने आते है तो इस दौरान माँ दुर्गा की अराधना भी कर ले। और तभी से यहाँ दशमी में नहीं एकादशी के दिन माँ दुर्गा प्रतिमा विसर्जित की जाती है। आज के समय में भी उन्ही परम्परागत तरीके से चुरली हाट में विधानपूर्वक पूजो मनाई जाती है जैसी स्थापना के शुरूआती वर्षो में मनाई जाती रही थी। चुरली स्टेट द्वारा शुरू हुई इस दुगार्पूजा में आम तौर पर होने वाली अन्य पूजाओ में होने वाली चमक-दमक नहीं होती है। लेकिन यहां की देवी दुर्गा को सुन्दरे परिधान में सजाकर पूजा जाता है। उनके शरीर पर गहने भी चढाये जाते हैं । बताते हैं कि यहां दुर्गा पूजा के लिए पुरोहित और ढाकी बंगाल से बुलाये जाते है । चुरली स्टेट के वंशज निहारेंदु सिंह ने बताया कि उन्होंने बड़े बुजुर्ग से सुना है कि यहां की पूजा देखने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु आते थे । दुर्गा पूजा के पांच दिन बड़े निष्ठा के साथ पूजा होती थी और मेला भी लगता था। हालांकि अब पहले की तरह भीड़-भाड़ नहीं होती है । इसके बावजूद यहां दुर्गा पूजा परंपरा और रीति-रिवाज को मानते हुए

की जाती है। यह पूजा कब शुरू हुई इसकी जानकारी किसी को नहीं है। चुरली स्टेट के वंशज निहारेंदु सिंह बताते हैं कि उनके पूर्वजो की किस पीढ़ी के द्वारा पूजा शुरू हुई इसकी जानकारी उनको भी नहीं है। अपने प्रारंभिक काल से अब तक तीन जगहो पर विराजित हुए माँ दुर्गा का वर्तमान स्थापना अब स्थाई रूप से पक्के के मन्दिर में कर दी गई है । इस बाबत स्थानीय लोगो और पूजा कमिटी के सदस्यों अरुण सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अमिताभ सिंहा, मनोज कुमार सिंह, जगदेश सिंह, संतोष सिंह, नंद किशोर रजक, सुबोध शंकर, गुड्डू सिंह, प्रदीप सिंह, शत्रुघन पंडित, बबलू तिवारी आदि बताते है की शुरूआत में दुर्गा मंदिरे चुरली मैदान में मध्य में स्थापित थी जो 1968 में आई भयावह बाढ़ में तबाह हो गई उसके बाद नदी किनारे मंदिर की स्थापना की गई । लेकिन बूढी डांगी नदी के लगातार होने वाले कटाव के बाद पुनः इस मंदिर के स्थल में परिवर्तन किया गया और आज पक्का मन्दिर में माँ दुर्गा की पूजो अराधना होती है।

चुरली हाट की यह पूजा स्थल न केवल प्रखंड बल्कि नेपाल और बंगाले के लोगो की श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है । पारंपरिक बंगाली शैली की प्रतिमाओं की तरह यहाँ भी एक ही मूर्ति में सभी देवताओं की मूर्ति समाहित होती है, अलग-अलग मूर्तिया नहीं बनाई जाती। मूर्तियों की वेशभूषा, गहने-मुकुट और और श्रृंगार भी परम्पराओ का पूरा ध्यान रखा जाता हैं । नवमी की विशेष पूजा में बलि प्रथा आज भी निभाई जाती है। पहले नेपाल से आने वाले श्रद्धालु भैंस की बली यहाँ देते थे। लेकिन वर्तमान में यहाँ पाठा और कबूतर की बली दी जाती है । इस बाबते मणिकान्त सिंह कहते है की नवमी के दिन होने वाली बली के दौरान काफी भीड़ होती है। चुरली में पूजा के साथ साथ प्रतिमा विसर्जन की एक अलग ही परंपरा है । यहाँ माँ दुर्गा की प्रतिमा दशमी के दिन विसर्जित नहीं होकर एकादशी के दिन विसर्जित की जाती है । चुरली मेले का अपना अलग ही महत्व है। इलाके में यह कहावत प्रचलित है की जिसने चुरली का मेला नहीं देखा उसने कोई मेला नहीं देखा । पहले इस मेले में सर्कस, झूले, नौटंकी, मौत का कुंआ, आदि बड़ी संख्या में आते थे। आज भी इलाके के सबसे प्रसिद्ध मेले में शुमार चुरली मेला पांच दिन लगता है। सप्तमी के दिन शुरू होकर एकादशी तक यह मेला चलता है, लेकिन एकादशी मेला के दिन अत्यधिक भीड़ होती है, जहाँ नेपाल एवं बंगाल से काफी संख्या में लोग आकर इस मेला की शोभा बढ़ाते हैं ।

मुजाहिद आलम को कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति,बीस सूत्री का उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर किया गया स्वागत

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम को कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति /बीस सूत्री का उपाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद किशनगंज पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

किशनगंज आवास पर पूर्व मंत्री सह बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष नौशाद आलम, पूर्व जिला अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य प्रो बुलंद अख्तर हाशमी, पूर्व मुखिया हाजी मनौवर आलम, जदयू कला संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद अंजार आलम, किशनगंज नगर परिषद अध्यक्ष डां नूर आलम, सादिक आलम उर्फ भोला, महफूज आलम ने बुके देकर माला पहनाकर सम्मानित किया और मुबारकबाद दिए। साथ ही नजीब मोहम्मद, ओसामा प्यारे, अजहर इमाम, कांग्रेसी नेता अमन रेजा, बिट्टू, इन्जिनियर सुभाष सिंह, अंजार अशरफ,अरशद, आशिक इलाही, फिरदौस, पंचायत समिति सदस्य शाद आलम, पूर्व मुखिया मुखतार आलम सहित दर्जनों लोग बधाई देने वालों में शामिल थे।इस मौके पर पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने सभों के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि मुझे जब भी जो भी जिम्मेदारी दी गई है मैंने उसे पूरे इमानदारी के साथ निभाया है।इस नई जिम्मेदारी को भी पूरी इमानदारी एवं मजबूती से निभाउंगा।इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम एवं पूर्व मंत्री नौशाद आलम ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता असगर अली पीटर को किशनगंज जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर उन्हें बुके देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया और मुबारकबाद दिए।

बाजार मांग पर इठला रही कुर्ती एवं लेस से सजा सलवार सूट

शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गलगलिया बाजार एवं भातगाँव बाजार में खरीदारों की उमड़ी भीड़

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । खरीदारी के साथ बाजार में दुर्गा पूजा की रौनक छाने लगी है । शनिवार को एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित गलगलिया बाजार एवं नव स्थापित भातगाँव बाजार में खरीदारी के मद्देनजर जन-सैलाब उमड़ पड़ा । दुर्गा पूजा के मद्देनजर खरीदारी हेतु उमड़े विशाल जन-सैलाब के कारण गलगलिया बाजार की पुरानी रौनक एक बार फिर से दृष्टिगोचर हुई । जिससे स्थानीय दुकानदारों के चेहरे खिल उठे ।

वहीं दुर्गा पूजा को लेकर लोग पूरी उत्साह के साथ तैयारी में जूट गए है । बाजार में कपड़ा, जूता-चपल, कॉस्मेटिक, दशकर्मा की दुकानों के साथ राशन की दुकानों में भीड़ लगी हुई देखी गई । शनिवार को गलगलिया बाजार के सभी दुकानों में स्थानीयों के अलावे नेपाल व बंगाल के ग्राहकों की जन-सैलाब उमड़ पड़ी । विशेषकर कपड़ों व जूते-चपल की दुकानों में ग्राहक खरीदारी करने में जुटे रहे । बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग तक अपने - अपने मनपसंद की कपड़ों की खरीदारी में लगे हुए देखे हैं । कपड़ा की खरीदारी के बाद जूता - चप्पल के दुकानों में भी ग्राहक नए - नए डिजाइन के जूता चप्पल खरीदारी देर शाम तक करते रहे हैं । वहीं कॉस्मेटिक्स की दुकानों में महिलाएं एवं युवतियाँ साज - सज्जा के लिए विभिन्न तरह के सामानों की खरीदारी करती देखी गई ।

युवा वर्ग शर्ट में प्रिंट, लिनन, के अलावे जिन्स , टी - शर्ट , पजामा - कुर्ता आदि की डिमांड अधिक कर रहे हैं। ज्यादातर कॉटन कपड़ों की मांग ग्राहकों द्वारा की जाती है। वहीं महिलाओं के लिए साड़ी की डिमांड सबसे ज्यादा देखी जा राह है, जिसमें सिफॉन, वर्क की हुई

साड़ी, जयपुरी साड़ी, चंदेरी, कांजिवरम की साड़ी को महिलाएं खासतौर से पसंद कर रही हैं। वहीं दूसरी तरफ कुर्ती एवं विभिन्न प्रकार के लेस से सजी सलवार सूट को भी काफी पसंद किया जा रहा है।

कुल मिला कर देखा जाय तो दुर्गा पूजा की शुरूआत के साथ ही बाजारों में रौनक भी बढ़ने लगी है। बाजार ग्राहकों से गुलजार दिख रहे है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी, खोड़ीबारी, नक्सलबाड़ी, बतासी, बागडोगरा आदि जगहों की पूजा घूमने हेतु लोग गाड़ी बुक भी कर रहे हैं, ताकि बिना किसी परेशानी के पूजा का आनंद उठाया जा सके ।

नवरात्रि का सातवां दिन मां कालरात्रि की पूजा संपन्न आज अष्टमी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

दुर्गा पूजा हर वर्ष की तरह इस बार भी धूमधाम से मोती बाग चौक काली मंदिर के परागण में किया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। 21 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि की सातवें दिन महासप्तमी की पूजा की गई। मां दुर्गा की सातवीं शक्ति मां कालरात्रि की पूजा का विधि विधान से किया गया । मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने के लिए जानी जाती हैं, इसलिए इनका नाम कालरात्रि है। साथ ही ये देवी अपने भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करती हैं। इस कारण इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। मां दुर्गा की सातवीं स्वरूप मां कालरात्रि तीन नेत्रों वाली देवी हैं। मां कालरात्रि की पूजा-आराधना से भय और रोग का नाश होता है। साथ ही भूत प्रेत, अकाल मृत्यु, रोग, शोक आदि सभी प्रकार की परेशानियां भी समाप्त हो जाती हैं।

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास

रोहतास जिले के तिलौथू बाजार में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह एवं अपर थानाध्यक्ष अंकुश कुमार मंडल के नेतृत्व में तिलौथू थाना से निकलकर,तिलौथू

बाजार, तिलौथू गांव होते हुए जगदेव चौक के रास्ते तिलौथू मुख्य बाजार का भ्रमण कर पुनः तिलौथू थाना पहुंचा। इस फ्लैग मार्च की टीम में महिला पुलिस बल के अलावे पुलिस विभाग के अधिकारी व पुलिस बल के जवान शामिल थे। दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बहाल रखने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा तिलौथू बाजार एवं गांव में फ्लैग मार्च किया गया।

चार दिवसीय दशहरा मेला शुरू वैदिक मंत्रोच्चार व मां के जयकारे के साथ खुला पट

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड क्षेत्र में पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमाओं का पट वैदिक मंत्रोच्चार व मां के जयकारे के साथ खोला गया। इसके साथ ही चार दिवसीय दशहरा मेला भी शुरू हो गया है। पहले ही दिन

पंडालों में स्थापित शक्ति की देवी की प्रतिमाओं के दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जैसे जैसे शाम ढलती गई भीड़ बढ़ते जा रही थी। पूजा पंडालों के पास पुलिस के जवानों के साथ ही पूजा समिति के सदस्यों लगे हैं। देर रात तक श्रद्धालु पूजा पंडालों में दर्शन कर मेला का लुफ्त उठाते रहे। दशहरा मेला को ले पुलिस प्रशासन भी काफी मुस्तैद था। पूजा समितियों के सदस्यों की मेहनत से पूरा प्रखंड जगमग हो गया है। मुख्य सड़कों के साथ ही गली मुहल्लों में भी लाईटिंग व डेकोरेशन किया गया है। इसके अलावे पंडालों के आस पास आकर्षक डेकोरेशन से मनोहरता बढ़ गई है। पूजा समिति के सदस्यों द्वारा सजावट व रोशनी के साथ ही स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं दावथ का दुर्गा पूजा समिति का पंडाल सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है क्योंकि चंद्रयान 3 के जैसा पंडाल बना है। जिसमें मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। आचार्य पंडित मनोरंजन तिवारी ने बताया की सप्तमी के दिन मां काल रात्रि की पूजा की जाती है। मां को इस दिन गुड एवं घी से बनी वस्तुओं का भोग लगाना चाहिए।

आईओबी शाखा ने चलाया जागरूकता अभियान

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिले के दावथ बाजार स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के शाखा द्वारा

उसरी पंचायत के ग्राम उसरी में ग्राहकों और आम जनता के बिच जाकर शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया, बैंक के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया की उसरी ग्राम में कैम्प के माध्यम से उसरी ग्राम में लोगों को जन सुरक्षा के तहत लोगों को दी जाने वाली मात्र बीस रुपए वार्षिक में दो लाख तक दुर्घटना बीमा, वहीं चार सौ तेतालिस रुपए में लोगों को दी जाने वाली समान्य बीमा के बारे में बताया गया, वहीं भ्ष्टाचार मुक्त भारत के तहत लोन के साथ कोई भी सेवा में आम लोगों को सीधे शाखा प्रबंधक से अपनी बातें बेहिचक रखें वहीं विचालिय से दूर रहे, अपने कोई भी बैंकिंग कार्य के लिए सीधे ब्रांच के शाखा प्रबंधक से मिले किसी तिसरे व्यक्ति को नहीं लाये। वहीं बैंक द्वारा चलाये जा रहे अन्य बैंकिंग प्रोडक्ट के भी बारे में लोगों को जानकारी दी गई जिसको लेकर लोगों को लाभ मिला सकें, मौके पर उसरी पंचायत के मुखिया संजय कुमार, सरपंच संदीप कुमार, बैंक के खजाँची उत्तम कुमार, बैंक कर्मी रजनीश कुमार के साथ अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

वायरल आपत्तिजनक मैसेज पर मुख्य पार्षद ने जताई कड़ी निंदा

आला अधिकारियों को आवेदन के माध्यम से सख्त से सख्त करवाई की मांग की

दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास

रोहतास नगर पंचायत के माननीय मुख्य पार्षद श्रीमती सुंबल आरा जी ने फेसबुक पर वायरल आपत्तिजनक वीडियो पर कड़ी निंदा जताते हुए कहा

की। सभी धर्म का सम्मान करना ही नैतिकता है। समाज में सभी लोग एक दूसरे से मिलजुल कर रहते हैं। यह हमारी नगर पंचायत की खूबसूरती है। अगर इसको कोई बिगाड़ने का कार्य करता है, तो उसके खिलाफ प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करें। समाज में बुराई फैलाने वाले ऐसे मानसिकता के व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बक्शा ना जाए। इसके लिए मैं माननीय पुलिस अधीक्षक डीआईजी आईजी से मांग करती हूं कि यथाशीघ्र संज्ञान लेते हुए इस पर कार्रवाई करें। इस मामले में तत्काल गिरफ्तार कराई जाए।

पट खुलते ही मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु , देर शाम तक रही भीड़

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को पूजा पंडालों का पट खुलते ही माता की दर्शन व पूजा- अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवती के कालरात्रि माता स्वरूप की पूजा- अर्चना की गई। सप्तमी तिथि को पूजित बेल के रस से माता दुर्गा को नेत्र ज्योति अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद पट खोल दिए । संध्याकाल पूजा स्थलों पर दीप जलाने वाली महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। शारदीय नवरात्र के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा शनिवार को श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। इसके साथ ही अलग-अलग दुर्गा मंदिरों में मां दुर्गा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधान के साथ हुआ और मां दुर्गा प्रतिमा दर्शन के लिए मंदिरों का

पट खोल दिया गया । पट खुलने के बाद दर्शन को श्रद्धालु उमड़ने लगे। शहर के नटवार रोड स्थित दुर्गा मंदिर, सासाराम रोड सब्जी मंडी स्थित दुर्गा मंदिर,डुमरांव रोड मां काली मंदिर,आरा रोड,स्टेशन रोड आस्कामिनी नगर धारुपुर बिक्रमगंज सहित सभी दुर्गा मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना देर शाम तक चलता रहा। देवी प्राण प्रतिष्ठा सहित नव प्रत्रिका पूजन सहित कई वैदिक पूजा विधान के मंत्रोच्चारण व देवी दुर्गा के भाव पूर्ण गीत से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। मंदिर परिसर में नारियल, चुनरी व अन्य प्रसाद सामग्री की दुकानें सज गई। मंदिर परिसर में मेला सा दृश्य दिखा। रविवार को देवी के अष्टम स्वरूप महा गौरी की पूजा होगी व महिलाएं डलिया अर्पित करेंगी। इस भीड़ प्रबंधन को लेकर पूजा समिति की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

खुले में शौच करने वालो की खैर नही चला धरपकड़ अभियान, कराया गया उठक-बैठक

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव कस्बे में खुले मे शौच मुक्त करने के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहित राशि देकर शौचालय बना रही हैं। इसके बावजूद खुले में शौच करने वाले लोग बाज नहीं आ रहे हैं। अब ऐसे लोगों पर लगाम कसने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने कमर कस ली है। खुले में शौच करते पकड़े जाने पर एक निश्चित जुमार्ना लगेंगे वही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किरहीं के विभिन्न गांवों में शुक्रवार की देर संध्या और रविवार की सुबह ग्राम पंचायत सिकरियां के विभिन्न गांवों में काराकाट बीडीओ के द्वारा ग्राम

पंचायत किरहीं निज ग्राम,बदिलाडीह,आमौरा,रामपुर एवं नावाडीह इत्यादि जगहों पर खुले में शौच करने वाले को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया और चेतावनी दिया गया कि अगर कोई भी महिला व पुरूष खूले में शौच करते पकड़े जाएंगे तो उन्हें नियमानुसार जुमार्ना तथा अर्थदंड सहित रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से प्रखंड प्रशासन के प्रयास में भागीदारी निभाते हुए आगे बढ़कर इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सार्थक सहयोग करने के लिए अपील की गयी। मौके पर बीडीओ राहुल कुमार सिंह,अनिल कुमार पासवान,श्याम बिहारी सहित प्रशासन के लोग उपस्थित थे।

टेंपो के जोरदार टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को खनेठी के बधार के समीप एक अनियंत्रित टेंपो ने बाइक सवार दंपति में टक्कर मार दी। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बाहर ले जाने की सलाह दी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि खनेठी गांव के बधार में स्थित मोड़ के समीप नोखा निवासी रविंद्र कुमार अपनी पत्नी सविता देवी के साथ कोचस से नोखा लौट रहे थे कि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहा है एक अनियंत्रित टेंपो ने टक्कर मार दी। इस घटना में पति-पत्नी दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक टेंपो लेकर फरार हो गया।

दस लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना के सहायक ओपी बड़हरी क्षेत्र के रेडियां हाई स्कूल के समीप शराब के दस लीटर शराब के साथ दो धंधेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार पंडित ने देते हुए बताया कि रेडिंया हाई स्कूल के समीप कोचस थाना क्षेत्र के सतसा निवासी राकेश पासवान व राजेश

पासवान को दस लीटर देसी महुआ शराब आपूर्ति के लिए एक व्यक्ति का इंतजार कर रहे थे। इस बीच गश्ती पुलिस ने शक के आधार पर दोनों को बुलाया। इस पर दोनों भागने लगे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों धंधेबाजों को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

युवा भाजपा नेता रंजीत यादव ने जोकीहाट विधान सभा के विभिन्न दुर्गा मंदिरों का लिया जायजा

माता का दर्शन वहां आयोजित पूजा-अर्चना में शामिल हो अररिया लोकसभा क्षेत्र वासियों के कल्याण का किए कामना

दैनिक समाज जागरण अररिया।

भाजपा के युवा नेता रंजीत यादव ने भाजपा नेताओं के साथ अररिया लोकसभा क्षेत्र के पलासी (जोकीहाट विधानसभा) स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों का दौरा कर वहां माता का दर्शन किया एवं वहां आयोजित पूजा-अर्चना में शामिल हुआ। माँ दुर्गा से अररिया लोकसभा क्षेत्र सहित समस्त देशवासियों के जीवन मे सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये एवं सभी का कल्याण करें यही कामना

है । इस मौके पर पंडित आमोद झा के अलावा भाजपा नेता उनके साथ थे। फ्रेंड्स ऑफ रंजीत की टीम ने बताया कि विभिन्न मंदिर के आयोजकों से मिलकर पूजा, मेला, कार्यक्रम आदि की भी चर्चा किए। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा को अंतिम रूप दे दिया गया है और भक्तों के लिए पट खोल दिए गए हैं। माहौल सभी जगह भक्ति मय हो गया है।

पनोरमा ई होम्स में डांडिया मस्ती कार्यक्रम का संजीव मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।

एक दैनिक अखबार द्वारा आयोजित पनोरमा ई होम्स में डांडिया मस्ती कार्यक्रम का पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने दीप प्रवज्जलित कर शुरूआत की साथ ही आयोजक हिन्दुस्तान टीम को इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने शुभकामनाएँ भी दिया। इस उद्घाटन के मौके पर उनके साथ पूर्णियां के जांबाज टाउन डी एस पी पुष्कर कुमार भी मंच पर उपस्थित थे।

दो दिवसीय शिविर में निशुल्क रोगियों का हुआ इलाज

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

आरा रोड स्थित आदित्य कंपलेक्स बिक्रमगंज में शहर के अनुभवी एवं चर्चित होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार द्वारा "राजस्थान औषधालय" के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। इसके पहले भी डॉ.मुकेश गरीब और असहाय रोगियों के लिए शिविर अन्य गांवों और शहरों में कई जगहों पर लगाते आ रहे हैं। इस शिविर में उनके कई सहयोगी डॉक्टरों का भी साथ मिलता रहा है। इस शिविर में स्त्रियों के बांझपन, पुरुषों के सेक्स संबंधित कई रोग, हर तरह के दर्द, पुराना गठिया और चर्म रोग से संबंधित रोगों को लेकर करीब 88 मरीजों का निःशुल्क चेकअप हुआ। डॉ. मुकेश ने कहा कि होम्योपैथिक दवा से बड़े-बड़े रोगों का इलाज

आज के समय में संभव है, यह सारी दवाइयां जर्मन मेड की होती है। जो कुछ ही दिनों में रोगों पर अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। खास करके गठिया, चर्म रोग और स्त्रियों के बांझपन आदि रोगों में होम्योपैथिक दवा से बहुत सारे मरीजों को फायदा हुआ है।

इस शिविर में मरीजों की सुबह से ही भीड़ देखी गयी। ठंड की शुरूआत में ज्यादातर मरीज गठिया रोग से संबंधित दिखाई दिये। शिविर में "राजस्थान औषधालय" की तरफ से मरीजों को निःशुल्क दवाइयों की वितरण की व्यवस्था भी की गयी थी। दो दिन के इस शिविर में बिक्रमगंज अनुमंडल के आसपास के सैकड़ो असहाय और गरीब लोगों ने इस शिविर से अपने को लाभान्वित महसूस किया।

ऐश्वर्य व मोक्ष प्रदान करता है हवन : आचार्य हरिशरण दुबे

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

शक्ति की उपासना का चलन प्राचीन काल से है। इसे सनातन धर्म की विशेषता भी कहा जाता है।शक्ति वह ऊर्जा है,जो निर्गुण ब्रह्मा को अभिव्यक्ति देती है। जिससे विश्व अस्तित्वमान है।नवरात्र में शक्ति उपासना का विशेष महत्व है। जिसकी पूर्णता हवन से होती है। इस संदर्भ में आचार्य हरिशरण दुबे का कहना है कि विधि-विधान से किया गया हवन सब प्रकार के रोग-शोक का नाश करता है, जो साधक को ऐश्वर्य व मोक्ष प्रदान करता है। ग्रंथों के अनुसार नवरात्र व्रत और हवन करने से अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। हवन के दौरान 'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै' मंत्र शीघ्र विवाह कराने वाला होता है। श्री दुबे ने कहा कि धन-लाभ के लिए स्फटिक की माला पर 'क्लीं ऐं ह्रीं चामुण्डायै विच्चै' मंत्र का जाप करना चाहिए। वहीं परेशानियों के अंत के लिए 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै' मंत्र का जाप करना चाहिए। हवन के उपरांत साधक जानकारी के अभाव में स्वेच्छानुसार आरती उतार लेते हैं, जबकि देवताओं के सम्मुख चौदह बार आरती उतारने का विधान है। चार बार चरणों पर से, दो बार नाभि पर से, एक बार मुख पर से और सात बार पूरे शरीर पर से आरती की जाती है । जहां तक हो सके विषम संख्या में अर्थात 1, 5, 7 की संख्या में बत्तियां बनाकर ही आरती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हवन के समय लक्ष्मी, ऐश्वर्य और धन संबंधी इच्छा की पूर्ति के लिए पीले रंग के आसन का प्रयोग करें। वशीकरण के लिए काले रंग के आसन का प्रयोग करें। बल, शक्ति आदि प्रयोगों के लिए लाल रंग के आसन का प्रयोग करें। जबकि सात्विक साधनाओं आदि के प्रयोगों के लिए कुश के बने आसन का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धन संबंधी प्रयोगों में आप पीले वस्त्र ही पहनें। बताया कि जायफल से हवन करने से कीर्ति की प्राप्ति, किशमिश से कार्य की सिद्धि, आंवले से सुख और केले से आभूषण की प्राप्ति होती है। इस प्रकार फलों से अर्घ्य देकर यथाविधि हवन करें। खीर,घी, गेहूं,शहद,जौ, तिल,बेल्व-पत्र, नारियल, किशमिश व कदंब से हवन करें। गेहूं से होम करने से लक्ष्मी-प्राप्ति,खीर से परिवार-वृद्धि, चंपा पुष्प से सुख-संपत्ति,आंवले से कीर्ति, केले से पुत्र-प्राप्ति,कमल से राज-सम्मान और किशमिश से सुख-संपत्ति की प्राप्ति होती है। खीर,घी,नारियल,शहद,जौ, तिल व फलों से होम करने से मनवांछित फल मिलता है। व्रत करने वाला व्यक्ति इस विधान से होम कर आचार्य को अत्यंत नम्रता के साथ प्रणाम करें और यज्ञ- सिद्धि के लिए उन्हें दक्षिणा दें। इस महाव्रत को पहले बताई गई विधि के अनुसार जो कोई करता है,उसके सब मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं।

रेल टिकट कालाबाजारी के जुर्म में 2 लोग धराएं

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो

दुर्गा पूजा में रेलवे में सीट को लेकर हो रही मारामारी को देखते हुए सासाराम जंक्शन पर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज के दिशा निर्देश पर अवैध टिकट दलालों के बिरुद्ध अभियान तेज कर दिया है।अभियान के दौरान निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार तथा अपराध आसूचना शाखा के निरीक्षक पंकज कुमार यादव के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट सासाराम एवम अपराध आसूचना शाखा डीडीयू के अधिकारियों एवं जवानो द्वारा संयुक्त रूप से दविश देकर करगहर बाजार स्थित रूपम इंटरनेट दुकान पर छापेमारी किया गया। जहां से विनोद वीर सावरकर को गिरफ्तार किया गया। उक्त व्यक्ति के मोबाइल खगालने पर कुल 27 ई टिकट बरामद हुआ जिसका अनुमानित मूल्य 22336/-रुपए तथा 1 भविष्य का ई टिकट जिसका मूल्य 902 पाया गया। वही कैमूर में के दुर्गावती स्थित जैसवार फोटो स्टेट के दुकानदार

रमेन्द गुप्ता के पास से 13 इ टिकट मूल्य करीब 8750 का पाया गया।आरपीएफ द्वार इस संबंध में दोनो कलाबाजारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा ही। इस अभियान में उप निरीक्षक विक्रमदेव सिंह,अवर निरीक्षक आर के राय, सहायक अवर निरीक्षक सतीश कुमार,आरक्षी सोनू कुमार गुप्ता, प्रधान आरक्षी अवधेश सिंह, आरक्षी कैसर जमाल, आरक्षी सौरभ कुमार शामिल रहें।

मां दुर्गा का पट खुलते ही पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भक्तों की जनसैलाब

शहर से लेकर गांवों तक मां की पूजा-अर्चना में मग्न ,आकर्षक ढंग से सजाया गया है पंडाल

दैनिक समाज जागरण अररिया।

शारदीय नवरात्र के सप्तमी के मौके पर शनिवार को पूरी श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की कालरात्रि रूप की पूजो आराधना की। पूजा पंडालों में दिन की आरती में भी बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।शनिवारे को मां के दर्शन को पट खुलना था, इसलिए सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल शुरू हो गयी थी।खासकर महिलाओं व बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गयी। मां के दरबार का पट खुलते ही पूजा पंडालों में मां के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।पूरे शहर में जाम जैसा नजारा दिखने लगा। यह सिलसिला देर रात तक चली।भीड़ के कारण शहर के अंदर वाहनों के श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। हालांकि चौक चौराहे पर पुलिस प्रशासन की भी प्रतिनियुक्ति की थी।पूरा शहर मां की वंदना व स्तुति से गुंजायमान हो रहा है।हर कोई मां की भक्ति में डूबा हुआ है।जबकि मंदिर वे पूजा पंडाल को रंग-बिरंगी रोशनियों से नहला दिया गया है। शहर में बनाये गये एक से बढ़कर एक आकर्षक पूजा पंडालों व मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए बच्चों से लेकर हर उम्र वर्ग की महिला व पुरुषों का जनसैलाब सा सड़क पर उमड़ पड़ा।

विधि-व्यवस्था को लेकर शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिसबलों की तैनाती की गयी है। जिला के वरीय से लेकर सभी तरह के पदाधिकारी दुगार्पूजा को सद्भाव पूर्वक संपन्न कराने में मुस्तैदी दिखा रहे हैं। जबकि मां का पट खुलते ही पंडालों में स्थापित मां के अनेक रूपों के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।यह सिलसिला देर रात तक चलती रही।वहीं सप्तमी के अवसर पर दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है।

कालरात्रि का हुआ पूजा, महागौरी का होगा पूजा शनिवार को मां कालरात्रि का पूजा अर्चना किया गया। बताया जाता है कि शारदीय नवरात्र के दौरान किये जाने वाले निशा पूजन का एक अलग ही महत्व है। मां शक्ति के सातवें रुप को कालरात्रि के रुप में जाना जाता है।सप्तमी को मां का महास्नान कराया जाता है।इसी दिन रात में निशा पूजा का आयोजन होता है। मंदिर के मुख्य पुजारी के देख रेख में निशा पूजा का आयोजन किया जाता है। इस पूजन में अन्य धार्मिक क्रिया कलापों के अलावा गांव के एक परिवार विशेष द्वारा दी गयी बलि से इसकी शुरूआत होती है।इसमें काले कबूतर व काले छागर की बलि दी जाती है। इस पूजा की शुरूआत बारह बजे रात में होती है,जो अगले दो घंटे तक चलती है।

जोकिहाट एवम नरपतगंज पुलिस को मिली सफलता शराब जप्त दो तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण जोकीहाट/नरपतगंज ।

जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 175.125 लीटर विदेशी शराब लदे टेम्पु के साथ 01 शराब तस्कर को

गिरफ्तार किया गया जबकि नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 180 लीटर नेपाली शराब लदे टेंपू के साथ 01 शराब तस्कर को हिरासत में लिया गया ।

मृतकों के परिजनों से मिले केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सह सांसद आरके सिंह

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के कोयल गांव निवासी प्रवासी मजदूरों की मेरठ के लोहिया नगर स्थित एक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी जिसमें चार लोग कोयल गांव के थे और एक जगदीशपुर के रकटु टोला गांव के थे मौत बाद पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री सह सांसद राजकुमार सिंह कोयल गांव पहुंचे। केंद्रीय मंत्री द्वारा हादसे के चारों मृतक प्रयाग साह, रूपन साह, सुनील ठाकुर व अयोध्या राम के घर पहुंच पीड़ित परिवार को दुख की घड़ी में ढांढ़स दिया। केंद्रीय मंत्री द्वारा सभी पीड़ित परिवार के आश्रितों को पीएम आवास योजना के तहत आवास,पेंशन,परिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपए व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर यूपी सरकार से भी उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं मृतक सुनील ठाकुर के दोनों पुत्री रंभा कुमारी और दुर्गा कुमारी की पढ़ाई के लिए कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नामांकन करने की भी बात कही मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, चरपोखरी मंडल अध्यक्ष विक्की सिंह, रामसागर राय, प्रखंड महामंत्री प्रमोद कुमार पांडेय, प्रखंड उपाध्यक्ष उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक केसरी, अरुण सिंह, सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, मिथलेश कुशवाहा,बंदना राजवंशी, लड्डु राय सहित भाजपा के कई अन्य लोग मौजूद थे।

पट खुलते ही माई मुसकइली,आई गइले हो मूर्ति में जान हो की बोले लगली माई दुर्गा

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

पूरे क्षेत्र में आज महासप्तमी का त्यौहार मनाया जा रहा है जहां मां दुर्गा का पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पांडालों में उमड़ पड़ी। आरा शहर के मुख्य द्वार बैंक कॉलोनी पूजा पंडाल में भव्य मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है वहीं पूरे जिले का अनोखा एवं एक अलग तरह का पंडाल का भी निर्माण किया गया था जिसमें कि पर्यावरण को बचाने का संदेश देते हुए उसे बचाने की अपील की गई है। वही चंद्रयान 2 का भी मॉडल में बनाया गया है जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पूजा समिति के अध्यक्ष श्री गुड्डु सिंह बबुआन ने बताया कि इस बार पूजा समिति की ओर से एक अलग ही तरह का पंडाल का निर्माण कराया गया है एवं उसमें मां दुर्गा की भव्य और सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई है।श्रद्धालु के लिए सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया हैं। सीसीटीवी कैमरा से लेकर फायर सेफ्टी और फर्स्ट एड की व्यवस्था पंडाल पर की गई है। वही पंडाल में भरत शर्मा के देवी गीत पट खुलते ही माई मुसकइली,आई गइले हो मूर्ति में जान हो की बोले लगली माई दुर्गा से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

कोयल गांव में एक साथ उठी चार अर्थियां

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोयल गांव में एक साथ चार अर्थियां सजी।मातमी माहौल के कारण गांव में आयोजित दुर्गा पूजा मायूसी की भेंट चढ़ गया। मेरठ के लोहिया नगर में हुए हादसे में मारे गए मजदूरों का शव करीब आठ बजे कोयल गांव पहुंचा। गांव में मजदूरों का शव पहुंचते ही आस-पास के गांवों से काफी संख्या में ग्रामीण, अधिकारी कोयल गांव पहुंच पीड़ित परिवार ढांढ़स बंधा दे रहे थे। कोयल गांव में एक साथ चार मजदूरों की मौत के मातम की भेंट गांव का इकलौता दुर्गा पूजा भी चढ़ गया।मजदूरों की मौत के बाद से ही दुगार्पूजा का उत्सव का माहौल मातम में बदल गया है। पूजा पंडाल में भी चारों ओर मायूसी देखने को मिली। प्रवासी मजदूरों के परिजनों की दहाड़ से पूरा गांव गुंज उठा। कोयल गांव में विगत चार दिनों से मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

साईबर अपराधियों व दलालों की कट रही है चांदी

दैनिक समाज जागरण राम शरण शर्मा अगिआंव भोजपुर

भोजपुर जिला अन्तर्गत अगिआंव प्रखंड क्षेत्र के तमाम पंचायतों व गावों में राशन कार्ड बनवाने व कटवाने वाले साईबर अपराधी व दलाली करने वाले सहित जमीन से संबंधीत फर्जिवाड़ा कार्य कराने वाले दलालों की आज कल खुब चांदी कट रही है। राशन में कोई भी काम कराना हो दलालों को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। वही नाम कट गया तो फिर से नाम जोड़वाने समय सभी कार्यों के लिए लोगों को पैसा देना पड़ता है, जो लोग पैसा देने मे असमर्थ है उनका काम ना करके किसी ना किसी कारण से उसके आवेदन को रिजेक्ट कर दिया जाता है। इस तरह के कार्यों में दलाल व साईबर अपराधी सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साईबर अपराध करने में कम्पुटर ऑपरेटर ,नेता ,डीलर, अधिकारी समेत अच्छे खासे लोगों का नाम चर्चा में हैं,जिनका सरकार द्वारा अतिशीघ्र जाँच कर कार्रवाई करते हुए सलाखों के अंदर डाल देना चाहिए अन्यथा आने वाले समय में जनता सरकार के खिलाफ भारी आन्दोलन करने पर बाध्य हो सकती है।

अवैध रूप से रेलवे टिकट काटने के आरोप में युवक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर

भोजपुर जिले के कोईलवर स्थित शहीद कपिलदेव चौक स्थित एक साइबर कैफे में आईआरसीटीसी से फर्जी टिकट बनाने के आरोप में एक युवक को कोईलवर पुलिस की सहयोग से दानापुर मण्डल के आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। कोईलवर में रेलवे की ई-टिकटों का अवैध कारोबार करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेलवे सुरक्षा बल ने आरोपी से कई टिकट और नकदी बरामद किया है। आरोपी आईआरसीटीसी की पर्सनल यूजर आईडी से टिकट जनरेट करता था और यात्रियों से तय कीमत से ज्यादा रुपए वसूलता था। आरोप है कि युवक रेल टिकट काट कर निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये लेता था और समय से पूर्व टिकट काट कर यात्री को देता था। गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे की टीम ने ग्राहक बन कर साइबर कैफे से टिकट कटवाया और प्रिंट आउट लेने के बाद अपने अन्य साथियों को बुलाकर छापेमारी की। साथ ही प्रयुक्त होने वाले सामानों को भी जब्त कर स्थानीय पुलिस को सूचित कर अपने साथ दानापुर ले गई। जानकारी के अनुसार साइबर कैफे संचालक का नाम मोहम्मद याकूब अंसारी बताया जाता है जो कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड नं- 11 सुरौधा निवासी अब्दुल हबीब का पुत्र बताया जाता है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक बीते कई महीनों से रेलवे टिकटों का अवैध कारोबार कर रहा था।

नाट्य प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

पहला दिन पवार के टीम द्वारा "माई के ममता" नाटक का हुआ मंचन

दैनिक समाज जागरण बंटी राठौर गड़हनी भोजपुर

भोजपुर जिला अंतर्गत नगर पंचायत गड़हनी में दुर्गा पूजा समिति पुरानी बाजार द्वारा 33 वीं नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसका विधिवत उद्घाटन चरपोखरी थानाध्यक्ष संजय सिन्हा, गड़हनी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, दुगार्पूजा अध्यक्ष सुमन चौरसिया व संस्कृति पदाधिकारी मुन्ना बारी, बिरेन्द्र राम, पीर मोहम्मद, टुनटुन बाबा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुगार्पूजा अध्यक्ष सुमन चौरसिया व संचालन पत्रकार मुरली मनोहर जोशी ने किया। प्रतियोगिता में जिले के अलग-अलग प्रखण्ड से कुल पाँच टीम शामिल होगी।शुक्रवार को जूनियर नाट्य क्लब पवार द्वारा नाटक "माई के ममता" का मंचन किया जाएगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार सन 1993 से ही पुरानी बाजार में नाट्य प्रतियोगिता की शुभारम्भ हुई थी तब किसी ने यह नहीं सोचा था कि यह सिलसिला इतना आगे बढ़ जायेगा 1993 से 2023 तक पहुंच जायेगा।भोजपुरी सभ्यता और संस्कृति को समेटे हुए यह नाट्य प्रतियोगिता भोजपुर जिले में चर्चा का विषय बना रहता है। 1993 में शुरू हुई प्रतियोगिता में दस टीम भाग ली थी जिसमे चतुभुर्जी बराव के टीम ने "माई" नाटक मंचन कर प्रथम विजेता बनकर लौटा था। आज के समय में नाट्य प्रतियोगिता को लोगों द्वारा समाज का आइना कहा जा रहा हैं। इस वर्ष नाटक प्रतियोगिता की सारी जिम्मेदारी कमिटी के सांस्कृतिक पदाधिकारी मुन्ना बारी, बिरेन्द्र राम, पीर मोहम्मद व असीम कुमार राय उर्फ टुनटुन बाबा पर हैं।

योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूरा करें : डीएम श्रीकांत शास्त्री

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 21 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय नबीनगर स्थित बहुद्देशीय भवन मे बैठक मे समीक्षा के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को कई तरह के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बैठक मे दुर्गा पूजा के अवसर पर सुरक्षा एवम विधि व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।बैठक मे सभी से मिल जुलकर त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की बात कहा गया। बैठक में अधिकारीयों और जन प्रतिनिधियों के साथ विकाश कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया की विकास योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूरा करे ताकि इसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह,अंचल अधिकारी आलोक कुमार,नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी श्यामनंदन प्रसाद,प्रमुख चित्रा कुमारी,पंचायत समिति लव सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।।

शारदीय नवरात्र पर सप्तमी तिथि को खुला माता का पट दर्शनार्थियों ने किया दर्शन

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर बिहार 21 अक्तूबर 2023 शारदीय नवरात्र के अवसर पर आज सुबह 6 बजे से नबीनगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का पट पूरे विधि विधान , मंत्रोच्चार एवम ढोल नगाड़ों के बीच खोला गया। प्रतिमाओं का पट खुलते ही दर्शनार्थियों द्वारा माता का दर्शन कर पूजा अर्चना किया जाने लगा।निर्धारित मुहूर्त मे मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा करना,आंख खोलने को ही पट खोलना कहा जाता है। यह कार्य महासप्तमी तिथि को किया जाता है नवरात्रि मे सातवें दिन की तिथि को महासप्तमी कहते है इस दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति मां कालरात्रि की पूजा की विधान है। मां कालरात्रि दुष्टों के विनाश के लिए जानी जाती है इसलिए इनका नाम कालरात्रि पड़ा। उनके पूजन से ब्रह्मांड का सिद्धि द्वार खुल जाता है। विघ्नो का नाश होता है और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

नबीनगर के मंगल बाजार,शनिचर बाजार,पंडा मोहल्ला,जनकपुर पोखरा , अनुग्रह नारायण स्टेडियम, दास मोहल्ला सहित प्रखण्ड क्षेत्र के चंद्रागढ़, सुरार,टंडवा,माली , बड़ेम, नबीनगर रोड आदि क्षेत्रों से भी पट खुलने ओर पूजा अर्चना किए जाने के समाचार मिल रहे है।इस अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों मे सजावट और रौशनी की उत्तम व्यवस्था की गई है। सूरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पूजा पंडालों मे पुलिस बल को भी प्रतिनियुक्त किया गया है ।महासप्तमि के अवसर पर आज जनकपुर पोखरा दुर्गा पूजा समिति द्वारा देवी जागरण का भी कार्यक्रम रखा गया है जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक द्वारा किए जाने की संभावना है।

मृतक के आश्रितों से मिल ढांढस बंधाया

दैनिक समाज जागरण राम शरण शर्मा अगिआंव भोजपुर

भोजपुर जिला अन्तर्गत अगिआंव प्रखंड क्षेत्र के खनेट ग्राम के आरा में पन्द्रह दिन पूर्व इमली बस स्टैंड के पास टैंकर के द्वारा अरुण कुमार राय को रौंद दिया गया था। जिनका हॉस्पिटल ले जाने के दौरान ही मृत्यु हो गई थी। जिनके आश्रितों से मिलकर अगिआंव पूर्वी जिला परिषद के पुत्र अभिजित कुमार ने उन्हें ढांढस बंधाया व संतावना दी । साथ ही साथ मुआवजा दिलाने की भी बात कही। वही साथ ही अगिआंव प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर मुआवजे की जानकारी ले आश्रितों को बताते हुए कागजी कार्रवाई करने और उसमें मदद करने का आश्वासन दिया गया। अगिआंव बीडीओ द्वारा फोन पर बताया गया कि हमारे तरफ से 20 हजार की मुआवजा दिया जा सकता है। बाकी का लाभ डीटीओ के द्वारा दिया जायेगा। आश्रितों के परिवार में मां 65 वर्ष,भाई 45 वर्ष (दिव्यांग) पत्नी 35 वर्ष, पुत्र 17 वर्ष और पुत्री 11वर्ष की है। मौके पर खनेट वार्ड सदस्य अमित कुमार, आकाश गौरव, रामजी राय(ईसरपुरा)रविंदर राय ,प्रकाश कुमार के साथ परिवार के सदस्य ग्रामीण भी मौजूद रहे ।

रोड में बनी गढा दुर्घटना का दे रहा आमंत्रण।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 21अक्तूबर 2023:-

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य रोड में बनी गढ़ा दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है।स्वास्थ सुखी जीवन जीने के लिए जितना जरूरी रोटी कपड़ा और मकान के जरूरत है उसे कम सड़क का नही जी हां हम बात कर रहे हैं देव खड़ीहा गांव के रोड़ की जो गढ्ढे मे तब्दील है हालाकी इस रास्ते से देव प्रखंड के बेढ़नी एरौरा पूर्वी और पश्चिमी केताकी पंचायत के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों का आवागमन का एक मात्र रास्ता है।देव गोदाम से प्रारम्भ होने वाली यह रोड खडीहा कचनपुर भंडारी गंगटी जोधपुर एरौरा यदुपुर बारा बरहेता महुआ दोहर आजाद बिगहा तेतरिया कलाल बिगहा होते मैगरा नारायणपुर को जोड़ती है।रोड की दुर्दशा यह है कि एक घंटे की रास्ते दो घंटे में तय करना पड़ता है इस रोड से आवागवमन करने वाले दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगा चुकें हैं लेकिन शिर्फ आस्वासन प्राप्त हुआ है।

एक मोटरसाइकिल के साथ तीन शराब कारोबारी गिरफ्तार गया जेल।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 21अक्तूबर 2023:-

औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना की पुलिस ने एक मोटरसाइकिल के साथ तीन शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है ढीबरा थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि तीनों शराब कारोबारी अपनी चलाकिं से पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाते थे।शनिवार को भी तीनो ने वही चलाकिं अपनाया।लेकिन उनकी चलाकिं को पुलिस समझ चुकी थी और तीनो को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार शराब कारोबारी को शनिवार को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ढिबरा थाना क्षेत्र के किशुनी बिगहा के पास पक्की सड़क पर पुलिस ने जांच शुरू की।उतर कोयल नहर के तरफ से तेज रफ्तार में एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक दो हरे जार और बैग लेकर पहुँचे मौके से तीनों को गिरफ्तार कर बैग और जार की जांच की गई तो जार में महुआ चुलाई शराब और बैग में 42 बोतल रॉयल ब्लू अंग्रेजी शराब जिसका मात्रा 9 लीटर था।शराब और मोटरसाइकिल बरामद करते हुए तीनो शराब करोबारियों को ढिबरा थाना लाकर पूछताछ की गई।तीनो शराब कारोबारी सनोज कुमार विकास कुमार और उपेंद्र कुमार देव थाना क्षेत्र के इसरौर के निवासी हैं।तीनो काफी दिनों से शराब का धंधा कर रहे हैं।लेकिन पूर्व में पुलिस को गुमराह कर के फरार हो जाते थे।लेकिन शनिवार को उनकी चलाकी काम नही आई।गिरफ्तार तीनो शराब कारोबारी को जेल भेज दिया गया है।

डीएम के निर्देश पर वेदांत अस्पताल में किया गया जांच

अस्पताल के भीतर गुप्त जांच चली जांच टीमों द्वारा बताया गया अभी जांच पूरी नहीं हुई है

वीरेंद्र चौहान,समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज21अक्टूबर। बिहार के किशनगंज जिला मुख्यालय डेमार्केट अस्पताल रोड स्थित आईवीएफ तकनीक सेंटर वेदान्ता अस्पताल पर मरीजों के शोसन एवं लाखों ठगी के आरोप प्रकरण में डीएम के निर्देश के आलोक में गठित जांच टीम पहुंचे। जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी अरूण कुमार के नेतृत्व में महिला चिकित्सक डॉ . उर्मिला कुमारी एवं डीआइओ रंजीत कुमार शामिल थे और बीते शुक्रवार देर शाम करीब दो घंटे अस्पताल के भीतर गुप्त जांच चली।जहां किसी को जाना मना था। जांच टीम बाहर आयी तो पत्रकारों के सवाल पर डीटीओं अरूण कुमार ने कहा कि जांच अभी बाकि है और गोपनीय है। अस्पताल के बाहर प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को जांच टीम को दो टूक जवाब के बाद ही वापस लौटना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि बच्चें प्राप्ति की चाह में दम्पति हिना प्रवीण पति शाहबाज आलम निवासी सारोगोरा ,थाना व जिला किशनगंज के निवासी ने डीएम को एक आवेदन में कहा था कि टेस्ट ट्यूब बेबी (आईवीएफ) तकनीक की सुविधा जानकर शहर के नामचीन वेदान्ता अस्पताल पहुंची थी मगर निराशा हाथ लगी और करीब पांच साल तक लाखों रूपया अस्पताल के अनुसार गंवाया ।मगर परिणाम कुछ नहीं निकला और ठगा-सा रह गया हूं । उन्होंने अस्पताल के एक कर्मी पर भी गंभीर आरोप लगाया है कि डॉ.तारा स्वेता आर्या के अनुपस्थिति में उसके पर्सनल सेकेट्री मो.आसिफ जो न तो कोई डाक्टर हैं और लेडी डॉक्टर या नर्स के अनुपस्थिति में वह अकेले में ही जांच किया करता था और मेरे मना करने पर भी वह बंद कमरें में जांच के नाम पर बेड टंच किया करता था ।इस अस्पताल में इलाज के दौरान करीब नौ लाख रुपये गवां चुकी हूं और शारीरिक शोशन का शिकार भी हुयी हूं।इन सभी कारणों से पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगायी थी।इन गंभीर आरोप के आलोक में जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर गठित टीम द्वारा जांच के द्वारा जांच की गयी ।

नशे की हालत में दो युवक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार थाना पुलिस ने शराब पीकर हंगामा करने के मामले में दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है । मिली जानकारी के अनुसार खैरा गांव निवासी राजू पंडित का पुत्र सूरज कुमार तथा ननउर गांव निवासी स्व राजकुमार साव का पुत्र मिथुन साव को शराब पीकर हंगामा करने के मामले में सहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया गया है।

दुआरी गांव के समीप से शराब लदी कार जब्त तस्कर फरार

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के दुआरी गांव के समीप से पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा मे देसी शराब जब्त किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की इस क्षेत्र मे शराब की खेप आने वाली है सूचना पर टंडवा थाना के एस आई ओम प्रकाश सिंह एवम सशस्त्र बल ने घेराबंदी कर दुआरी गांव के समीप एक कार को बरामद किया । कार से 2760 बोतल देसी शराब बरामद किया गया।पुलिस की सक्रियता की भनक लगते ही तस्कर कार छोड़कर भाग निकले।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि कार और शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति का समारोहः रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में प्रथम सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया

रक्षा मंत्री ने सैन्य क्षेत्र में प्राचीन रणनीतिक कौशल के एकीकरण के माध्यम से स्वदेशीय संवाद को बढ़ावा देने के लिए ह्यप्रोजेक्ट उद्भवह्व लॉन्च किया

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 21 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य बातचीत, कला, नृत्य, नाटक, गाथाओं और प्रदर्शनियों के माध्यम से सदियों से विकसित भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का उत्सव मनाना है। यह मुख्य रूप से प्रख्यात विद्वानों, अभ्यासकताओं, सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा पैनल चर्चा के माध्यम से विभिन्न अनुकूलित स्थितियों और दृष्टिकोण को सामने लाएगा।

कार्यक्रम के दौरान, रक्षा मंत्री ने देश के प्राचीन रणनीतिक कौशल की खोज और समकालीन सैन्य क्षेत्र में एकीकरण के माध्यम से स्वदेशीय संवाद को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना और यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से 'प्रोजेक्ट उद्भव' भी लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के अध्यक्ष, चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू और नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति अन्य गणमान्य व्यक्तियों में थी।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए, श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में देश की सुरक्षा में सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी और अमूल्य भूमिका का प्रदर्शन करने वाला यह भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव देश के युवाओं को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे वे भारतीय सेना और उनके शौर्यपूर्ण कार्यों के बारे में और अधिक जानने के लिए उत्साहित होंगे।

पालीगंज में स्नान करने के दौरान पुनपुन नदी में डूबने से हुई बच्चा की मौत

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश दुल्हिन बाजार

पालीगंज/ शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के मठिया गांव के पास पुनपुन नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से एक बच्चा की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के मखदुमपुर धोखाडा गांव निवासी भोला बिंद के 9 वर्षीय पुत्र छोटेलाल कुमार शनिवार को अपने दोस्तों के साथ मठिया गांव के पास पुनपुन नदी घाट पर स्नान करने गया था। जहां वह घर पानी मे चले जाने से डूब गया। जिसे देख दिसतो ने शोर मचाना शुरू कर दिया। वही आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद छोटेलाल को बेहोशी के हालत में नदी से बाहर निकाला। वही छोटेलाल को परिजनों इस इलाज के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां डॉक्टरों ने छोटेलाल को मृत घोषित कर दिया।

मां दूर्गा प्रतिमा के पट का हिमांशु राय ने किया अनावरण

बिकास राय
ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक मंगल दल दुबिहां मोड लट्ठुड़ीह गाजीपुर के द्वारा रेलवे क्रासिंग के पास निर्मित भव्य पंडाल में विराजमान मां दुर्गा के प्रतिमा का पट हिमांशु राय के द्वारा पूजनोपरांत शनिवार को खोला गया।पूजन का कार्य बब्लू तिवारी के द्वारा सम्पन्न कराया गया।इस अवसर पर सुभाष सिंह कुशवाहा ,श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक मंगल दल दुबिहां मोड़ के अध्यक्ष गोल्डन चौरसिया, उपाध्यक्ष अनिकेत सिंह कुशवाहा एवन मार्ट,कोषाध्यक्ष रामनिवास वर्मा, व्यवस्थापक रितेश खरवार, मलाई प्रजापति, नीरज कुशवाहा (गोलू इलेक्ट्रॉनिक)सहयोगी गण गोलू खरवार अवध पांडे(पांडे टेंट हाउस) कुंदन गुप्ता,रोशन वर्मा, गोलू शर्मा, रूपम चौहान, मृत्युंजय मिश्रा, विमलेश राजभर, शिवजी गोड,भोला वर्मा, सुमित यादव, शेषनाथ गुप्ता, संतोष यादव(शिवम जलपान) लक्ष्मी यादव, पीयूष कुशवाहा,अंकुश सिंह,संतोष कुशवाहा,आकाश खरवार अरविंद गोड, सुमित गुप्ता(दीपक जनरल स्टोर) अमन गोड, शिवम शर्मा,सोनू प्रधान,भोलू चौरसिया,अंगद कुशवाहा,पंकज मौर्या ओमप्रकाश गुप्ता, आशीष वर्मा,एवं समस्त दुकानदार भाई उपस्थित रहे।

वर्ल्ड कप का सत्यदेव कॉलेज गाजीपुर को मिला विशेष पास

गाजीपुर से इकाना स्टेडियम लखनऊ पहुंचे 200 छात्र

बिकास राय
ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद में, क्रिकेट के गौरवशाली इतिहास को स्थापित करने वाले ,अपनी मेहनत और कर्म के बदौलत देश भर में ,क्रिकेट के लिए सम्मान पाने वाले, संजीव कुमार सिंह बंटी ने क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल में ,सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डाक्टर सानंद सिंह को गाजीपुर के लिए संरक्षक नियुक्त किया है । यह समाचार हम सभी के लिए अत्यंत गौरवशाली है और गाजीपुर जनपद में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज गाजीपुर की सभी संस्थाओं की ओर से लगभग तीन चार बसों से वर्ल्ड कप को देखने के लिए २०० विद्यार्थी उत्साहित होकर लखनऊ के इकाना स्टेडियम में पहुंच कर मैच का आनंद लिएइस सारे प्रबंध के लिए क्रिकेट से जुड़े हुए सभी अपने अभिभावकों के प्रति और गाजीपुर में काम करने वाले संजीव कुमार सिंह जी बंटी के नेतृत्व में सभी के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं

सप्तमी नवरात्रि के दिन आद्य शक्ति माँ दक्षिण काली का हुआ भव्य श्रृंगार

मां काली के दर्शन पूजन के लिये भक्तों की भारी भीड़

समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर

जौनपुर। शहर के दक्षिणी छोर पर सिटी स्टेशन ओवर ब्रिज के बगल में स्थापित मन्दिर में श्री मां आद्या शक्ति दक्षिणा काली की विशाल प्रतिमा अत्यन्त मनोहारी है। पूर्वांचल में ऐसे आकर्षक भव्य कालिका धाम मंदिर की महिमा अत्यन्त निराली है। यहां माँ का दर्शन पूजन एवं श्रद्धा समर्पण करने से सभी मनोकामनायें पूर्ण होती है। शनिवार की सुबह मां दक्षिणा काली का भव्य श्रृंगार कर पूजन अर्चन व आरती करके पट खोल दिया गया। इसके बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। सुबह से लेकर देर रात्रि तक मां काली के दर्शन के लिये भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। नवरात्रि सप्तमी के दिन नव दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि का विधि विधान से पूजन होता है। मां दक्षिणा काली के दर्शन करने के लिए दूर-दराज से लोग काफी संख्या में यहां पर आते हैं। यहां पर नवरात्रि के पहले दिन से ही मां भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। सप्तमी के दिन माँ दक्षिणा काली का भव्य श्रृंगार किया गया। दर्शन के लिये आये श्रद्धालु नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर हाजिरी लगाए। मां के जयकारे व घंटे घड़ियाल की ध्वनि से पूरा वातावरण जागृत हो गया। मंदिर के प्रधान पुजारी भगवती सिंह ह्यवागीशह्व ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना सन् 1984 में हुई। यह स्थलीय काली जी की सनातनी सिद्धपीठ है। मां काली कलयुग की एक मात्र महा अधिष्ठात्री देवी हैं। जिसकी कृपा शक्ति से सारा ब्रह्माण्ड संचालित है। मां काली की उपासना से मानव जीवन में सुख शांति, आरोग्यता, शत्रु नाश, सम्मान, सद्ज्ञान एवं सम्पन्नता का समावेश हो जाता है। अतः कलयुग में मां काली जी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इस अवसर पर दलसिंगार विश्वकर्मा, रामपाल विश्वकर्मा, एसपी सिंह जाम, वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, पप्पू सिंह, अमित निगम, दीपक श्रीवास्तव, संतोष चतुर्वेदी, मनीष सोनकर, विक्रम गुप्त, उपेन्द्र सिंह, सर्वेश सिंह, भानु मौर्या, विपिन सिंह व वंदेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

विभागीय कार्यों की मासिक समीक्षा के लिए बैठक सम्पन्न

विभागीय कार्यों की मासिक समीक्षा के लिए बैठक सम्पन्न

समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला पंचायतीराज विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। इसके पश्चात उन्होंने जनपद में चल रही 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता के साथ ही मेडिकल उपकरण के रखरखाव तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी स्थापना करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं पशु टीकाकरण में तेजी लाएं। डीआईओएस को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों को 19 पैरामीटर से संतृप्त कराएं। समाज कल्याण विभाग को विभिन्न लंबित पेंशन आवेदनों के त्वरित निस्तारण तथा सामूहिक विवाह के आवेदन लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अन्य सभी विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं परियोजनाओं की सीएम डैशबोर्ड पर कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारीगण अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते रहें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा के दौरान प्रगति धीमी पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उपजिलाधिकारी सदर ऋषभ देवराज पुंडीर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का किया आयोजन

समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर

शाहगंज, जौनपुर। नारी सशक्तिकरण हेतु कोतवाली पुलिस ने वृहद अभियान चलाया। स्थानीय नगर स्थित एक वाटिका में प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं कांशीराम आवास पर अपराध निरीक्षक जय प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण व शक्ति दीदी अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प डेस्क, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला सोशल मीडिया प्रभारी ओबीसी वेद प्रकाश जायसवाल, युवा मोर्चा महामंत्री धीरज पाटिल, खुशबू जायसवाल, रीता जायसवाल, विजयलक्ष्मी गुप्ता, नीतू मिश्रा, पूजा जायसवाल, किरन चौबे, रेनू मोदनवाल, संगीता जायसवाल आदि मौजूद रहे।

लेखपाल पर प्राण घातक हमले के आरोपी की गिरफ्तारी न होने से संघ आक्रोशित, लेखपालों ने किया प्रदर्शन

समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर

शाहगंज, जौनपुर। बदलापुर तहसील में कार्यरत लेखपाल पर हुए प्राणघातक हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से लेखपाल आक्रोशित हैं। शाहगंज तहसील के लेखपालों ने शनिवार को धरना प्रदर्शन करते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस का बहिष्कार किया। लेखपालों ने मांग किया कि आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर, गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई और गिरफ्तारी हो, अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। जानकारी के मुताबिक बीते आठ अक्टूबर को बदलापुर तहसील में कार्यरत लेखपाल यशपाल पर आरोपी आशीष मिश्रा ने साथियों के साथ मिलकर प्राण घातक हमला कर दिया था। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी तो दर्ज की लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसी को लेकर बदलापुर तहसील के लेखपाल हड़ताल और धरने पर हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की स्थानीय इकाई के सह संयोजक नंदन भट्ट ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर और गुंडा एक्ट में कार्रवाई करने और गिरफ्तार करने की मांग रखी गई है। ऐसा नहीं होने पर भविष्य में भी सभी लेखपाल धरना प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष दूधनाथ, विकास सिंह, रमेश चंद्र त्रिपाठी, संदीप श्रीवास्तव, आलोक गुप्ता समेत तमाम लेखपाल मौजूद रहे।

छात्रों ने विज्ञान मेला प्रतियोगिता में दिखायी अपनी प्रतिभा

समाज जागरण ब्यूरो जौनपुर

सिकरारा, जौनपुर। माता प्रसाद आदर्श शिक्षण संस्थान भभौरी शेरवां में शनिवार को आयोजित विज्ञान मेला प्रतियोगिता में छात्रों ने एक से बढ़कर एक माडल बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हर्षिता सिंह का वायु प्रदूषण, माध्यमिक वर्ग में नमन सिंह का चंद्रयान-3 व सीनियर वर्ग में विकास यादव का कारबाइट गन का माडल अव्वल रहा। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सृष्टि सिंह व उनकी टीम का भ्रूण विकास माडल को दूसरा व अंजलि यादव का ऋतु परिवर्तन माडल को तीसरा स्थान मिला। माध्यमिक वर्ग में जन्नत बानो का सिंचाई पर बनाया गया माडल को दूसरा तो उज्जवल सिंह की स्मार्ट सिटी को तीसरा स्थान मिला। इण्टरमीडिएट स्तर पर शादमा परवीन का स्वसन तंत्र व दिया यादव का मानव कंकाल तंत्र क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा। तिलकधारी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. समर बहादुर सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार चतुर्वेदी, डा. विपिन कुमार सिंह व देवव्रत मिश्र ने विजेता छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, सन्तोष यादव, संजय कुमार, रहीश शेख, सुजीत कुमार, राजेश सिंह, तिलकराज सिंह आदि का सक्रिय योगदान रहा। अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक लल्लन उपाध्याय व संचालन शिव प्रताप सिंह ने किया। आभार प्रोफेसर समर बहादुर सिंह ने व्यक्त किया।

बांधवगढ़ से शिवनारायण सिंह व्यौहारी से शरद कोल को मिली टिकिट

शहडोल।

मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 21 अक्टूबर शनिवार से अभ्यार्थियों के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लेने और भरे जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने तो समय रहते 230 विधानसभा सीटों में से 229 उम्मीदवारों की नाम की घोषणा कर चुकी है। वही 20 अक्टूबर को शाम 7 बजे से शुरू हुई भाजपा केंद्रीय चयन समिति की बैठक रात्रि 9:30 बजे समाप्त हो गई है। जिसमें बीजेपी के शेष बचे 94 उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बनाकर उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है।बता दें कि भारतीय जनता पार्टी अपनी चार सूचियां के माध्यम से 136 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी थी, शेष बचे 94 नाम के लिए भी केंद्रीय चयन समिति ने बैठक के दौरान निर्णय ले लिया है। हालांकि मिली जानकारी के मुताबिक बीजेपी को इन 94 सीटों में से कई ऐसी सीटें रही है जिसमें उम्मीदवारों के नाम के चयन में पसीना छूट गया है। जाहिर सी बात है बीजेपी के द्वारा 136 उम्मीदवारों को टिकट दिए जाने के बाद जिस तरीके से घमासान पार्टी में मचा था उससे भाजपा भयभीत रही है केंद्रीय चयन समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गृहमंत्री अमित शाह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में भाजपा पदाधिकारी ने पार्टी के द्वारा प्रत्याशियों का कराए गए सर्वे के अनुसार टिकट देने में प्राथमिकता बरती है। इसके अलावा वरिष्ठ नेताओं और विधायकों को भी साधने की कोशिश की गई है । पांचवी सूची में शहडोल संभाग के दो विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा हुई जिसमें बांधवगढ़ विधानसभा सीट से शिवनारायण सिंह लालू एवं व्यौहारी विधानसभा सीट से शरद कोल को दोबारा टिकट दी गई।

वर्षों से मूलभूत सुविधाओं को तरसती नई सब्जी मंडी

अटल कॉम्प्लेक्स पर नहीं पड़ती जनप्रतिनिधियों की नजर , सांसद , विधायक और परिषद अध्यक्ष सब्जी मंडी के विकास को लेकर उदासहीन

अपनी ही सरकार पर जमकर बरसे भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ।

बुढार । चुनाव तो हमेशा विकास के दावे के साथ ही लड़े जाते हैं लेकिन चुनाव के नतीजों के बाद जनप्रतिनिधि कुर्सी मोह में इतने डूब जाते हैं कि चुनावों के दौरान उन्हें जनता से किए हुए वादे भी याद नहीं रह जाते कुछ ऐसी ही दशा बुढार की नई सब्जी मंडी का है जो जनप्रतिनिधियों की नजर से अछूती दिख रही है ।

गंदगी का अंबार

भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विजय ताम्रकार ने बताया की अटल कॉम्प्लेक्स नई सब्जी मंडी बुढार का निर्माण हुए लगभग पंद्रह वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं लेकिन स्थानीय परिषद और विधायक और सांसद की लापरवाही का ही नतीजा है की मंडी गंदगी को गंदगी से निजात नहीं मिल रही है , जबकि परिषद में विगत लगभग पच्चीस वर्षों से भाजपा काबिज है , स्थानीय विधायक और सांसद भी भाजपा से ही हैं लेकिन जनप्रतिनिधियों की यह अनदेखी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में भारी पड़ सकती है।

मूलभूत सुविधाओं का आभाव

श्री ताम्रकार ने बताया की नई सब्जी मंडी में मूलभूत सुविधाओं का आभाव है , मंडी में सर्वजनिक शौचालय न होने की वजह से लोग खुले में मूत्र त्याग करते हैं जिससे पूरे मंडी क्षेत्र में दुर्गंध फैली रहती है , नाली निर्माण न होने के कारण बरसात में जलभराव हो जाने के कारण पूरे मंडी क्षेत्र में कीचड़ जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है , जिससे स्थानीय व्यापारियों के व्यापार भी प्रभावित होता है , श्री ताम्रकार ने आगे यह कहा की अगर व्यापारियों की समस्या का समाधान नहीं होता तो व्यापारियों को मिलजुल कर विरोध करना चाहिए और आगामी चुनावों का बहिष्कार भी करना चाहिए ।

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने 'डिजिटल डीएआरपीजी' थीम के अंतर्गत केंद्रीय पंजीकरण कक्ष के (सीआरयू) के पूर्ण डिजिटलीकरण और ई मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (ईएचआरएमएस2.0) के कार्यान्वयन को सर्वश्रेष्ठ अभ्यास के रूप में अंगीकृत किया है।

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने विशेष अभियान 3.0 के तीसरे सप्ताह के दौरान उत्साहपूर्वक भागीदारी की है। इस विशेष अभियान का शुभारंभ 16 अक्टूबर 2023 को हुआ और इसका समापन 21 अक्टूबर 2023 को होगा। डिजिटल डीएआरपीजी की थीम पर आधारित यह सप्ताहिक अभियान कार्यालय को पूरी तरह से डिजिटल रूप देने के लिए डीएआरपीजी में सर्वश्रेष्ठ अभ्यास के रूप में डिजिटलीकरण को अपनाने पर केंद्रित था।

इस सप्ताहिक अभ्यान के दौरान, डीएआरपीजी ने पूर्ण रूप से डिजिटल केंद्रीय पंजीकरण कक्ष (सीआरयू) को अपनाया और अपने कार्यालय को कागज रहित बना दिया।

इस सप्ताह के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के एक दल ने सीआरयू का दौरा किया और यह जाना कि यद्यपि सीआरयू पहले से ही डिजिटल है किंतु इसमें सुधार की संभावना निहित थी। सीआरयू में पहले से ही पर्याप्त संख्या में हेवी ड्यूटी स्कैनर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक अधिकारी और अनुभागों को भी स्कैनर्स से सुसज्जित किया गया है। डीएआरपीजी 100% ई-रसीद पर्यावरण में कार्य कर रहा है। सीआरयू के श्रेष्ठतर प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश जारी किये गये।

रंगारंग कार्यक्रम के साँथ होगा रावण का दहन

विजय तिवारी बुढार।
समाज जागरण

सत्य पर असत्य की जीत का सबसे बड़ा त्योहार दशहरा 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा। विजयादशमी का त्योहार पूरे देश में बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन अस्त्र-शस्त्र का पूजन और रावण दहन भी किया जाता है।

कहा जाता है कि रावण के पुतले को जला हर इंसान अपने अंदर के अहंकार, क्रोध का नाश करता है। इस दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है ऐसी मान्यता है कि रावण का वध करने कुछ दिन पहले भगवान राम ने आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा की और फिर उनसे आशीर्वाद मिलने के बाद दशमी को रावण का अंत कर दिया। हर वर्ष की भाँति इस बार भी कोयलांचल नगर में कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में दशहरा आयोजन किया जाएगा।आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साँथ गरबा भी खेला जाएगा। आयोजन में वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा । आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए इस बार रावण दहन रात्रि 10 बजे ही रखा गया है।

कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागारकों के अलावा आयोजक की मौजूदगी होगी ।

आयोजको में मंगेश गुप्ता अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति, अरुण कुमार सचिव,

राजकुमार गुप्ता (राजा),कोषाध्यक्ष एवं जूली जैन महिला अध्यक्ष,सोनू आहूजा रावण अध्यक्ष,रमाकांत सोनी,आतिशबाजी अध्यक्ष समेत प्रचार प्रसार समिति का दायित्व योगेंद्र सिंह निभाएंगे।

इसके अलावा दशहरा उत्सव समिति के समस्त सदस्य भी अपना अभूतपूर्व योगदान देंगे।

क्रिकेट अंडर 16 बालक वर्ग प्रतियोगिता सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला आज

समाज जागरण

क्रिकेट प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण किया जा रहा है
पनोरमा ग्रुप, एसडीएन न्यूज, कोशी आलोक एवं पूर्णियां न्यूज पर

पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने कहा कि युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों का भी सपना होता है कि मुझे भी खेलते हुए टेलीविजन पर खेल प्रेमी गण देखे। खिलाड़ियों का सपने को साकार करने का प्रयास कर रहा हूं। उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल के कप्तान क्षितिज के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा " सर" ने दी बधाई एवं भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करते रहे की दी शुभकामनाएं

पूर्व क्रिकेटर मो मंजर मोहशिम ने कहा कि निः शुल्क प्रतियोगिता आयोजित कर खिलाड़ियों को खेलने का अवसर देने के लिए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर को कोटि-कोटि धन्यवाद

पूर्णियां ।

पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के द्वितीय एवं तृतीय चरण का प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में खेली जा रही है। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि समय अभाव के कारण एक दिन में चार - चार मैच आयोजित की जा रही है।पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता दिनांक 23 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। सभी रजिस्टर क्लबों टा-ईसीट एवं नियम व शर्तें उपलब्ध करा दी गई है।

प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व पूर्व क्रिकेटर मो मंजर मोहशिम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गान गाकर विधिवत खेल की शुरूआत किए।

मैच परिणाम:-

==========

1. माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा बनाम उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल के बीच मुकाबला खेला गया। निर्धारित 20 ओवर के मैच में माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल ने निर्धारित 20 ओवर के मैच में 13 ओवर में 9 विकेट खोकर 90 रन बनाई। जिसमें अद्वैत ने 41 गेंद में 25 रन एवं अपूर्व भास्कर ने 30 गेंदों में 15 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रिंस ने 4 विकेट, रोहित ने 3 विकेट एवं अभिषेक 1 विकेट प्राप्त किया।

उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल के गेंदबाज क्षितिज के धातक गेंदबाजी के कारण जीत के लिए 91 रनों का पीछा करते हुए माउंट सिनाई मिशन स्कूल कसबा ने 8 ओवर में आल आउट हो कर मात्र 33 रन ही बना पाई। उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल ने यह मैच 57 रनों से जीत कर सेमीफाइनल मुकाबला में।

उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान क्षितिज ने 4 ओवर में 23 रन देकर 6 विकेट एवं अपूर्व 4 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किया।

बेहतरीन गेंदबाजी के लिए क्षितिज को सभी पूर्व क्रिकेटर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

2. दिल्ली पब्लिक स्कूल बनाम एचिभर क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर 1 गेंद में आल आउट होकर मात्र 18 रन ही बना पाई।

एचिभर क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए नसीम ने 3 विकेट, मिथुन ने 2 विकेट प्राप्त किया।

आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए 2 ओवर 4 गेंदों में 1 विकेट खोकर 20 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल मुकाबला में प्रवेश किया।

एचिभर क्रिकेट अकादमी की ओर से अब्बू बकर ने 8 रन,नसीम ने 7 रन का योगदान दिया।

एचिभर क्रिकेट अकादमी ने 9 विकेट से जीत हासिल कर क्रि-केट बालक वर्ग प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबला में।

मैच अंपायर : - स्टेट पैनल ग्रेड "ए" मो नैयर अली, अनमोल कुमार सिन्हा, आदित्य कुमार सिंह थे।

दिनांक 22/10/2023 को दोनों सेमीफाइनल मुकाबला एवं फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा "गोपी" , मो मंजर मोहशिम, सैदय जब्बार हुसैन, एस एस प्रसाद पिंटू, वेदांत, शुभम्, रितेश कुमार झा, आशुतोष, कुंदन कुमार सिंह, प्रिंस पटेल, अमित कुमार झा, अमृत साजन के साथ - साथ स्कूल के निदेशक निकेश गिलमल, विनीत कुमार, सरजील असर आदि उपस्थित थे।

रघुवंश यादव जिला राजद महासचिव मनोनीत,विपीन गुप्ता को उपाध्यक्ष का दायित्व

कुलदीप यादव को जिला में सचिव तो खाब्दह पंचायत अध्यक्ष का ताज विवेक यादव को
उपाध्यक्ष पद पर अमित पूर्वे तथा जिला महासचिव पद पर राजेश यदुवंशी के इस्तीफे की वजह से जिला कमिटी में उक्त पद था रिक्त

अररिया।

राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव व जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास के अनुशंसा के आलोक में फारबिसगंज निवासी विपीन कुमार गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष एवम् नरपतगंज प्रखंड के सोनापुर पंचायत निवासी रघुवंश यादव को जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। वैश्य समुदाय से आने वाले विपीन गुप्ता सूढी.समाज के सचिव हैं तथा महासचिव पद पर मनोनीत रघुवंश यादव सोनापुर पंचायत के पैक्स चेयरमैन हैं तथा राजद के कद्दावर व कर्मठ नेता रहे हैं। ज्ञातव्य है कि उपाध्यक्ष पद पर अमित पूर्वे तथा जिला महासचिव पद पर राजेश यदुवंशी के इस्तीफे की वजह से जिला कमिटी में पद रिक्त था।

साथ हीं नरपतगंज प्रखंड के खाब्दह पंचायत के पूर्व पंचायत अध्यक्ष कुलदीप यादव को जिला में सचिव बनाया गया है तथा उनके स्थान पर खाब्दह पंचायत के कन्हैली गाँव निवासी विवेक यादव को राजद का पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।उपरोक्त मनोनयन की सूची राजद के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह जी के अनुमोदन के पश्चात जारी कर दी गई हैयह जानकारी जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी

जला बीस सूत्री समिति में शामिल महागढबंधन के अन्य घटक दलों के सभी नेताओं को बधाई - जगदीश झा गुड्डू

अररिया।

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (बीस सूत्रीय)अररिया में राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष मनीष यादव को समिति के उपाध्यक्ष एवं दल के पदाधिकारी हाजी सरवर आलम जी ,कमाले हक जी, योगेन्द्र मोहन विश्वास जी , आरशी प्रवीण उर्फ लवली नवाब जी, सुश्री सन्नू कुमारी पासवान जी , श्री मती इंदिरा राम जी, सुनील सिंह यादव जी , मनोज विश्वास जी,तौसीफ आलम जी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे जी को सदस्य बनाए जाने से अररिया राजद में हर्ष व्याप्त है इसके लिए हम राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी, हमारे नेता जननायक श्री लालू प्रसाद यादव जी, सूबे के ओजस्वी उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी, हमारे अभिभावक राजद प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह जी का आभार व्यक्त करते हैं और दिल से धन्यवाद देते हैं, साथ ही जिला बीस सुत्रीय समिति में शामिल महागठबंधन के अन्य घटक दलों के सभी नेताओं को जिला प्र-वक्ता जगदीश झा गुड्डूने महागठबंधन परिवार की ओर से बधाई दिया है।

गाजे बाजे के साथ महा सिद्धिपीठ तेगछिया से निकली बेलतोड़ी शोभा यात्रा

ताराबाड़ी।

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ शुक्रवार संध्या बेल वृक्ष के समीप जाकर पूजा अर्चना करते निमंत्रण देने की परंपरा पूरा किया वहीं शनिवार सुबह पुनः उसी बेल वृक्ष के समीप जाकर पूजा अर्चना करते हुए पेड़ में जोड़ी लगे बेल को तोड़कर मां कालरात्रि की पूजा की।

खासकर महासिद्धि पीठ तेगछिया, सार्वजनकि दुर्गा मंदिर पटेगना, बीड़ी डाक बंगला, मदनपुर, जमुआ, फुलबाड़ी आदि गांवों में आयोजित दुर्गा मंदिर से सुबह श्रद्धालु डोली के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में मंदिर प-रिसर से चलकर बगल के बेलवृक्ष के समीप श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करते हुए बेल का फल तोड़कर रात्रि मां कालरात्रि की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का माहौल पूर्णतया भक्तिमय बना है। इसके अलावे संध्या आरती, रात्रि भजन संकीर्तन के आयोजन में श्रद्धालु लीन हैं।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा झंझारपुर ज़िला अध्यक्ष को पितृशोक, पटना से पहुंचे राष्ट्रीय संयोजक

झंझारपुर

झंझारपुर मोहना निवासी जगदंबा होंडा एजेंसी के मालिक विजय झा जी 67 वर्ष का असामयिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर है।

विजय झा जी के एकमात्र पुत्र राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के झंझारपुर ज़िला अध्यक्ष रोशन झा ने मुखाग्नि दी।

महासभा के प्रदेश सचिव गणेश मिश्रा, संगठन के शंभू कुमार झा सहित सभी ग्रामीणों और आसपास के परिचित सैकड़ों भी ने मुखाग्नि के समय श्रद्धांजलि दी और अग्नि में

आहुति दी।

राष्ट्रीय संयोजक ईङ्ग आशुतोष कुमार झा, रुद्रपुर के प्रशांत चौधरी, यूवा जिला अध्यक्ष अमितेश झा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ललित कुमार झा, लक्ष्मीकांत झा, राजू झा जी चनोरा गंज , यूवा प्रदेश अध्यक्ष सोना झा होटल ब्लू हेवन के गगन झा, मझौरा बौआ झा जी के अलावा कोशी संरक्षक पैनोरमा ग्रुप चेयरमैन संजीव मिश्रा, अररिया एसडीएम ग्रुप के संजय मिश्रा, सीमांचल कंस्ट्रक्शन के मालिक सह परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा, सुपौल जिला अध्यक्ष मनोज पाठक, जिला संयोजक अजय मिश्रा रिंकू, प्रधान महासचिव सुजीत मिश्रा, मधुबनी जिला अध्यक्ष बैद्यनाथ झा, महासचिव नवीन झा, प्रदेश उपाध्यक्ष आंनद झा राजन जी,दरभंगा जिला अध्यक्ष अरुण झा, मकरमपुर मुखिया संतोष चौधरी, रामपुर उदय मदन बाबू मुखिया जी ,सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष सहित संगठन पदाधिकारियों ने विजय झा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया,दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए भगवान परशुराम से प्रार्थना कर परिवार को सहनशक्ति धैर्य प्रदान करने का आग्रह किया।

एस एस बी मुख्यालय तथा सभी बाहरी सीमा चौकियों में मनाया गया "पुलिस स्मृति दिवस"

अररिया ।

64वें ह्लपुलिस स्मृति दिवसह्व के उपलक्ष्य में श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय तथा सभी बाहरी सीमा चौकियों में ह्लपुलिस स्मृति दिवसह्व मनाया गया। जिसमें केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और पुलिस बलों के शहीदों की सहादत को याद करते हुए ह्लअमर जवान ज्योतिह्व पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा अमर शहीदों को याद किया गयो तत्पश्चात शहीदों के सम्मान में शोक शस्त्र व 2मिनट का मौन धारण किया गया। श्री महेन्द्र प्रताप, कमांडेंट 52वीं वाहिनीं ने कहा कि 21 अक्टूबर को भारत में हर साल ह्लपुलिस स्मृति दिवसह्व इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 21 अक्टूबर स-

1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में सीमा की सुरक्षा में तैनात सी आर पी एफ के जांबाज सैनिकों के एक छोटे से गश्ती दल पर चीनी सेना द्वारा भारी संख्या में घात लगाकर हमला किया गया था। लेकिन हमारे जवानों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का सामना किया और शहीद हो गए। इस हमले में हमारे 10 सी आर पी एफ के जांबाज सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्ही की याद में हर साल पुलिस स्मृति दिवस 21अक्टूबर को मनाया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस के दिन देश के सुरक्षा बल, चाहे वो राज्य पुलिस हो, केंद्रीय सुरक्षा बल हो या फिर अर्धसैनिक बल हो, सभी एक साथ मिलकर इस दिन को मनाते हैं। साथ ही कहा कि इंटेलिजेंस ब्यूरो से प्राप्त सूची के अनुसार दिनांक 01/09/2022 से 31/08/2023 तक देश के विभिन्न राज्यों और बलों के कुल 189 जवानों ने देश की स-ुरक्षा कायम रखने हेतु अपना सर्वोत्तम बलिदान दिया।इस दौरान श्री एन०पी-०सिंह उप कमांडेंट, श्री उदय कुमार, उप कमांडेंट, श्री जोशी सागर प्रदीप, उप कमांडेंट, निरिक्षक मनोज कुमार दूबे, स०उ०नि० सुरेन्द्र कुमार, मु०आ० प्रदीप कुमार, आ० जोगिन्दर पाल सहित तमाम बलकर्मी मौजूद रहे।

जला मुख्यालय स्थित सार्वजनिक नवदुर्गा कला मंदिर में सम्मानित हुए समाजसेवी संजय मिश्रा

अररिया ।

जिला मुख्यालय स्थित एनएच 57 के बगल में जयप्रकाश नगर शिवपुरी वार्ड 09 नवदुर्गा कला मंदिर में समाजसेवी संजय मिश्रा को मंदिर के सचिव शशि प्रकाश वर्मा ने सम्मानित किया।साथ ही मौके पर मौजूद नजरिया न्यूज के प्रधान संपादक विकाश प्रकाश को भी सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह के उपरांत श्री मिश्रा पुष्पांजलि में सम्मिलित होकर जिले खुशहाली व तरक्की की कामना किया।

7 जुलाई 1977 से अभी तक पूरे

हर्षो उल्लास के साथ पूजा पाठ किया जा रहा है। वहीं मंदिर में मां वैष्णवी की पूजा अर्चना महंथ उमा शंकर चौधरी की निगरानी में किया जाता है।साथ ही मंदिर कमिटी के अध्यक्ष गुटर बाबू व व्यस्थापक फूलचंद्र ऋषिदेव के द्वारा पूजा व मेला में पहुंचे श्रद्धालुओ का खास ख्याल रखा जा रहा है।सम्मान समारोह व पुष्पांजलि कार्यक्रम में श्री मिश्रा के साथ सुरेश पासवान,काली पासवान ,बालेशर ऋषिदेव,गुलेंद्र राम, चंदन सिंह,विजय सरदार सहित मंदिर कमिटी के अनेक सदस्य मौजूद थे।

डायबिटीज:शरीर के चार हिस्सों को बचाए इस बीमारी की गंभीरता से-डॉ. मिथिलेश कुमार

गूगल एवं व्हाट्सएप की जानकारी नुकसानदायक हो सकती है

बिहारीगंज ।

एक अनुमान के अनुसार भारत में लगभग 8 से 10 करोड़ से अधिक डायबिटीज के मरीज है समय रहते इस पर नियंत्रण रखना जरूरी है ताकि आप स्वस्थ रहें। चिकित्सा पदाधिका-री, जेनरल फिजिशियन डायबिटोलॉजिस्ट , कार्डियो डॉ मिथिलेश कुमार ने कहा कि डायबिटीज क्या है?

शरीर के सभी अंगों को सुचारू रूप से काम करने के लिए ऊर्जा की जरूरत होती है। शरीर वह ऊर्जा गुलकोज से प्राप्त करता है ।रक्त द्वारा गुलकोज मोटी और बारीक नलियों से शरीर के अंगों में पहुंचाई जाती है ।परंतु यदि रक्त में ग्लूकोज की मात्रा जरूरत से अधिक रहने लगे तो इस अवस्था को डायबिटीज कहा जाता है ।रक्त वाहिकाओं से सालों साल अधिक ग्लूकोस इस वाहिकाओं को नुकसान पहुंचता है। और धीरे-धीरे चोक होने लगती है खून की मोटी पतली वाहिकाओं के चोक होने से हिं डायबिटीज से होने वाले विकार पैदा होते हैं। यदि डायबिटीज के मरीज इलाज में लापरवाही करते हैं और शुगर कोलेस्ट्रॉल व बीपी पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं ।तो शरीर के कई अंगों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है । इसके लिए जाने की डायबिटीज से कौन से मुख्य विकार हो सकते हैं

हृदय

डायबिटीज के मरीजों को हार्ट अटैक की आशंका अन्य लोगों से तीन गुना ज्यादा होती है एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि अक्सर इन मरीजों में हार्ट अटैक होने पर छाती में दर्द महसूस नहीं होता हार्ट अटैक होने पर मरीज सिर्फ बेचैनी उल्टी सांस फूलना या पसीना आना जैसी शिकायत ही होती है हार्ट अटैक से बचने के लिए साल में एक बार हर्ट संबंधित जांच जरूर कारवा लें ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखें कोलेस्ट्रॉल की दवाई हमेशा लें जरुरत हो तो। और समय-समय पर कोलेस्ट्रॉल की जांच कारण अपने शुगर लेवल पर नियंत्रण रखें वजन न बढ़ने दें और नियमित रूप से व्यायाम करें।

किडनी

यदि आपको पैरों में सूजन शुगर बार-बार कम हो भूख कम लगे तो यह किडनी की खराबी के लक्षण हो सकते हैं। किडनी की खराबी का भी सबंधद सुगर कंट्रोल नहीं रहने से है। इसमें ब्लड प्रेशर का नियंत्रण होना भी जरूरी है। क्योंकि किडनी पर असर होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

आंख

डायबिटीज में सभी मरीजों को साल में एक बार नेत्र विशेषज्ञ से आंखों की जांच अवश्य कराना चाहिए आंखों के पर्दे जिसे रेटिना कहते हैं। पर सूजन खून के धब्बे कोलेस्ट्रॉल जमा होने से दिखना बंद हो सकता है ।हालांकि बीमारी शुरूआत में कोई लक्षण पैदा नहीं करती इसलिए जल्दी पता लगने पर लेजर और अन्य इलाज द्वारा आंखों की रोशनी को बरकरार रखा जा सकता

त्वचा

बार बार फोड़े फुंसी होना घाव भरने में देर लगना गुप्तांगों में खुजली कराना आदि शुगर कंट्रोल में ना रहने के लक्षण है। डायबिटीज से त्वचा व गुप्तांगों की सफाई रखना बहुत जरूरी है। इसके अलावा लंबे समय की डायबिटीज में पैरों में संवेदना खत्म होने लगती है ।इससे मरीज को घाव वा संक्रमण का एहसास नहीं हो पाता इसी कारण छोटे घाव भी गैंग्रीन का रूप ले लेते हैं।

अपनाएं यह उपाय

भोजन में डॉक्टर द्वारा दी गई सलाह का पालन करें ।

नियमित रूप से व्यायाम करें ।

समय-समय पर शुगर ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल आदि की जांच करवाते रहें ।

डॉक्टर द्वारा दी गई दवाई नियमित रूप से लें अपने मन से कोई दवाई बंद ना करें ।

डायबिटीज को खत्म करने वाले भ्रामक बिज्ञपनो के झांसे में ना आएं सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

डायबिटीज के बारे में अपनी जानका-री निकटतम चिकित्सक से बात कर के लें । गूगल एवं व्हाट्सएप की जानकारी नुकसानदायक हो सकती है धूम्रपान तंबाकू और शराब का सेवन ना करें

हाई-रिस्क प्रेगनेंसी एवं गर्भपात उपचार : समय पर जांचें करवाए जिससे ऐसी हाई-रिस्क अवस्थाओं का लगाया जा सके पता-डॉ.प्रो. पूजा भारती

बिहारीगंज ।

कभी-कभी गर्भावस्था में महिलाओं को ऐसे अनुभव हो सकते हैं, जो दुर्लभ व अनसुने हों। ऐसी ही दुर्लभ समस्या से पीड़ित महिला आयी जिसे कई अस्पतालों ने लाइलाज बता दिया था। महिला का वर्षों से विभिन्न अस्पतालों द्वारा इलाज चल रहा था परंतु हर बार गर्भपात हो रहा था। महिला की विस्तृत जांच करी गई एवं Sjogren's Syndromeनामक गंभीर अवस्था बार-बार गर्भपात का कारण पाया गया। इस अवस्था में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर के अंगों पर ही हमला करने लगती है।

बिहारीगंज आवासीय परिसर में पत्र-काकारों से बातचीत करती हुई स्त्री प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रो. पूजा भारती ने बताया कि पी-ड़ित महिला में एंटीबॉडी बन जाते हैं जिससे गर्भनाल में रक्त का थक्का जमने की संभावना बढ़ जाती है। यह

शिशु के आस पास के पानी को गाढ़ा कर देता है, जिस कारण गर्भस्थ शिशु के विकास में अवरोध पैदा होता है एवं शिशु हृदय मे रुकावट का कारण बन सकता है।

इसके उपचार हेतु गर्भस्थ शिशु पर सावधानीपूर्वक निगरानी के साथ बहु-विषयक चिकित्सीय दृष्टिकोण तथा प्रबंधन की आवश्यकता होती है।ऐसी ही बेहद हाई-रिस्क अवस्था का सफल प्रबंधन किया गया। बेहद सुखद क्षणों की अनुभूति हुई जब नन्हे शिशु की किलकारियां गूंज उठीं।

Sjogren's Syndrome विकार पर आपका नियंत्रण नही है क्यूंकि ज्यादातर ये अनुवांशिक होता है परंतु इसके प्रतिकूल प्रभावों पर नियंत्रण जरुर है। गर्भवती महिलाएं एवं उनके परिजन विशेष ध्यान दें.

आमतौर पर Sjogren's Syndrome में आँखों में सूखापन, शुष्क मुंह, निगलने में कठिनाई, जोड़ों का दर्द, सूजन और जकड़न, सूखी खांसी, जबड़े के पीछे और कानों के सामने त्वचा पर चकत्ते या शुष्क त्वचा एवं थकान महसूस होती है।

Sjogren's Syndrome के साथ महिलाएं गर्भवती तो हो जाती हैं लेकिन गर्भावस्था के शुरूआती दिनों में ही गर्भपात या शिशु के समय से पहले जन्म का खतरा होता है।

समय पर जांचें करवाए जिससे ऐसी हाई-रिस्क अवस्थाओं का पता लगाया जा सके एवं उपयुक्त उपचार से किसी भी गंभीर खतरे से बचा जा सके।

थोड़ी सी सतर्कता से आप अपने शिशु को हाई-रिस्क प्रेगनेंसी के खतरों से बचा सकते हैं।जागरूक रहें, स्वस्थ रहें !!

जोकिहाट एवम नरपतगंज पुलिस को मिली सफलता शराब जप्त दो तस्कर गिरफ्तार

जोकीहाट/नरपतगंज ।

जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 175.125 लीटर विदेशी शराब लदे टेम्पु के साथ 01 शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया जबकि नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 180 लीटर नेपाली शराब लदे टेंपू के साथ 01 शराब तस्कर को हिरासत में लिया गया ।

स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गयी दशहरा पर्व की झांकीया

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

बड़ागांव- वाराणसी गांगकला क्षेत्र में स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भगवान श्री राम के जीवन से जुड़ी अनोखी एवं मनोरम दृश्य को प्रस्तुत किया गया। नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा एवं उनके नौ रूपों का सजीव रूप का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत कर विद्यालय के बच्चों ने सभी के मन को मोह लिया। नवदुर्गा के रूप में नैंसी ,काव्या यादव, दिव्यांशी मिश्रा, परिधि गुप्ता, श्रेया सिंह, एंजेल उपाध्याय, आयुषी, आस्था जैन, आराध्या रावत, हर्षिका एवं अविका ने अतुलनीय रूप को प्रस्तुत किया। जबकि अर्पित मिश्रा ने श्री राम के रूप को, देवांश मिश्रा ने लक्ष्मण के रूप को एवं अदिति सिंह ने सीता के स्वरूप को तथा पक्ष आर्य ने हनुमान के स्वरूप को चरितार्थ कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिय ।अनमोल तिवारी कुंभकर्ण के स्वरूप को एवं लकी यादव ने रावण के रूप को प्रस्तुत कर सभी को हत प्रभ कर दिया। श्री राम के द्वारा रावण वध का दृश्य अत्यंत मनोरम एवं भावुक रहा। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती प्रमिला देवी ने बच्चों को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। विद्यालय के अन्य बच्चों एवं अध्यापक तथा अध्यापिकाओं द्वारा जय श्री राम के उद्घोष एवं नवदुर्गा के जयकारा से



विद्यालय प्रांगण को भक्ति मय कर दिया गया ।नन्हे मुन्ने बच्चों में आरव कश्यप कृष्ण के रूप में, शौर्य एवं आयुष शिव के अलग-अलग रूपों को चरितार्थ किए, जबकि वान्या सिंह लक्ष्मी के रूप में, दिशा सिंह पार्वती के रूप में एवं आयुषी सरस्वती के साक्षात स्वरूप को प्रस्तुत कर सभी के मन को मोह लिया। नवदुर्गा के नौ रूप का दर्शन, राम का वनवास , कुंभकर्ण का वध ,रावण वध ,अयोध्या पुनः आगमन, भरत मिलाप जैसे दृश्य का अवलोकन कर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी दर्शकों की आंखें भर आई। बच्चों के इस मनोरम रूप को देखकर विद्यालय के प्रबंध निदेशक कन्हैया लाल पटेल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा बताया कि पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन बड़ा ही सहज एवं सरल था। हमें उनके द्वारा बताएं गए मार्ग पर सदैव चलना चाहिए तथा सच्चाई का पालन करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। विद्यालय के उप प्रबंधक प्रेमचंद सिंह, प्रधानाचार्य अशोक पांडेय, क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज वर्मा सहित सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

वाराणसी काशी के लक्खा मेले में शुमार लल्लापूरा की नक्कटैया आज, एक देश एक विधान का संदेश देंगे लाग विमान

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

काशी के लक्खा मेले में शुमार लल्लापूरा की नक्कटैया में इस बार जनसंख्या नियंत्रण और एक देश एक विधान का संदेश देने वाली झांकियां निकलेंगी। जहां एक तरफ लोको छित्तुपूर का पूरे क्षेत्र वासी संक्रमण से ग्रसित है वहीं नक्कटैया में दर्जनों से अधिक लाग विमान निकलेंगे। नवरात्र के सप्तमी के दिन आयोजित लल्लापूरा की नक्कटैया के मेले में पूर्वांचल के जिलों से झांकियां और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लीला समिति के अध्यक्ष ज्ञानु श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि पिछले कई सालों से निर्बाध गति से रामकाज करते हुए श्री लल्लापूरा रामलीला समिति निर्वाह कर रही है। कहा कि छित्तुपूर में सड़क की हालत बेहद खराब है लेकिन नगर निगम ने इसकी सुध तक नहीं ली है। खराब रास्ते से ही लाग विमान गुजरेंगे। इससे श्रद्धालु और आयोजन समिति में आक्रोश है। नक्कटैया में समिति की ओर से वर्तमान परिवेश व समाज के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित झांकियां लाग के जरिए प्रदर्शित की जाती हैं। मेले का उद्घाटन शनिवार की रात 12 बजे सनबीम स्कूल के पास से क्षेत्रीय पूर्व पार्षद डॉ ओ पी सिंह, एवं खेताऊ मौर्या करेंगे। इसके बाद मेले में शामिल लाग विमान अपने निर्धारित रास्तों से होते हुए गंतव्य तक पहुंचेंगे। आयोजन में मुन्ना राय,राजेश ओझा, मन्टु सिंह, सुरेंद्र यादव ,मल्लू रावत एव अंशू सिह ,अमन मौर्या सहयोग में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

अंग्रेजी देसी शराब सेल्समैन को मारपीट कर 50 हजार की लूट

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। बड़ा लालपुर, नटनिया दाई स्थित अंग्रेजी देशी शराब के सेल्समैन को मारपीट कर पैसे लूटने का मामला प्रकाश में आया है। बतातें चले कि पिड़ित सोनू सिंह 10 बजे दुकान बंद कर घर के लिए जा रहा था, लगभग 100 मीटर दूरी पर घाट लगायें बदमाशों ने सेल्समैन सोनू को रोककर मारपीट की और बिक्री का रखा पैसा 50 हजार 500 रुपये नगद लूट कर भाग गये। पिड़ित सोनू ने 112 पर डायल किया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

वाराणसी : अक्टूबर में ठंड की दस्तक, लुढ़कने लगा पारा, रात में सिहरन, जानिये आगे के मौसम का हाल

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। मानसून के जाने के बाद पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। इसका असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। वाराणसी में भी पारा लुढ़क रहा है। इससे दिन व रात के तापमान में काफी अंतर दिख रहा। रात में सिहरन महसूस होने लगी है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अलनीलो के प्रभाव के चलते ऐसा हो रहा है। अगले पांच-छह दिनों तक मौसम ऐसा ही रहने के आसार हैं।

अक्टूबर के दूसरे पखवारे में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले चार-पांच दिनों में पारा लगभग चार डिग्री तक लुढ़का है। आने वाले सप्ताह में तापमान में और गिरावट के आसार हैं। दिन में तेज धूप के चलते कोई खास असर नहीं दिख रहा, लेकिन रात में सिहरन बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को वाराणसी का न्यूनतम तापमान 17 और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अलनीनो के प्रभाव के चलते ऐसा हो रहा है। दिन और रात के तापमान में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। अगले पांच-छह दिनों तक ऐसी ही स्थिति रह सकती है।

डीएम ने तहसील दिवस पर फरियादियों को सुना, दिए सख्त निर्देश, कई को दी चेतावनी

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

पिंडरा। वाराणसी

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने कहाकि अधिकारी व कर्मचारी फरियादियो को परेशान करने आदत से बाज आने की चेतावनी देते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की अपील की और कई अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगाई। डीएम शनिवार को पिंडरा तहसील पर फरियादियों को सुनवाई करते हुए उक्त निर्देश दिए।

तहसील दिवस पर ताड़ी के रामजियावन गुप्ता ने आरोप लगाया कि बाबतपुर में स्थित जमीन पर स्टे होने के बावजूद क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगों द्वारा एक रियल स्टेट कम्पनी के लिए मेड़बन्दी कर कब्जा करने का आरोप लगाया। जिसपर डीएम ने एसडीएम को जांच करने का निर्देश दिए।

भोपतपुर के मनीष पांडेय ने चार माह सड़क दुर्घटना में मृत पिता के मामले में चार्जशीट दाखिल करने के लिए सुबिधा शुल्क मांगने की शिकायत की। राजपुर के ऊदल पटेल ने धारा 229 बी की सुनवाई 20 वर्षो बाद भी न होने पर गुहार लगाई। जिसपर डीएम ने निर्देश दिए। रोह निवासी चंद्रप्रकाश ने सीमांकन के बावजूद बने रास्ता को चक में मिला लेने की शिकायत की। जिसपर डीएम ने अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। हमीरापुर निवासी कई दर्जन महिलाओं ने तहसील पिंडरा में प्रदर्शन करते हुए न्याय की गुहार लगाई व आरोप लगाया कि कुआर की विस्तारिकरण में जो जमीने अधिकरण की जा रही है उसमें जिसका मकान गाटर पटिया का है तो उसे टीन सेट दिखाया गया है। ताड़ी निवासी छेदीलाल गुप्ता ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और प्रधान अधिकारी द्वारा इंटरलॉकिंग करते समय नए ईंट के जगह पुराने ईंट और लाल बालू के स्थान पर सफेद बालू को लगाया गया और सरकारी धन का बंदर बांट किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 113 मामले आये जिसमे मात्र 9 मामले का निस्तारण हो पाया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन, सीडीओ हिमांशु नागपाल, एडीएम प्रशासन विपिन कुमार, एसडीएम प्रतिभा मिश्रा, एसीपी प्रतीक कुमार , तहसीलदार विकास पांडेय समेत अनेक जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। निवासी रशीद अली व प्राइवेट बैंक के कर्मचारियों के मिली भगत से पशुपालन व दुकान खोलने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करके ऋण का पैसा स्वयं ले लेने का आरोप लगाया। वही बसनी निवासी अभय कुमार ने आरोप लगाया कि एयरपोर्ट

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम द्वारा आज बाबतपुर, मंगारी में निमार्णाधीन आरओबी का निरीक्षण किया गया

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा टू लेन आरओबी बाबतपुर-मंगारी- बाबतपुर मार्ग पर ₹3276.61 लाख की लागत से निमार्णाधीन है। इसे पूर्व में दिसम्बर 2023 को पूर्ण किया जाना था लेकिन मौके पर अभियंता ने बताया कि अब ये मार्च 2024 तक पूर्ण हो सकेगा। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इसे पूर्ण निर्धारित समय से पूर्ण कराया जाये, इसके लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाने और नियमित शिफ्ट वाइज कार्य कराने पर जोर दिया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान एक स्थान पर आरसीसी ढलाई के बीच में अधिक गैप देने का कारण पूछा तो कोई उत्तर नहीं मिला क्योंकि कि यह ढलाई के समय ही पूरा कवर होना चाहिए था, अब इसको अलग से फिल किये जाने पर इसकी गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ेगा। जिलाधिकारी ने पुल की मजबूती पर सवाल उठाया और इसका प्रत्येक स्तर पर थर्ड पार्टी परीक्षण कराने का निर्देश दिया।

ट्रक चालक को बंधक बनाकर रुपए मागने के मामले में दो आरोपितों को मिलीं जमानत

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने ट्रक चालक को बंधक बनाकर रुपए मागने के मामले में दो आरोपितों को जमानत दे दी। सीठुपुर, थाना सुरेरी जौनपुर निवासी आरोपित पंकज सिंह व अभिषेक उर्फ सोनू को एक-एक लाख रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार अमेठी निवासी वादी विशाल शर्मा ने 17 अक्टूबर 2023 को बड़ागांव थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह ट्रक लेकर सुल्तानपुर से वाराणसी हरहुआ फ्लाईओवर के नीचे से जा रहा था कि हूटर बजाते हुए काले रंग की स्कॉर्पियो वढ 67 अक्र 0009 गलत दिशा से आ रही थी कि अचानक वादी की गाड़ी में स्कॉर्पियो का पिछला हिस्सा टच हो गया, जिससे स्कार्पियो सवार दो लोग जिनका नाम पंकज सिंह व अभिषेक सिंह उर्फ सानू वादी को मां बहन की भद्दी - भद्दी गाली देते हुए उसे ट्रक के केबिन से निकाल कर लात घूँसो से मरने लगे। वादी का खलासी मुकेश गौरव जब उसे बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मारे पीटे तथा वादी से 18000 रुपए की मांग करने लगे। वादी के इनकार करने पर उसे जबरदस्ती अपनी स्कॉर्पियो में बैठकर जौनपुर की तरफ ले जाने लगे और स्कॉर्पियो के अंदर भी पैसे देने का दबाव बनाते हुए उसे जूते से मारा एवं पैसे ना देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारे पीटे। वादी का खलासी मुकेश हरहुआ चौकी पर जाकर सूचना दिया तो पुलिस स्कॉर्पियो को काजी सराय में पकड़ लिया और उसे उन लोगों से छुड़ाया। इस दौरान मारपीट में वादी को खलासी को चोटें आई।

नवरात्रि के अष्टमी के दिन माता महागौरी के दर्शन का है विधान

समाज जागरण वाराणसी

स्वरूप

इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गई है- 'अष्टवर्षा भवेद् गौरी।' इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि भी श्वेत हैं।

महागौरी की चार भुजाएँ हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएँ हाथ में डमरू और नीचे के बाएँ हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। यही महागौरी देवताओं की प्रार्थना पर हिमालय की श्रृंखला मे शाकंभरी के नाम से प्रकट हुई थी।

कथा

माँ महागौरी ने देवी पार्वती रूप में भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी, एक बार भगवान भोलेनाथ ने पार्वती जी को देखकर कुछ कह देते हैं। जिससे देवी के मन का आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्या करने पर जब पार्वती नहीं आती तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुँचते हैं वहां पहुंचे तो वहां पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के सामन श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं।

एक कथा अनुसार भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी जिससे इनका शरीर काला पड़ जाता है। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान इन्हें स्वीकार करते हैं और शिव जी इनके शरीर को गंगा-जल से धोते हैं तब देवी विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं तथा तभी से इनका नाम गौरी पड़ा। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं। देवी के इस रूप की प्रार्थना करते हुए देव और ऋषिगण कहते हैं: ह्रसर्वमंगल मंग्ल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके. शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते.. ह्र। महागौरी जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है इसके जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गयी परंतु वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमजोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है और माँ उसे अपना सवारी बना लेती हैं क्योंकि एक प्रकार से उसने भी तपस्या की थी।

इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं। एक अन्य कथा के अनुसार दुर्गम दानव के अत्याचारों से संतप्त जब देवता भगवती शाकंभरी की शरण मे आये तब माता ने त्रिलोकी को मुग्ध करने वाले महागौरी रूप का प्रादुर्भाव किया। यही माता महागौरी आसन लगाकर शिवालिक पर्वत के शिखर पर विराजमान हुई और शाकंभरी देवी के नाम से उक्त पर्वत पर उनका मंदिर बना हुआ है यह वही स्थान है जहां देवी शाकंभरी ने महागौरी का रूप धारण किया था।

पूजन विधि

अष्टमी के दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी प्रत्येक दिन की तरह देवी की पंचोपचार सहित पूजा करते हैं।

महत्व

माँ महागौरी का ध्यान, स्मरण, पूजन-आराधना भक्तों के लिए सर्वविध कल्याणकारी है। हमें सदैव इनका ध्यान करना चाहिए। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। मन को अनन्य भाव से एकनिष्ठ कर मनुष्य को सदैव इनके ही पादारविन्दों का ध्यान करना चाहिए।

मां महागौरी भक्तों का कष्ट अवश्य ही दूर करती है। इसकी उपासना से अर्तजनों के असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। अतः इसके चरणों की शरण पाने के लिए हमें सर्वविध प्रयत्न करना चाहिए। महागौरी के पूजन से सभी नौ देवियां प्रसन्न होती है।

उपासना

पुराणों में माँ महागौरी की महिमा का प्रचुर आख्यान किया गया है। ये मनुष्य की वृत्तियों को सत की ओर प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। हमें प्रपत्तिभाव से सदैव इनका शरणागत बनना चाहिए। [1]

या देवी सर्वभूतेषु माँ गौरी रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

अर्थ : हे माँ! सर्वत्र विराजमान और माँ गौरी के रूप में प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। हे माँ, मुझे सुख-समृद्धि प्रदान करो।

यह मंदिर काशी विश्वनाथ मंदिर के पास प्राचीन माता अन्नपूर्णा के नाम से विख्यात है अष्टमी के दिन इन्हीं के स्वरूप को माता महागौरी का स्वरूप मानकर काशी वाशी दर्शन पूजन करते हैं

लेंस के बारे फैली गलत मिथक के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी के महमूरगंज स्थित एक होटल सभागार में कॉन्टेक्ट लेंस निर्माण करनेवाली " कूपर विजन " की तरफ से एक शहर के प्रमुख नेत्र विशेषज्ञ, आंखों के चिकित्सकों एवं शहर के प्रमुख ऑप्टिकल सेंटर्स के लिए लेंस के इस्तेमाल से सुविधा एवं लेंस के बारे प्रति फैली गलत मिथक के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया

उक्त अवसर पर कूपर विजन की तरफ से रश्मि कनौजिया व उज्जवल सरिन ने संयुक्त रूप से लेंस के इस्तेमाल, रखरखाव एवं लेंस के बारे में फैली नकारात्मकता के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि" ये सही बात है कि पहले कांटेक्ट लेंस लगाना पहले कभी तकलीफदेह होता था। बड़ी मुश्किल से सेट हो पाते थे। आँख में इन्फेक्शन होने का भी डर होता था। लेकिन अब उच्च तकनीक वाले लेंस उपलब्ध हैं जो आसानी से एक दो दिन में ही सेट हो जाते हैं ।इन लेंसों में ऑक्सीजन प्रवाहित होती रहती है जिसके कारण आँख को नुकसान होने की संभावना भी कम हो जाती है। इनकी कीमत भी पहले से कम हो चुकी है।

लेंस से आँखों में कोई लाली, जलन या सूखापन नहीं आता है। ये आपके लिए पूरी तरीके से भरोसेमंद हैं। इनसे आपकी आँखों में नमी बनी रहती है। ई२३ उड्ढल्ल३ू३ छील्लरी२ से स्पष्ट दृष्टि मिलती हैं और काफी बेहतरीन अनुभव मिलता है इन छील्लरी२ एटी को हाई क्वालिटी मटेरियल से बनाया गया जो आपकी आँखों को किसी भी तरीके का नुकसान पहुचाएं बिना सुरक्षित रखते हैं। आप अपनी आँखों के नंबर के मुताबिक लेना का चयन कर सकते हैं

महिलाओं की सशक्ति देश की मजबूती- एसपी सिटी बृजेश कुमार

समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर-मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में आज मिशन शक्ति के तहत जिला प्रशासन के निर्देशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार रहे एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर क्षेत्राधिकार कुलदीप गुप्ता रहे अतिथि के रूप में यातायात निरीक्षक जेडी शुक्ला,शहर कोतवाल अखिलेश मिश्रा,शकरमंडी चौकी प्रभारी कंचन पांडेय रही मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की महिलाओ सशक्त होना अति आवश्यक है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों टोल फ्री नंबरों का प्रयोग करके आप इसका लाभ उठा सकती हैं महिलाओं के सशक्त होने से देश मजबूत होगा इसी क्रम में नगर क्षेत्राधिकारी ने अपने संबोधन में कहा महिलाओं के सशक्त होने से हमारे देश में एक नई क्रांति आएगी जो हमारे देश को सशक्त एवं मजबूत बनाएगी कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा महिलाओं को शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में अपना योगदान देना होगा उसी के साथ-साथ व सशक्त एवं मजबूत होगी यातायात निरीक्षक जेडी शुक्ला यातायात के नियमों के साथ-साथ देश की आधी आबादी को भी जागरूक किया चौकी प्रभारी कंचन पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा महिलाओं को बिना डर के जीने का रास्ता सीखना होगा जो हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है

अतिथियों का प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने पुष्प देकर सम्मानित किया एवं कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए

इस मौके पर आए हुए अतिथियों का प्राचार्य ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया नारी सशक्तिकरण पर निबंध प्रतियोगिता,चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया इस मौके पर डॉ शाहनवाज खान,डॉ कमरूद्दीन शेख,डॉ जीवन यादव,डॉ के के सिंह,डॉ नीलेश सिंह,डॉ राकेश कुमार बिंद,डॉ ममता सिंह,डॉ शाहिदा परवीन,डॉ प्रेमलता गिरी,डॉ बतूल अंजुम,डॉ अब्दुल हलीम हाशमी,डॉ शाहिद अलीम,डॉ प्रवीण यादव महाविद्यालय परिवार एवं सैकड़ो की संख्या में छात्राएं मौजूद रही कार्यक्रम का संयुक्त संचालक सलमान शेख और अहमद अब्बास खान ने किया।

थाना करमा पर पंजीकृत अभियोग से सम्बधित कुल 1170 लीटर कच्ची शराब तथा 16870.86 लीटर अंग्रेजी शराब का किया गया विनष्टीकरण

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट /अपर सिविल जज जू0 डि0 कोर्ट संख्या 1 जनपद सोनभद्र के आदेश के क्रम मे जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र द्वारा गठित टीम, उप जिलाधिकारी घोरावल क्षेत्राधिकारी घोरावल व सहायक अभियोजन अधिकारी सोनभद्र की उपस्थिति मे पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के कुशल निर्देशन मे बरामद शुदा माल का विडिओ ग्राफी व फोटोग्राफी कराते हुए थाना करमा पर पंजीकृत कुल 87 मुकदमा से सम्बन्धित बरामद देशी कच्ची शराब 1170 लीटर व कुल 4 मुकदमों से सम्बन्धित बरामद अंग्रेजी शराब 16870.86 लीटर का विनष्टीकरण नियमानुसार कराया गया ।

थाना हाथीनाला पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित कुल 340 लीटर कच्ची शराब तथा 6120 लीटर अंग्रेजी शराब का किया गया विनष्टीकरण

अवगत कराना है कि उप जिलाधिकारी दुद्धी, क्षेत्राधिकारी ओबरा संयुक्त निदेशक अभियोजन अधिकारी सोनभद्र के निर्देशन में बरामद शुदा माल का विडिओ ग्राफी व फोटोग्राफी कराते हुए थाना हाथीनाला पर पंजीकृत मु0अ0सं0-20/2023 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित कुल 6120 लीटर अंग्रेजी शराब तथा 41 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 340 लीटर अवैध कच्ची महुए की शराब का विनष्टिकरण नियमानुसार कराया गया ।

दो बाइको की आमने सामने भिडंत में एक की मौत, दो गंभीर

समाज जागरण जौनपुर

खुटहन (जौनपुर)। बनुआडीह पोखरे के पास शुक्रवार की देर शाम दो बाइकों की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

बनुवाडीह गाँव निवासी रंजन दूबे का 25 वर्षीय पुत्र आयुष दुबे अपनी बाइक पर गाँव के ही शनि यादव को बैठाकर रात करीब नौ बजे गोसाईं पुर चौराहे से वापस घर जा रहे थे। शाहगंज की तरफ से गोबरहा गाँव निवासी विजय बहादुर यादव बाइक से अपने भांजे खंजहापुर जिला आजमगढ़ निवासी सूरज यादव को लिवाकर घर आ रहे थे। उक्त पोखरे के पास दोनों बाइकों में आमने सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें आयुष दूबे, सुरज और शनि गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी ले आयी। जहां चिकित्सकों ने आयुष दूबे को मृत घोषित कर दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचे मृतक के स्वजनों के रोने बिलखने से माहौल गमगीन हो गया।

अब वाराणसी में डोर टू डोर कूड़ा उठान क्यू आर कोड के माध्यम से होगा

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसीः नगर निगम वाराणसी में महापौर व नगर आयुक्त के अध्यक्षता में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 एन पी सिंह, समस्त क्षेत्रीय पार्षद व अधिकारी गणए वाराणसी वेस्ट सोलूशन्स प्रा0लि0 के प्रोजेक्ट हेड अनुज भाटी व संस्था के अन्य कर्मचारी के उपस्थिति में क्यू आर कोड द्वारा कूड़ा उठान कार्यक्रम दुगाकुंड वार्ड नंबर 25 से शुभारंभ किया गया

नगर आयुक्त महोदय ने क्यू आर कोड के बारे में क्षेत्रीय निवासियों को अवगत कराया जैसेए गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा का अलग रख रखाव व उठानए कूड़ा उठान होते ही कंस्यूमर के पंजीकृत मोबाइल नंए पर कूड़ा के उठान से सम्बन्धित अलर्ट रटर के माध्यम से जानकारी मिल जाएगी तथा कूड़ा उठान के यूजर चार्ज कलेक्शन की जानकारी भी नगर निगम को मिल जाएगी।

गृहकर में छूट पाने का अंतिम अवसर, 31 अक्टूबर तक

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी :नगर निगम द्वारा दिनांक-31 अक्टूबर, 2023 तक वर्तमान कर पर दस प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भवन स्वामियों के लिये छूट पाने का यह अंतिम अवसर है, इसके बाद किसी भी दशा में छूट की अवधि में विस्तार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त द्वारा आज गृहकर की समीक्षा बैठक में सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 31 अक्टूबर, 2023 के पश्चात जोनवार तैयार की गई बड़े बकायेदारों को अवगत करा दें कि वे अपना गृहकर 31 अक्टूबर तक प्रत्येक दशा में जमा कर दें, यदि उनके द्वारा निर्धारित अवधि में अपना गृहकर जमा नही किया जाता है तो नगर निगम अधिनियम 1959 में वर्णित धाराओं के अन्तर्गत ऐसे सभी बड़े गृहकर बकायेदारों पर कुर्की की कार्यवाही नवम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ करें। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय बड़े गृहकर बकायेदारों के बैंक खातों को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है.

रहस्यमयी जानलेवा वायरस को लेकर चिंतित सम्मानित अधिवक्ताओ ने की वाराणसी चिकित्साधिकारी से मुलाकात

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। विगत कई माह से समूचा उत्तर प्रदेश रहस्यमयी बुखार /वायरल की चपेट में है। जिसके दायित्वों को समझते हुए अधिवक्ता उत्थान समिति वाराणसी के अधिवक्ताओं द्वारा आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय वाराणसी पहुंच कर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक दिग्विजय सिंह से मुलाकात की गई। साथ ही उक्त रहस्यमयी बिमारी के विषय मे चर्चा किया गया और जानकारी लिया गया। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जानकारी से अवगत कराया गया तथा अधिवक्ता उत्थान समिति द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अपना सहयोग देने को कहा गया।

टुण्डी के राजबाड़ी दुर्गा मंदिर एवं स्वर्णकार टोला दुर्गा मंदिर से निकली झांकियां बना आकर्षण केंद्र

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-21अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित राजबाड़ी एवम् स्वर्णकार टोला (टुंडी प्रखण्ड मुख्यालय मार्ग) दुर्गा मंदिर से नव पत्रिका पूजन हेतु दोनों मंदिर से महिलाएं, पुरूष एवं छोटे-छोटे बच्चे - बच्चियां की झांकी निकाली गई जो आकर्षण का केन्द्र बना ।

सबों ने हाथों में भगवा झंडा जुलूस की शक्ल में पुरोहितों सदस्यों एवं भक्तजनों के साथ - साथ एक किलोमीटर दूर कदमा अहरा तालाब पहुंचे जहां राजबाड़ी दुर्गा मंदिर के आचार्य अरुप कुमार मिश्रा ,दीपक कुमार मिश्रा, जितेंद्र नाथ बनर्जी के सानिध्य में वैदोंचारण के साथ नव पत्रिका स्नान कराया गया

तत्पश्चात उसी मार्ग से पुनः मंदिर वापस आकर अष्टकलश से नवपत्रिका स्नान करने के उपरान्त मंदिर में प्रवेश कराया गया ।

ब्राह्मण देव एवं भक्तजन समिति के सदस्यगण जो मौके पर सहयोग करते देखें गये दिलीप बनर्जी , कैलाश बनर्जी , आलोक बनर्जी , समर बनर्जी , राजबाड़ी से देवेन्द्र नारायण सिंह, नवीन चन्द्र सिंह , अध्यक्ष - कांशी नाथ रवानी, सचिव -- शशीकांत महथा, कोषाध्यक्ष -- कामेश्वर साव , मनोज कुमार पाठक , संतोष कुमार राय, शंभू महथा ,शंभू चरण भारती , राम चरण भारती ,अरुण रवानी , तुलसी रजवार ,विजय सिंह , कुंदन सिंह , संतोष सिंह , टहलु कुलदीप रवानी ,सूरज सिंह प्रदीप रवानी प्रसेनजीत सिंह इत्यादि के अलावें सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चे उपस्थित रहे ।। सूरक्षा एवं यातायात सुव्यवस्था हेतु टुण्डी पुलिस मौके पर तत्पर देखें गये ।

स्वर्णकार टोला दुर्गा मंदिर से पुरोहित केशवानंद पाण्डेय , तारापद मुखर्जी एवं और साथ में दो ब्राह्मणों ने मां दुर्गा का सातवां स्वरूप शक्ति मां कालरात्रि देवी की स्तुति का स्मरण एवं मंत्रोच्चारण किया ।।

समिति के सदस्यगण अध्यक्ष - सुरेश मोदक, उपाध्यक्ष - लक्षण रविदास , सचिव - राकेश कुमार , कोषाध्यक्ष - विवेक कुमार उर्फ विक्की स्वर्णकार , महेश कुमार , नवीन चन्द्र सिंह, दिलीप कुमार , दशरथ स्वर्णकार , बिजय सिंह , प्रकाश सिंह ,गौरव कुमार , सूरज वर्मा , सूरज सोनी पंकज रजवार , लखी सिंह ,पूर्व उप मुखिया दीपक कुमार सोनी इत्यादि के अलावें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरूष साथ में छोटे-छोटे बच्चे उपस्थित रहें ।।

नवपत्रिक पूजन के साथ ही शक्ति स्वरूपा मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई । मां कालरात्रि की पूजा में पुरोहित का मंत्रोच्चारण बड़ा आकर्षक रहा ।

आमटाल में मां दुर्गा का पूजा होते आ रहा है

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

बलियापुर झआमटाल में सप्तमी को मां दुर्गा की पट खुलते ही मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ बढ़ गई। शनिवार को मंदिर समिति की ओर से चक्रवर्ती बांध से पुरोहितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ जल धारण कर दुर्गा मंदिर ब्राह्मण टोला लाया गया । वहीं समिति की ओर से पुरोहित के नेतृत्व में तालाब व नदी से मां का घट विधिवत पूजा कर पूरी विधि विधान साथ लोकर मंदिर व पूजा पंडाल में स्थापित किया। ये पूजा आम टाल में पीढ़ी दर पीढ़ी चलती आ रही है बहुत ही पुराना मंदिरों में से एक है । आमटाल पंचायत ढाक के ताल से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा । माना जाता है नवरात्रि के सातवें दिन देवी पार्वती की कालरात्रि स्वरूप की पूजा की जाती है, कहते हैं कि इस रूप में मां ने शुंभ और निशुंभ राक्षसों का वध किया था. मां

कालरात्रि को महायोगेश्वरी, महायोगिनी और शुभंकरी भी कहा जाता है, माना जाता है कि इस रूप में मां की पूजा अर्चना करने से मां कालरात्रि अपने भक्तों को काल से बचाती है यानी कि कालरात्रि की पूजा करने से जातकों को अकाल मृत्यु का डर नहीं रहता है । वही दूसरी ओर दुर्गा पूजा के उपलक्ष में सप्तमी के दिन आमटाल पंचायत अंतर्गत कुईया कोलियरी दुर्गा मंदिर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें 151 कन्याओं ने कलश उठाया । सबसे बड़ी खास बात कि कुइयां कोलियरी दुर्गा मंदिर में 49 वर्ष से पूजा होती आ रही है किंतु 49 वा वर्ष में यह पहला ऐसा साल है जिसमें इस तरह का भव्य कलश यात्रा किया गया । आमटाल के भक्तों एवं कन्या ने बढ़-चढ़कर कलश यात्रा में हिस्सा ली ।

दल बाल के साथ टुंडी थाना प्रभारी अनिल कुजूर पहुंचे राजबाड़ी स्थित दुर्गा मंदिर

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड):-21अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय

स्थित राजबाड़ी दुर्गा मंदिर संध्या बेला में गत शनिवार को टुंडी /थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल कुजूर एवम एस आई रोहित रजक पहुंचकर शक्ति स्वरूपा स्कंदमाता के दर्शन कर सुख शांति एवम उल्लासपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न होने की मंगल कामना की । थाना प्रभारी श्री कुजूर ने पूजा कमिटी के सदस्यों से मिलकर कई दिशा निर्देश दिया और कहा की किसी भी अनहोनी की संभावना होने पर तुरंत सूचित करे टुंडी पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है ।सप्तमी से दशमी तिथि तक तीन सी सी टी वी कैमरा लगाने की योजना है।

मौके पर समिति के सदस्य के रूप में कामेश्वर साव , मनोज पाठक , संतोष कुमार राय , बिजय सिंह , शशीकांत महथा एवं नवीन चन्द्र सिंह के अलावें दर्जनों समिति के सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामीण और भक्तगण उपस्थित थे।

नारायण प्राइवेट आईटीआई में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती आयोजित

फुलचांद पारित समाज जागरण संवाददाता नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 21 अक्टूबर 2023 : नारायण प्राइवेट प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह सिन्हा की जयंती मनाई गई उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा कि श्रीकृष्ण सिंह कलकत्ता विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री और फिर पटना विश्वविद्यालय से कानून में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की और 1915 से मुंगेर में अभ्यास करना शुरू कर दिया। भारतीय राज्य बिहार के पहले मुख्यमंत्री (1946-61) थे। द्वितीय विश्व युद्ध की अवधि को छोड़कर, सिन्हा 1937 में प्रथम कांग्रेस मंत्रिमंडल के समय से लेकर 1961 में अपनी मृत्यु तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। ब्रिटिश भारत में उन्हें कुल मिलाकर लगभग आठ वर्षों तक कारावास की अलग-अलग सजाएँ काटनी पड़ीं। सिन्हा की जन सभाओं में उन्हें सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती थी। जब वह जनता

को संबोधित करने के लिए खड़े होते थे तो उनकी शेर जैसी दहाड़ के कारण उन्हें बिहार केसरी के नाम से जाना जाता था। उनके करीबी दोस्त और प्रख्यात गांधीवादी बिहार विभूति एएन सिन्हा ने अपने निबंध मेरे श्रीकृष्ण बाबू के विषय में लिखा है कि, "1921 से, बिहार का इतिहास श्री बाबू के जीवन का इतिहास रहा है" स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान बहुत ही सराहनीय रहा है। गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने 1921 में वकालत छोड़ दी। इस अवसर पर एड-वोकेट निखिल कुमार,शांति राम महतो,पवन कुमार महतो, कृष्णपद महतो, देवकृष्ण महतो,अजय मंडल,गौरव महतो, निमाई मंडल, सिशुमति दास, आदि मौजूद थे।

डीआइजी अजय लिंडा, उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने फीता काट कर किया दुर्गा पूजा पंडाल का उदघाटन

फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 21 अक्टूबर 2023 : नीमडीह प्रखंड अंतर्गत चालियामा गांव में प्रथम वर्ष शुभारंभ किया गया दुर्गा पूजा पंडाल का मुख्य अतिथि कोल्हान के डीआइजी अजय लिंडा, अति विशिष्ट अतिथि सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला व विशिष्ठ अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ0 विमल कुमार ने फीता काट कर उदघाटन किया। पूजा का आयोजन श्री श्री सार्वजनीन दुर्गा पूजा समिति जाडूखल द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोल्हान के डीआइजी अजय लिंडा ने कहा कि 2012 - 2013 में मैं जमशेदपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पर कार्यरत रहा। उस समय से मैं दलमा के में विषय में समाचार पत्र में पढ़ा करते थे। आज यहां पहुंचकर बहुत खुशी हुई इस क्षेत्र के निवासी काफी शांति व अमन चैन प्रिय है। दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर माओवादियों से मुक्त कर इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने में काफी सहयोग किया। इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए पुलिस हमेशा सहयोग करेगी। माता दुर्गा से प्रार्थना है कि आपलोग बहुत खुशी के साथ त्यौहार

मनाएं। हम सभी जानते हैं कि बुराई में अच्छाई की जीत है, आज हम लोग यह भी प्रण लें कि इस क्षेत्र में कभी माओवादियों को प्रवेश करने नहीं देगें। अति विशिष्ट अतिथि उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों से पूर्ण आशा है कि शांति स्थापित करने में सहयोग करेंगे। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत किया गया। दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ज्वलन मार्डी ने डीआईजी को मां दुर्गा का प्रतीक चिन्ह, सचिव रामकृष्ण महतो ने उपायुक्त को एवं स्वपन दास ने एस पी को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पुजा समिति के अध्यक्ष राधा गोविंद सिंह, सचिव पूर्व मुखिया हरिपद सिंह, कोषाध्यक्ष तारापद रजक, मुखिया मंगली सिंह, पंचायत समिति सदस्य अरुण चंद्र गोराई, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव, विपुल सिंह, बुलेट नाग, पूर्व जिप सदस्य अनिता पारित, पद्मालोचन सिंह, हीरालाल मल्लिक, शरत सिंह, जगदीश सिंह, श्यामपद सिंह, युधिष्ठिर सिंह, सुभाष मंडल आदि उपस्थित थे।

असंगठित मजदूरों का भी बोनस का है हक प्रबंधक करें मजदूरों के ऊपर न्याय –रमेश महतो

दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड

तिसरा। कुइयां कोलियरी डंप 2 के असंगठित मजदूरों ने प्रदर्शन कर बोनस की मांग की कहां की प्रबंधन हम लोगों के साथ न्याय करें। नेतृत्व कर रहे असंगठित ट्रक लोडर मजदूर नेता रमेश महतो ने बताया कि इस लोडिंग

पॉइंट पर लगभग 200 से अधिक मजदूर वर्षों से कम कर रहे हैं यहां के काम करने वाले 75 मजदूर को 1992 /93 में बीसीसीएल में नौकरी हुआ इसके बाद बाकी मजदूर अब तक काम कर रहे हैं लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई सुविधा नहीं दिया जा रहा है सभी लोगों को बोनस दिया जाता है लेकिन असंगठित ट्रक लोडर मजदूर इससे वंचित हो रहे हैं आउटसोर्सिंग में बोनस दिया जाता है तो हम लोगों को क्यों नहीं देंगे। हम लोग कोयला लोड का काम ट्रक में करते हैं जो बीसीसीएल का ही काम होता है फिर हमारे साथ भेदभाव क्यों हम लोग बीसीसीएल का अंग है इसलिए प्रबंधन को इस पर ध्यान देना चाहिए पूरे क्षेत्र में जहां भी असंगठित ट्रक लीडर मजदूर है उनको दुर्गा पूजा में बनस देना चाहिए ताकि मजदूरों का बाल बच्चा भी पूजा मना सके ऐसे ही हम मजदूर का स्थिति खराब है नियमित ट्रक नहीं लगता जिसके कारण परेशानी होती है आखिर हम कहां जाएंगे हमारे साथ न्याय होना चाहिए। मौके पर किशन बाउरी,आदित्य दा ,रवि डे, झुमरा बाउरी, उपाशी देवी हरदेव रवानी बैसाखी देवी आदि थे।

चालियामा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा की घट स्थापना हेतु निकाली गई भव्य कलश यात्रा

फुलचांद पारित समाज जागरण संवाददाता नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 21 अक्टूबर 2023 : नीमडीह प्रखंड अंतर्गत दलमा के तराई में स्थित चालियामा गांव में श्री श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति जाडूखल द्वारा प्रथम वर्ष शुभारंभ किया गया दुर्गोत्सव के लिए शनिवार की सुबह माता दुर्गा की घट स्थापना हेतु पूजा मंडप से आमड़ा जुड़िया तक 108 युवती एवं महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आमड़ा जुड़िया में पुजारियों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरकर देवी मंडप में लाकर घट स्थापना की गई। इस दौरान संकीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत की गई माता दुर्गा के भजन से वातावरण में भक्ति का माहौल बन गया। भक्तों ने 'जय माता दी, जय शेरावाली, जय अंबे, जय मां दुर्गा' आदि जयकारा लगाते हुए झूमते रहे। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राधा गोविंद सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा को वास्तव में शक्ति प्राप्त करने की इच्छा से मनाया जाता है जिससे विश्व की बुराईयों का अंत किया जा सके। जिस प्रकार देवी दुर्गा ने ब्रह्मा, विष्णु और शिव की शक्तियों को इकट्ठा करके दुष्ट राक्षस महिषासुर का नाश किया था और धर्म को बचाया था। उसी प्रकार हम अपनी बुराईयों पर विजय प्राप्त करके मनुष्यता को

बढ़ावा दे सकें। दुर्गा पूजा का यही संदेश होता है। हर पर्व या त्योहार का मनुष्य के जीवन में अपना विशेष महत्व होता है, क्योंकि इनसे न केवल विशेष प्रकार के आनंद की प्राप्ति होती है बल्कि जीवन में उत्साह एवं नव ऊर्जा का संचार भी होता है। दुर्गपूजा भी एक ऐसा ही त्यौहार है, जो हमारे जीवन में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राधा गोविंद सिंह ने कहा कि दलमा के इस तराई क्षेत्र में स्थित दर्जनों गांवों के मां-बहनों को माता दुर्गा की पूजा अर्चना करने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था। मां, बहन, बेटी एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चालियामा गांव में माता दुर्गा की पूजा शुभारंभ की गई। इस अवसर पर पुजा समिति के अध्यक्ष राधा गोविंद सिंह, सचिव पूर्व मुखिया हरिपद सिंह, कोषाध्यक्ष तारापद रजक, मुखिया मंगली सिंह, पंचायत समिति सदस्य अरुण चंद्र गोराई, विपुल सिंह, बुलेट नाग, पद्मालोचन सिंह, हीरालाल मल्लिक आदि उपस्थित थे।

पहला स्वर्गीय राज रतन ट्रॉफी पर नो कॉम्प्रोमाइज, पारडीह का कब्जा

नंदा रजक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : पटमदा प्रखंड के साउथ प्वाइंट स्कूल मैदान में शनिवार को गोबरघूसी क्रिकेट टीम की ओर से एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच नो कॉम्प्रोमाइज,पारडीह और कितापाठ इलेवन के बीच खेला गया, कितापाठ इलेवन के कप्तान राहुल ने टॉस जीत कर नो कॉम्प्रोमाइज,पारडीह को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया, पहले बल्लेबाजी करते हुए नो कॉम्प्रोमाइज,पारडीह के ओपनर लक्की सिंह की शानदार 48 रन की मदद से 4 ओवर में तीन विकेट पर 75 रन बना कर कितापाठ इलेवन को 76 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे

कितापाठ इलेवन की टीम 4 ओवर में 4 विकेट पर 57 रन ही बना सकी, इस तरह से नो कॉम्प्रोमाइज ,पारडीह 18 रन से मैच जीत कर पहले स्वर्गीय राज रतन ट्रॉफी का चैंपियन बना। विजेता नो कॉम्प्रोमाइज ,पारडीह टीम को 15,000 रुपया और एक ट्राफी और उपविजेता कितापाठ इलेवन को 10,000 और एक ट्राफी देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में गोबरघुसी क्रिकेट टीम के विकाश प्रताप सिंह, सागर सिंह, विक्की सिंह, बिट्टू, करण, सहदेव, आशीष, राजा, गणेश, तोपु, अमित का अहम योगदान रहा।

न्यू कॉलोनी दुर्गा मंडप सरायडेला में किया गया था डांडिया का आयोजन।

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

धनबाद न्यू कॉलोनी पूजा मंडप सारायडेला में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर

स्पंदन और पूजा कमेटी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें डांडिया,गीत,नित्य और कला जगत से जुड़े हुए लोगों को किया गया सम्मानित, जिन्हें सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुख स्त्रोत्सिनी एंड ग्रुप, रेशमी एंड ग्रुप, मनोज माजूनदार, परिमोल, सैकत, अरविंदो, लीलामय, प्रोनोब, ऋषण, देबदास, एन के खवास, बबलू गांगुली, रिशान, चन्दना, माला, रिंकू,बोरनाली, काकोली और कोईना डांडिया और गीतों में दर्शकों ने खूब सराय,आज का इस कार्यक्रम में डांडिया और गीत प्रमुख इवेंट था।

पटमदा में कलश यात्रा के साथ महासप्तमी की पूजा शुरू, जिप उपाध्यक्ष पंकज व पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार ने लिया आशीर्वाद

नंदा रजक, समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : शनिवार को पटमदा, कमलपुर व बोड़ाम थाना क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा पंडाल एवं मंदिरों में कलश यात्रा के साथ महासप्तमी की पूजा शुरू हुई।

दोपहर को बेलटाड़ स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल पहुंचे भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व जिप राजकुमार सिंह व जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने मां दुर्गा से आशीर्वाद लिया। वहीं सुबह में बेलटाड़ स्थित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से कलश यात्रा निकाली गई और रांगाबांध तालाब से कलश लाकर स्थापना की गई।

मौके पर पुरोहित शक्तिपद मुखर्जी, यजमान के रूप में शिशुपाल सिंह सरदार व प्रदीप पैड़ा, ईशान चंद्र गोप, चंद्रमोहन गोराई, विजय सिंह, सुरेन्द्र प्रमाणिक, सुदामा कर्मकार, संतोष कुमार सिंह, रसराज सिंह, विजय कुमार मंडल, जगदीश प्रसाद मंडल, शिशुलाल महतो, विजय कृष्ण मल्लिक, मिहिर कुमार प्रमाणिक, उज्ज्वल कांति दास, दीपक कुमार दास, विश्वजीत महतो, निर्मल कांति दास, रंजन मल्लिक, प्रशांत मल्लिक, संजय मल्लिक, अमूल्य दत्त, आदि शामिल थे।

कभी भी कहीं भी रक्तदान करने पहुंच जाते हैं हम लोग के संस्था के सदस्य ,हम लोग का प्रयास रहता है कि मानव सेवा करते रहेइ्र दीपेश चौहान

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

दिनाँक 20/10/2023 दिन शुक्रवार को संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि ऑर्थो क्लिनिक सराईढेला, धनबाद में ईलाजरत 70 वर्षीय बुजुर्ग पागल चंद्र डे को तत्काल एक यूनिट ओ पॉजिटिव की आवश्यकता हैं कृपया कोई मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के नए सदस्य श्री विष्णु कुमार चार जी बिना समय गंवाए ज़िले के सरकारी ब्लड बैंक पी.एम.सी.एच धनबाद पहुंचे और मरीज पागल चंद्र डे जी के लिए अपना ए पॉजिटिव रक्तदान कर मरीज को ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराया, रक्त दाता विष्णु युवा नियमित रक्त दाता हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी लेते रहते हैं '

आयुष मंत्रालय ने विशेष अभियान 3.0 में अनावश्यक वस्तुओं को हटाने और कार्यस्थल को इष्टतम बनाने में उपलब्धि अर्जित की

आयुष मंत्रालय ने विशेष अभियान 3.0 में अनावश्यक वस्तुओं को हटाने और कार्यस्थल को इष्टतम बनाने में एक और उपलब्धि अर्जित की। मंत्रालय विशेष अभियान 3.0 में उल्लिखित अन्य उपलब्धियों को अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

आयुष मंत्रालय ने अपनी तैयारियों के हिस्से के रूप में, 2 अक्टूबर, 2023 को आरंभ हुए राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान 3.0 के लिए निम्नलिखित लंबित मामलों की पहचान कीः सांसदों के संदर्भ 30, संसदीय आश्वासन 17, राज्य सरकार 3, सार्वजनिक शिकायतें 75, प्रधानमंत्री कार्यालय संदर्भ 3, जन शिकायत अपील 24, फाइलों का प्रबंधन 305 और स्वच्छता अभियान 2.0 । इसके परिणामस्वरूप, फाइलों की छंटनी से संबंधित अभियान में तीसरे सप्ताह में अत्यधिक प्रगति देखी गई है। समीक्षा के लिए देय 305 फाइलों में से 161 फाइलों की समीक्षा की जा चुकी है और 161 समीक्षा की गई फाइलों में से सभी 161 फाइलों को हटा दिया गया है।

विशेष अभियान 3.0 आधिकारिक तौर पर 15 सितंबर 2023 को एक प्रारंभिक चरण के साथ आरंभ हुआ, जिसमें देश भर में स्वच्छता लक्ष्यों को निर्धारित करने का प्रयास किया गया था। इसके बाद अभियान का कार्यान्वयन चरण 2 अक्टूबर को आरंभ हुआ। अभियान के दौरान, कार्यालयों में स्थान प्रबंधन और कार्यस्थल अनुभव को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। अभियान 3.0 स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और चिंताओं पर ध्यान देने के लिए नवीनतम कदम है।

अभियान के दौरान, मंत्रालय के कार्यालयों के भीतर स्थानों से अनावश्यक वस्तुओं को हटाने और सौंदर्यीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य कर्मचारियों के कार्य वातावरण और उत्पादकता में वृद्धि करना है।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के हिस्से के रूप में, आयुष मंत्रालय ने मंत्रालय के सभी अधिकारियों को स्वच्छ और कचरा मुक्त भारत के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वच्छता शपथ दिलाई। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने समीक्षा की और सभी वरिष्ठ अधिकारियों को अभियान अवधि के दौरान लक्ष्य अर्जित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का निर्देश दिया है। एक समर्पित टीम द्वारा दैनिक प्रगति की निगरानी की जा रही है। संस्थानों, संगठनों, परिषदों ने अपने परिसरों, आस-पड़ोस, सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, पार्क, हर्बल गार्डन और यहां तक कि झीलों, तालाबों आदि की सफाई की। वरिष्ठ अधिकारियों और आयुष से संबंधित लोगों ने अभियान के एक हिस्से के रूप में आयुष भवन और इसके समीपवर्ती स्थानों की सफाई की।

स्वच्छता अभियान की तरह, आयुष मंत्रालय ने भी विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों, अनुसंधान परिषदों, राष्ट्रीय संस्थानों, अधीनस्थ संगठनों और अन्य वैधानिक निकायों से संबंधित कार्यकलापों का निरीक्षण करने का अनुरोध किया है। यहां यह ध्यान रखना युक्तिसंगत है कि लंबित मामलों के निपटान में पहले के प्रयासों से उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित हुई हैं और मंत्रालय समग्र रैंकिंग में सुधार करने में सक्षम है।

कार्यस्थल के अनुभव को बढ़ाने, स्वच्छता को बढ़ावा देने और निर्धारित लक्ष्यों को अर्जित करने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ विशेष अभियान 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण (डीओपीपीडब्ल्यू) विभाग में निर्णय लेने एवं लंबित मामलों निस्तारण में दक्षता प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान 3.0 पूर्ण रूप से प्रगति पर

50 से अधिक साइट पर, डीओपीपीडब्ल्यू द्वारा स्वच्छता अभियान और कचरा निस्तारण अभियान का संचालन केंद्र सरकार पेंशनभोगी संघ द्वारा किया गया

केन्द्र सरकार पेंशनभोगी विभाग द्वारा प्राप्त लोक शिकायतें और अपीलों के निस्तारण में महत्वपूर्ण कार्य

भौतिक समीक्षा द्वारा कुशल रिकार्ड प्रबंधन, पुरानी फाइलों को प्रतिधारण के अनुसार छांटना और रिकॉर्ड रूम का शेड्यूल और नवीनीकरण करना पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने विशेष अभियान 3.0 के एक हिस्से के रूप में विभिन्न गतिविधियों जैसे स्वच्छता को बढ़ावा देने, सार्वजनिक शिकायतें के लंबित मामलों में कमी लाने, डिजिटलीकरण को प्रगति देने और निर्णय लेने में दक्षता को बढ़ावा देने के लिए सुशासन की पहल के माध्यम से महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विभाग ने केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों से प्राप्त लोक शिकायतों और अपीलों के निपटान में महत्वपूर्ण कार्य किया है। एससीडीपीएम 3.0 के तीसरे सप्ताह तक चार हजार एक सौ से अधिक लोक शिकायतें और लगभग पांच सौ शिकायत अपीलों का निपटान विभाग द्वारा किया गया है।

विभाग ने विशेष अभियान 3.0 के दौरान समीक्षा के लिए तेरह सौ से अधिक भौतिक फाइलों की पुष्टि की है। अभिलेखों की समीक्षा के पश्चात छंटनी के लिए अभी तक लगभग चार सौ पुराने अभिलेखों/फाइलों की पहचान की गई है और रिकार्ड प्रतिधारण अनुसूची की शर्तों के अनुरूप लगभग 550 ई-फाइलों की समीक्षा की गई है और 384 ई-फाइलें बंद कर दी गई हैं।

2 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक डीओपीपीडब्ल्यू के वरिष्ठ अधिकारियों की निरंतर निगरानी में कार्य रूप में चलने वाला विशेष अभियान 3.0 जिसमें इन अधिकारियों ने अभियान की गतिविधियों में व्यक्तिगत रुचि ली है। साथ ही, विशेष अभियान 3.0 की अक्षरशः सफलता सुनिश्चित करने के लिए इसमें शामिल कार्यबल के साथ-साथ केंद्र सरकार पेंशनभोगी संघ भी उत्साहित हैं

विभाग ने केंद्र सरकार पेंशनभोगी संघ और उनसे संबद्ध संघ के माध्यम से पूरे भारत में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। पूरे देश में केंद्र सरकार के सभी 50 पेंशनभोगी संघों ने लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान (एससीडीपीएम) 3.0 में सक्रिय रूप से भाग लिया।

श्रृद्धालुओं ने उठाया कलश : राजगंज सेवा समिति

दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।

राजगंजः सेवा समिति द्वारा संचालित दुर्गा पूजा शनिवार की सुबह 6:30 बजे गल्लीकुल्ही बड़का तालाब से श्रृद्धालुओं ने कलश यात्रा कर कलश उठाया, भिन्न भिन्न जगहों एवं आस पास के श्रृद्धालुओं ने इस यात्रा में शामिल हुए, सभी श्रृद्धालुओं ने मां की जय- जयकार करते हुए एवं शंख बजाते हुए मां की भक्ति में लीन हुए

पुजारी के हाथों पटमदा बाजार पंडाल का उद्घाटन

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी, पटमदा बाजार के पंडाल का उद्घाटन पंडाल के पुजारी के हाथों से किया गया, इस बार कमिटी के द्वारा पंडाल चंद्रयान -3

को दिखलाया गया है जो लोगों के लिए बहुत ही आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है ,पंडाल को देखने के बहुत ही भीड़ हो रहा है।उद्घाटन के समय कमिटी के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, पटमदा पंचायत के मुखिया परमेश्वर सिंह ,दीपक दत्त ,राजेश दास, सुशांत दत्त , पतितपाबन दत्त , भबानी दास ,सनातन रजक आदि उपस्थित थे।

कानपुर : किसान आत्महत्या कांड के फरार आरोपियों पर जेसीपी आनंद का शिकंजा, आशु दिवाकर की कुर्की की तैयारी

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां के चकेरी थाना क्षेत्र के बहुत चर्चित किसान बाबू सिंह आत्महत्या कांड में फरार घोषित आंसू दिवाकर ने अगर अपनी गिरफ्तारी नहीं दी ,तो उनके खिलाफ अब कुर्की की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा इसके लिए न्यायालय ने भी आदेशित कर दिया है।

आशु दिवाकर के खिलाफ न्यायालय ने सीआरपीसी की धारा 82 के अन्तर्गत फरारी की उदघोषणा का आदेश जारी किया है। जिसके तहत अब पुलिस द्वारा मुनादी और घोषणा की जाएगी और यदि इसके बाद भी गिरफ़्तारी नहीं दी अथवा आत्मसमर्पण नहीं किया तो दंड प्रक्रिया संहिता कि धारा 83 के तहत कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

अवगत कराते चलें कि मुख्य आरोपी भाजपा नेता प्रिय रंजन दिवाकर और उसके बाकी आरोपी साथियों पर 50-50 हजार का इनाम भी पहले ही घोषित किया जा चुका है।

कुल मिलाकर गिरफ्तारी और समर्पण नहीं किए जाने की दशा में आंसू दिवाकर की संपत्ति को कुर्क किए जाने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती, क्योंकि आरोपियों का पाला कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का इतिहास रचने वाले देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक यहां के जुझारू तेवरों वाले संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी से पड़ा है। सभी संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ जिनकी अब तक की जुझारू नौकरी का पूरा इतिहास ही इस तरह के आरोपियों को भरपूर सबक सिखाने के सैकड़ों उदाहरणों से भरा पड़ा है।

यह भी अवगत कराते चलें कि किसान बाबू सिंह को आत्महत्या मामले में अथक परिश्रमी जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवा-री की पारदर्शिता और निष्पक्षता पूर्ण सक्रियता इस मामले में आरोपी राहुल जैन आदि को दिल्ली से गिरफ्तार करवाने में सफल हो चुकी है। और अब इसी क्रम में आसू दिवाकर आदि की गिरफ्तारी में भी सफलता बहुत जल्द मिल सकती है। अन्यथा उसकी कुर्की भी किया जाना तय है। इसके लिए न्यायालय से पुलिस को आदेश भी मिल चुका है।

इन सभी आरोपियों पर किसान बाबू सिंह की करोड़ों की जमीन को धोखाधड़ी से लाखों में खरीदने का आरोप है, जिसकी वजह से ही उसने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आत्महत्या कर ली थी। प्रकरण लगातार चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

स्वास्थ्य मंत्री रहते डॉक्टर चौधरी ने धरातल पर नहीं किया काम घोषणा वीर बने रहे,, बोले कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर गिरीश गौतम

रायसेन। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सांची मार्ग स्थित होटल अमोघ में सांची विधानसभा क्षेत्र के नव घोषित कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर गिरीश गौतम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, कांग्रेस प्रत्याशी श्री गौतम पत्रकारों से रूबरू होते हुए कुछ प्रश्नों के उत्तर उन्होंने सटीक दिए तो कुछ प्रश्नों के उत्तर देने में उलझे नजर आए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गिरीस गौतम ने बताया कि सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक और प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र में देखा जाए तो धरातल पर रहकर काम नहीं किया है कई स्थानों पर कई स्थानों पर पुल निर्माण नहीं कराए तो कहीं पुलिया निर्माण नहीं सेवासनी मार्ग और ऐसे कई गांव के रास्ते हैं जहां बड़े-बड़े गड्ढे बन रहे हैं जमनिया गांव में भी रोड का निर्माण नहीं होने से वहां ग्रामीण आना-जाना नहीं कर पा रहे हैं कुल मिलाकर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर चौधरी घोषणा वीर रहे उन्होंने करोड़ों की घोषणाएं ऐसे ही कर डाली परंतु

धरातल पर आप जाकर देखोगे तो सांची क्षेत्र का कुछ भी विकास नहीं है। इसी प्रकार से सांची क्षेत्र में स्वास्थ सुविधाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है, मरीज उपचार के लिए परेशान होते हैं भोपाल में लोगों को उपचार कराना पड़ता है। उनसे यह पूछने पर की सांची विधानसभा क्षेत्र से आप कांग्रेस प्रत्याशी हैं यदि विधायक बनते हैं तो आपकी क्या प्राथमिकता होगी इसके जवाब में डॉक्टर गौतम ने बताया कि मैं सबसे पहले स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारूंगा इसके पश्चात सांची क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराऊंगा और इस क्षेत्र को मध्य प्रदेश में एक अलग ही पहचान दिलाऊंगा । उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ो स्थान पर निशुल्क शिविर लगाकर ग्रामीण भाई बहनों की सेवा की है, उनका मुझे अवश्य आशीर्वाद मिलेगा। मैं किसी भी कीमत पर सांची क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान, कांग्रेस नेता नारायण सिंह ठ-ाकुर, मनोज अग्रवाल, हकीमुद्दीन मंसूरी, जावेद अहमद, फजल भाई, पूर्व सरपंच अकरम भाई, संतोष शर्मा आदि अनेक कांग्रेसी नेता भी इस मौके पर मौजूद रहे।

जिले में गरबा आयोजनों में भी मतदाता जागरूकता का दिया जा रहा संदेश

रायसेन, 21 अक्टूबर 2023

जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

श्री अरविंद दुबे के निदेर्षानुसार स्वीप प्लान के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नवरात्रि महोत्सव अंतर्गत गरबा आयोजनों में भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। गत दिवस सिलवानी जनपद पंचायत प्रांगण में स्वीप गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता कर मतदाता जागरूकता का संदेष दिया। साथ ही जिले के सभी मतदाताओं से भी विधानसभा निर्वाचन-2023 में अनिवार्य मतदान की अपील की गई।

मतदाता जागरूकता के लिए खेला गया कौन बनेगा करोड़पति

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (21 अक्टूबर)नगर की रानी दुर्गावती स्कूल में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कौन बनेगा करोड़पति का आयोजन किया गया। अपनी तरह के इस अनोखे कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर हॉट सीट पर विराजे। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते है हम सबको मतदाता सूची में जाम जुड़वाने की पहल करनी चाहिए। इसके बाद जो भी निर्वाचन हो उसमें जागरूक मतदाता के रूप में मतदान करना चाहिए। मतदान करने के लिए आवश्यक है कि उसका नाम मतदाता सूची में हो, इसके बाद अगर मतदाता परिचय पत्र न हो तो अन्य वैकल्पिक दस्तावेजो के आधार पर भी मतदान किया जा सकता है। यहां कार्यक्रम से उपस्थित सभी विद्यार्थियों व अधिकारियों व सहभागी करने वाले प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद विधिवत केबीसी का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम उसी तरह प्रारम्भ हुआ जैसे- वास्तविक केबीसी की शुरूआत फर्स्ट फिंगर फर्स्ट के साथ होती है। इस प्रतियोगिता में अरावली सदन द्वारा 7 करोड़ पॉइंट प्राप्त किये गए। प्रतियोगिता में दो राउंड हुए।

शिवोम दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर में जगमगा रहे ज्योति कलश, महा आरती में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

रायसेन। हर वर्ष की तरह इस बार भी मुखर्जी नगर स्थित स्वामी शिवोम दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर पर यहां के भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं को लेकर सैकड़ो ज्योति कलश माता रानी के दरबार में जलवाए है जो जगमगा रहे हैं । नवरात्र के उपलक्ष में शनिवार को महा आरती का विशाल आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा आरती में भाग लिया इस दौरान महिलाएं अपने घरों से दीपक जलाकर मंदिर स्थल तक लेकर आई यहां उत्साह एवं श्रद्धा पूर्वक महा आरती के आयोजन में भाग लिया यहां मौजूद कुछ महिला श्रद्धालुओं का कहना था कि मां शिवोम दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर में माता रानी यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं इसी कारण यहां दोनों ही नवरात्र के समय भक्तों की रोजाना भीड़ लगती है यहां मैया के सच्चे दरबार में जो भी भक्त अपनी मनोकामना लेकर आता है वह जरूर पूरी होती है । इसी के चलते दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर पूरे शहर में एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थान बन गया है। वैसे भी देखा जाए तो रायसेन शहर में सबसे बड़ा मंदिर शिवोम

दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर है, जिसका शिखर 51 फीट ऊंचा है जो दूर-दूर से ही लोगों को नजर आता है। मंदिर का निर्माण सदगुरुदेव स्वामी शिवोम तीर्थ जी महाराज द्वारा भक्तों के कल्याण के लिए ही निर्माण कराया है जिसका संचालन अब उनके चिरंजीव एवं कृपा पात्र स्वामी निजानंद तीर्थ महाराज के निर्देशन में चल रहा है। इस मंदिर में प्रतिदिन ही 12 महीने भक्तों का आना जाना लगा रहता है।

हिंदू युवा संगठन एवं से सनातन धर्म प्रेमियों ने मां काली जी की विशाल मुकुट शोभा यात्रा निकाली

रायसेन। शहर में शारदेय नवरात्र की सप्तमित तिथि शनिवार को शाम के समय गंज बाजार श्री हनुमान मंदिर से रामलीला मैदान तक माता काली जी के लिए चांदी का सवा किलो मुकुट धारण करने हेतु हिंदू युवा संगठन, मां काली उत्सव समिति एवं सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा विशाल मुकुट शोभायात्रा निकाली गई जो गंज बाजार होते हुए थाना कोतवाली के सामने से भोपाल मार्ग होकर भोपाल सागर चौराहा होते हुए सांची मार्ग होकर रामलीला रोड से झांकी स्थल तक पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों ने एवं माता बहनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शोभायात्रा में सनातन धर्म प्रेमी जय माता दी के जयकारे लगाते हुए मां काली के काले झंडे और भगवा ध्वज लेकर युवा शोभायात्रा में आगे आगे चल रहे थे । इसके पीछे बेंड बाजे की धुन में सेकडो बहने शोभायात्रा की शान बढ़ाते हुए चल रही थी । जगह जगह धर्म प्रेमियों ने आतिशबाजी चलाकर एवं पुष्प वर्षा कर मुकुट शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया।

स्मृति दिवस पर पुलिस लाईन में शहीदों के परिजनों का किया गया सम्मान

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(22 अक्टूबर)प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुलिस लाईन में शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। शहीद समारोह के अवसर पर कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक संजय सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेशचंद्र थपलियाल, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्ष-ाक समीर सौरभ, सेनानी हॉकफोर्स मोती उर रहमान, सेनानी 123 वीं वाहिनी सीआरपीएफ मति तेजेन्दर कौर, डीएफओ अभिनव पल्लव, जेएमएफसी विकास विश्वकर्मा, सीईओ जिला पंचायत डीएस रंणदा सहित पुलिस और हॉकफोर्स के समस्त अधिकारी शामिल हुए।कार्यक्रम के प्रारम्भ में पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा परेड की सलामी के साथ की गई। परेड की सलामी के बाद शहीदों की सूची का वाचन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों के द्वारा शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। परेड पील ऑफ की कार्यवाही के पश्चात शहीदों

के परिजनों का सम्मान शॉल एवं श्रीफल देकर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के औपचारिक समापन के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा शहीदों के परिजनों से व्यक्तिगत भेंट की गई। शहिदों के परिजनों की अपनी समस्याओं से रूबरू हुये एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में यथोचित कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया।

महाअष्टमी आज,भक्तिभाव से हो रही हैं पूजन,251 देवियों से बना बैहर का पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(22 अक्टूबर)नौ दिनों तक चलने वाला महामाया का महापर्व नवरात्रि का नौ दिन बहुत ही शुभ एवं पवित्र माना जाता है। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है।नवरात्र का आठवां दिन मां महागौरी को समर्पित होता है। इस दिन मां महागौरी की पूजा विशेष रूप से की जाती है। इस दिन विधि-विधान से मां की पूजा करने वाले भक्तों की मनोकामना जरूर पूरा होती हैं। साथ ही मां को उनके पसंदीदा फूल और प्रसाद भी अर्पित करने का विधान हैं।श्वेत वस्त्र धारण करने वाली मां महागौरी का वाहन वृषभ है, जिनकी चार भुजाएं हैं। ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा में है, बाएं हाथ में डमरू है। माता अपने निचले हाथ में त्रिशूल धारण किये हुए हैं तथा वर मुद्रा में हैं। मान्यता है कि मां महागौरी की पूजा करने से मनचाहा जीवनसाथी मिलता है।

251 देवियों से सजा हैं बैहर का पंडाल

बैहर मुख्यालय में हर वर्ष नवरात्रि के पावन पर्व पर 251

देवियों के रूपों को स्थापित किया गया हैं जो देखते ही बनता हैं। दूर दराज से भक्त बैहर पहुंच कर 251 देवियों के रूपों का दर्शन लाभ लेकर अपने आप को धन्य समझ रहें हैं।पंडाल में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा किया जाता हैं, साथ ही हवन पूजन के लिए यज्ञ पंडाल बनाया गया हैं। पंडाल की भव्यता देखते ही बनता हैं, पंडाल जितना सुंदर बाहर से दिखता उससे अधिक सुंदर अंदर की माता रानी की 251 प्रतिमाएँ हैं जिनका दर्शन कर भक्त प्रफुल्लित हो रहें हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया मॉनीटरिंग सेल का किया निरीक्षण

रायसेन, 21 अक्टूबर 2023

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय, कम्पोजिट भवन में जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग सेल का निर-ीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्ष-ाक श्री विकास शहवाल भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने नोडल अधिकारी एमसीएमसी तथा जिला जनसम्पर्क अधिकारी अनुभा सिंह से प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया में पेड न्यूज की मॉनीटरिंग संबंधी कार्यो की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मॉनीटरिंग सेल में डयूटीरत कर्मचारियों से भी मॉनीटरिंग के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और गंभीरता से कार्य सम्पादित किए जाने के निर्देश दिए।

जिले की छः सीटों पर भाजपा और कांग्रेस ने घोषित किये अपने अपने प्रत्याशी, मौसम बिसेन और प्रदीप जयसवाल पर लगी मुहर

दोनों पार्टियों में प्रत्याशी को लेकर घमासान जारी

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(22 अक्टूबर)शनिवार को भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जिसमे बची जिले की दो सीटों पर उम्मी-दवारों के नाम की घोषणा हो गयी। जिसमे बालाघाट से मौजूदा विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन की सुपुत्री मौसम हरिनखेड़े को उम्मीदवार बनाया गया हैं जिसकी अटकले विगत कई महीनों से लगायी जा रही थी। वहीं वारासिवनी से निर्दलीय विधायक प्रदीप जयसवाल को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया हैं जो अभी हाल में ही भाजपा में प्रवेश किये हैं।

मौसम का राजनीतिक सफर

राजनीति के गुरु कहे जाने वाले मौजूदा भाजपा विधायक गौरी शंकर बिसेन विगत चालीस वर्षो से अपनी राजनीति का लोहा महाकौशल में मनवा रहें हैं जिनकी सुपुत्री मौसम हरिनखेड़े इंजिनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद अपने पिता के नक्शे कदम पर चलने लगी, चुंकि पिता भाजपा के दमदार नेता हैं जिससे मौसम बिसेन को प्रेरणा भी मिली, शायद यही कारण था कि मौसम ने पहली बार भाजपा के युवा जोड़ो अभियान की संयोजिका के रूप में अपना पहला कदम बढ़ाया जो आगे बढ़ता ही गया। इसके बाद जैसे उन्हें

मंजिल मिल गयी और वे आगे बढ़ती गयी। हालांकि मौसम को गौरीशंकर बिसेन की पुत्री के नाम से ज्यादा जाना जाता हैं लेकिन यह भी सत्य हैं कि मौसम हरिनखेड़े में राजनीति की समझ काफी हैं जो उन्होंने अपने राजनीतिक सफड़ के दौरान साबित भी किया हैं लेकिन असली परीक्षा तो मतगणना के बाद चलेगा कि कौन कितने पानी में हैं।मौसम को प्रत्याशी बनाये जाने की अटकले तो लगायी जा रही क्यों कि मौसम हरिनखेड़े की सक्रियता विगत कुछ वर्षो से राजनीति में बढ़ गयी थी जिससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि गौरीशंकर बिसेन की राजनीतिक वारिस आने वाले समय में मौसम ही होंगी जिसका जिक्र गौरीशंकर बिसेन कई बार राजनीतिक मंच से कर चुके थे। जिसको पार्टी हाई कमान ने मान लिया और शनिवार को मौसम के नाम पर मुहर लग गयी।

वारासिवनी के सिरमौर बनेगे प्रदीप जयसवाल?

वारासिवनी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी के रूप में प्रदीप जयसवाल के नाम पर मुहर लगते ही जिले की तीन सीटों पर घमासान शुरू हो गया हैं, जिससे आने वाले चुनाव में भाजपा को नुकसान हो सकता हैं या फिर बगावत करने वालों की राजनीतिक नैया बह सकती हैं जो चुनाव के फाइनल में दिखेगा। बहरहाल वारासिवनी के मौजूदा विधायक प्रदीप जयसवाल अभी अभी भाजपा में प्रवेश किये हैं जिन्हे पार्टी ने उम्मीदवार भी बना दिया जिसे लेकर भाजपा के पूर्व विधायक योगेंद्र निर्मल ने मोर्चा खोल दिया हैं और स्वयं निर्दलीय चुनाव लड़ने तक की घोषणा कर चुके हैं।बहरहाल इस घोषणा से जहाँ जयसवाल गुट पटाके फोड़ रहा हैं वहीं निर्मल गुट अंदर ही अंदर जल भून रहा हैं, जो राजनीति में चलता रहता हैं।

स्वास्थ्य मंत्री रहते डॉक्टर चौधरी ने धरातल पर नहीं किया काम घोषणा वीर बने रहे,, बोले कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर गिरीश गौतम

रायसेन। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सांची मार्ग स्थित होटल अमोघ में सांची विधानसभा क्षेत्र के नव घोषित कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर गिरीश गौतम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, कांग्रेस प्रत्याशी श्री गौतम पत्रकारों से रूबरू होते हुए कुछ प्रश्नों के उत्तर उन्होंने सटीक दिए तो कुछ प्रश्नों के उत्तर देने में उलझे नजर आए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गिरीस गौतम ने बताया कि सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक और प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र में देखा जाए तो धरातल पर रहकर काम नहीं किया है कई स्थानों पर कई स्थानों पर पुल निर्माण नहीं कराए तो कहीं पुलिया निर्माण नहीं सेवासनी मार्ग और ऐसे कई गांव के रास्ते हैं जहां बड़े-बड़े गड्ढे बन रहे हैं जमनिया गांव में भी रोड का निर्माण नहीं होने से वहां ग्रामीण आना-जाना नहीं कर पा रहे हैं कुल मिलाकर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर चौधरी घोषणा वीर रहे उन्होंने करोड़ों की घोषणाएं ऐसे ही कर डाली परंतु धरातल पर आप जाकर देखोगे तो सांची क्षेत्र का कुछ भी विकास नहीं है। इसी प्रकार से सांची क्षेत्र में स्वास्थ सुविधाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है, मरीज उपचार के लिए परेशान होते हैं भोपाल में लोगों को उपचार कराना पड़ता है। उनसे यह पूछने पर की सांची विधानसभा क्षेत्र से आप कांग्रेस प्रत्याशी हैं यदि विधायक बनते हैं तो आपकी क्या प्राथमिकता होगी इसके जवाब में डॉक्टर गौतम ने बताया कि मैं सबसे पहले स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारूंगा इसके पश्चात सांची क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराऊंगा और इस क्षेत्र को मध्य प्रदेश में एक अलग ही पहचान दिलाऊंगा । उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ो स्थान पर निशुल्क शिविर लगाकर ग्रामीण भाई बहनों की सेवा की है, उनका मुझे अवश्य आशीर्वाद मिलेगा। मैं किसी भी कीमत पर सांची क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान, कांग्रेस नेता नारायण सिंह ठाकुर, मनोज अग्रवाल, हकीमुद्दीन मंसूरी, जावेद अहमद, फजल भाई, पूर्व सरपंच अकरम भाई, संतोष शर्मा आदि अनेक कांग्रेसी नेता भी इस मौके पर मौजूद रहे।

आप के समर्थन में आई महिला कांग्रेस के नेत्री, केजरीवाल सरकार के कामकजो पर हुई प्रभावित।

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मस्तूरी। आम आदमी पार्टी मस्तूरी में सीपत क्षेत्र की महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ महिला सीपत ब्लॉक अध्यक्ष उमा खरे आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के कामकाजो व सिद्धान्तों पर प्रभावित मस्तूरी विधानसभा प्रत्याशी धरम भार्गव के सरल सहज भाव को देखकर आम आदमी पार्टी में सदस्यता ग्रहण की है। उमा खरे को धरम भार्गव ने टोपी गमछा पहनाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एससी विंग जिला अध्यक्ष हीरो सोनवानी ,यूथ विंग जिला अध्यक्ष राकेश लोनिया, ब्लॉक अध्यक्ष मुमताज अनवर खान , यूथ विंग जिला उपाध्यक्ष लीलाधर सोनी देवरी खुर्द, मीडिया प्रभारी संदीप कुर्रे , अर्जुन सेन उपस्थित थे।

केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक श्री सुमित बेसरा ने अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्ययों की निगरानी तथा लेखा संधारित करने के दिए निर्देश

व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय लेखा के संबंध में बैठक आयोजित

रायसेन, 21 अक्टूबर 2023

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 141-भोजपुर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 142-सांची (अ.जा.) के लिए नियुक्त केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री सुमित बेसरा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यय प्रेक्षक श्री सुमित बेसरा ने आरओ, एआरओ, एईओ, व्यय निगरानी दलों सहित संबंधित अधिकारियों को अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा करने के साथ ही उनके निर्वाचन व्यय की जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने

एसएसटी, एफएसटी सहित अन्य टीमों द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई की भी जानकारी ली।

केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक श्री सुमित बेसरा ने व्यय निगरानी दलों सहित संबंधित अधिकारियों को अपने विधानसभा क्षेत्रों में सतत भ्रमण करने और अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय का निर्धारित दरों के अनुसार आकलन कर अभ्यर्थियों के संबंधित रजिस्टर में संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों के चुनाव संबंधी खर्चों पर बारीकी से निगरानी रखने और उनका सही तरीके से लेखा संधारित करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सतर्कता एवं पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांची विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और व्यय निगरानी दल के सदस्य उपस्थित थे।

अंततः भारी मशक्कत के बाद सुरेंद्र पटवा भोजपुर क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी हुए घोषित

सीएल गौर, रायसेन

रायसेन। विधानसभा चुनाव के चलते भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायसेन जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा अब पूरी तरह से कर दी गई है। शनिवार को जिले की भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से अंततः सुरेंद्र पटवा को ही भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को पहले ही कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी भोजपुर से घोषित किया है । देखना अब यह है कि भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कैसा घमासान देखने में आएगा वह तो आगामी समय ही बताया परंतु सुरेंद्र पटवा को भाजपा से टिकट मिलने के बाद भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में कड़ा मुकाबला हो गया है । बताया जा रहा है कि भारी मशक्कत के बाद सुरेंद्र पटवा का टिकट भाजपा हाईकमान द्वारा किया गया है जबकि क्षेत्र से भाजपा के कई नेता टिकट लेने के लिए लेना में लगे हुए थे परंतु उन्हें टिकट नहीं मिला है जिससे वह नाराज देखे जा रहे हैं । इस नाराजगी का फायदा कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल किस हद तक उठा सकते हैं, आगामी समय ही बताएगा। कुछ भी हो भोजपुर विधानसभा का चुनाव आसान नहीं रह गया है, एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा तब जाकर सफलता हासिल हो पाएगी। समाज की दृष्टि से देखा जाए तो भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी समाज, किरार समाज, पुरविया ठाकुर समाज, मुस्लिम समाज, ब्राह्मण समाज, कुर्मी समाज, लोधी समाज आदि बड़ी संख्या में हैं जो भी प्रत्याशी इन समाज के बोट ले लेगा वह विधानसभा क्षेत्र से सफलता हासिल कर सकता है कुछ भी हो भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में रोचक चुनावी मुकाबला हो गया है।

मल्हार में एक बार फिर चोरों ने आतंक मचा कर शासकीय शराब दुकान में चोरों ने गार्ड को बंधक बनाकर चोरी को दिया अंजाम

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। जिला के नगर पंचायत मल्हार में एक बार फिर चोरों ने आतंक मचा कर शासकीय शराब दुकान में चोरों ने गार्ड को बंधक बनाकर चोरी किया है, मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार का है जहा बीती रात्रि में इस घटना को अंजाम दिया गया है शराब दुकान में दो गार्ड ड्यूटी पर थे तभी अज्ञात चोरों द्वारा ड्यूटी पर थे दोनों गार्ड को चाकू तलवार दिखाकर नकाबपोश चोरों ने दोनों गार्ड को बंधक बनाकर चोरों ने शराब भट्टी के दीवार में सेंध लगाकर ईट निकाला इसमें पूरी तरह से कामयाब नही होने पर शराब दुकान की ताला तोड़ा साथ ही शराब भट्टी में लगे सीसी कैमरे की वायर को भी काट दिया जिससे सुराग नहीं मिल सका है चोरों ने देशी मंदिरा काउंटर से करीब 8000 रुपए और अंग्रेजी शराब काउंटर से करीब 15000 रुपए की चोरी कर वहां से फरार हो गए बिलासपुर मस्तूरी मल्हार पुलिस के साथ मस्तुरी पुलिस और आबकारी की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है